35वीं वार्षिक रिपोर्ट
35th ANNUAL REPORT
2023-24

नेशनल शेड्यूलड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन
भारत सरकार का उपक्रम

NATIONAL SCHEDULED CASTES FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION
A Government of India Undertaking

14वीं मंजिल, कोर-1 और 2, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, दिल्ली-110092
14th Floor, Core-1 & 2, SCOPE Minar, Laxmi Nagar, District Centre, Delhi-110092
फ़ोन/Phone: 011-22054392, 22054394, 22054396 फ़ैक्स/Fax: 011-22054395
ईमेल/Email: support-nsfdc@nic.in वेबसाइट/Website: www.nsfdc.nic.in

(आई एस ओ 9001:2015 प्रमाणित कंपनी)
(An ISO 9001:2015 Certified company)

35वीं वार्षिक रिपोर्ट

35th ANNUAL REPORT

2023-24

नेशनल शेड्यूलड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन

भारत सरकार का उपक्रम

NATIONAL SCHEDULED CASTES FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION

A Government of India Undertaking

(आई एस ओ 9001 :2015 प्रमाणित कंपनी)
(An ISO 9001:2015 Certified company)

14वीं मंजिल, कोर-1 और 2, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, दिल्ली-110092
14th Floor, Core-1 & 2, SCOPE Minar, Laxmi Nagar, District Centre, Delhi-110092
फ़ोन/Phone: 011-22054392, 22054394, 22054396 फ़ैक्स/Fax: 011-22054395
ईमेल/Email: support-nsfdc@nic.in वेबसाइट/Website: www.nsfdc.nic.in

विषय सूची

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
1.	कंपनी सूचना	1
2	नोटिस	2
3	अध्यक्षीय संदेश	3
4	निदेशक मंडल की रिपोर्ट	8
5	तुलन–पत्र	85
6	आय और व्यय लेखा का विवरण	86
7	नकद प्रवाह विवरण	87
8	स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	135
9	स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर प्रबंध समिति का उत्तर	153
10	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ	154
11	पंजीकृत कार्यालय और संपर्क केंद्र	155

कंपनी सूचना

निदेशक मंडल (2023–24)

श्री राजन सहगल
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
(01.09.2024 से)

श्री रजनीश कुमार जैनव
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
(01.01.2021 से 31.08.2024 तक)

श्री एस.एम. आवले
(04.06.2015 से प्रभावी)

श्री संजय पाण्डेय
(18.07.2019 से 01.04.2024 तक)

श्रीमती अंजुला सिंह माहुर
(स्वतंत्र निदेशक)
(06.12.2021 से प्रभावी)

श्री दुर्गा प्रसाद राय,
स्वतंत्र निदेशक
(29.12.2021 से प्रभावी)

श्री धम्मज्योति रामदास गजभिये
(18.12.2023 से प्रभावी)

श्री मशार वेलापुरथ
(18.12.2023 से प्रभावी)

श्रीमती सुधा केशरी
(18.12.2023 से प्रभावी)

श्रीमती गीता भारती
(18.12.2023 से प्रभावी)

श्री गुरदीप सिंह मनकटहला
(22.01.2024 से प्रभावी)

श्री बिस्वरंजन सस्मल
(09.02.2024 से प्रभावी)

श्रीमती कल्याणी चड्ढा
(27.04.2022 से 04.08.2023 तक)

सांविधिक लेखापरीक्षक

मेसर्स दविंदर पाल सिंह एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट,
एस–53, औद्योगिक एस्टेट,
फेज–2, ओखला ,
नई दिल्ली – 110020.

बैंकर्स

केनरा बैंक, दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु
एसबीआई, नई दिल्ली/कोलकाता
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
पंजाब नेशनल बैंक
आईडीबीआई
बैंक ऑफ बड़ौदा
पंजाब एंड सिंध बैंक
कोटक महिंद्रा बैंक
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक
बंधन बैंक
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड.
इंडसइंड बैंक
आईसीआईसीआई बैंक
इक्विटास स्मॉल फाइनेंशियल बैंक
एक्सिस बैंक

पंजीकृत कार्यालय

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(भारत सरकार का उपक्रम)
14वीं मंजिल, स्कोप मीनार, कोर 1 और 2,
लक्ष्मी नगर जिला केंद्र,
लक्ष्मी नगर, दिल्ली–1100092.

कंपनी सचिव

सीए अन्नु भोगल
उप महाप्रबंधक

नेशनल शेड्यूलड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन

भारत सरकार का उपक्रम

NATIONAL SCHEDULED CASTES FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION

A Government of India Undertaking

एनएसएफडीसी / सचि / 35वीं वाआबै / 306 / 4763–4774 — 24 सितंबर, 2024

नोटिस

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की 35वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) दिनांक 30.09.2024 (सोमवार) को अपराह्न 3.00 बजे पुराना सम्मेलन कक्ष, सं. 603, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, 6वीं मंजिल (ए विंग), शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110 001 में निम्नलिखित कार्यों को संपन्न करने के लिए होगीः

सामान्य कार्यः

31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निदेशक मंडल की रिपोर्ट, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, प्रबंध समिति के उत्तर और उस पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणिका प्राप्त करना, विचार करना, अपनाना और निम्नलिखित संकल्पों को संशोधन सहित अथवा बिना संशोधन (संशोधनों) के साधारण संकल्प के रूप में पारित करनाः

संकल्प किया जाता है कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निदेशक मंडल की रिपोर्ट, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, उस पर प्रबंध समिति के उत्तर और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणिका को प्राप्त किया, विचार किया और अपनाया।

कृते निदेशक मंडल के आदेशानुसार
ह०

(अन्नु भोगल)
महाप्रबंधक (कॉरपोरेट सेवाएं, सी एस आर, लेखापरीक्षा और सी पी आई ओ)

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 24 सितंबर, 2024

टिप्पणीः
बैठक में भाग लेने एवं वोट देने के लिए अधिकृत सदस्य को अपने स्थान पर किसी प्रतिनिधि को बैठक में भाग लेने के लिए एवं अपने स्थान पर परोक्षी नियुक्त करने का अधिकार है। परोक्षी को कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है (परोक्षी फार्म संलग्न है)।

14वीं मंजिल, कोर-1 और 2, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, दिल्ली-110092
14th Floor, Core-1 & 2, SCOPE Minar, Laxmi Nagar, District Centre, Delhi-110092
फ़ोन/Phone: 011-22054392, 22054394, 22054396 फ़ैक्स/Fax: 011-22054395
ईमेल/Email: support-nsfdc@nic.in वेबसाइट/Website: www.nsfdc.nic.in

दिनांक 30 सितंबर, 2024 को आयोजित एनएसएफडीसी की 35वीं वार्षिक आम बैठक में अध्यक्षीय संदेश

प्रिय सदस्यगण ,

निदेशक मंडल की ओर से, मैं आपको निगम की 35वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूँ। मैं इस विशिष्ट अवसर पर अपना बहुमूल्य समय देने हेतु आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

आप सभी सदस्यों को दिनांक 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों के साथ निदेशक मंडल की रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे को पहले ही परिचालित कर दिया गया है और आपकी अनुमति से, मैं इसे पढ़ा हुआ समझूँगा।

दिनांक 31 मार्च, 2024 तक, आपके निगम की प्राधिकृत अंश पूंजी रु.1800.00 करोड़ और प्रदत्त पूंजी रु.1515.00 करोड़ थी।

प्रमुख उपलब्धियाँ

1. **ऋण योजनाएँ:**

   वर्ष के दौरान, आपके निगम ने योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी/चैनलाइजिंग एजेंसी को रु.850.12 करोड़ के प्रस्तावों को मंजूरी दी। वर्ष के दौरान, आपके निगम ने 85,372 लाभार्थियों को लाभांवित करने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी/ चैनलाइजिंग एजेंसी को 100% (समझौता–ज्ञापन के तहत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य) के लक्ष्य की तुलना में रु.714.45 करोड़ अर्थात् उपलब्ध कुल निधियों का 97.56% वितरित किया।

2. **राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी/चैनलाइजिंग एजेंसी द्वारा कवर नहीं किए गए राज्यों में सा–धन के माध्यम से अग्रगामी योजना:**

   वर्ष के दौरान, बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलावा अग्रगामी परियोजना हेतु कुछ और राज्यों की पहचान की गई। बोर्ड की मंजूरी के बाद एनबीएफसी–एमएफआई के माध्यम से वित्तपोषणार्थ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, असम, त्रिपुरा और गुजरात को शामिल किया गया। सूचीबद्ध किए गए चार एनबीएफसी–एमएफआई को रु.40.00 करोड़ की राशि आवंटित की गई। तीन एनबीएफसी–एमएफआई को रु.34.18 करोड़ वितरित किए गए, जिनमें से 6903 लाभार्थियों के लिए रु.28.97 करोड़ का उपयोग होने की सूचना दी गई।

3. **कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम**

   वर्ष के दौरान, आपके निगम ने पीएम दक्ष योजना के अंतर्गत अनुसूचित जातियों के 30,660 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने के लिए रु.111.83 करोड़ की अनुमानित लागत से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वीकृत और कार्यान्वित किए हैं।

दिनांक 31.03.2024 तक 25 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 30,660 व्यक्तियों में से कुल 7,807 व्यक्तियों ने अपने कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे कर लिए हैं। इसके अलावा, वर्ष 2022–23 के दौरान शुरू किया गया 1,816 व्यक्तियों का प्रशिक्षण, इस वर्ष के दौरान पूरा हो गया है।

4. अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति (एनएफएससी)

अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति (एनएफएससी) योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे वित्तीय वर्ष 2005–06 के दौरान शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयोंध्संस्थानों/कॉलेजों में विज्ञान, मानविकी, सामाजिक विज्ञान में एम.फिल/पीएचडी की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता के रूप में फेलोशिप प्रदान करना है।

यह योजना ऐसे अनुसूचित जाति के छात्रों, जिन्होंने यूजीसी नेट (1,500) और संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी नेट (500) परीक्षा उत्तीर्ण की है, को प्रति वर्ष 2,000 नई फेलोशिप प्रदान करती है। ये संख्या (स्लॉट) यूजीसी और सीएसआईआर फेलोशिप के लिए सरकार की सामान्य आरक्षण नीति के तहत चुने गए अनुसूचित जाति के छात्रों की संख्या से अलग है।

यह योजना शोधार्थियों (स्कोलर्स) को उनके उच्च अध्ययन को जारी रखने के लिए अध्येतावृत्ति, आकस्मिक व्यय, एस्कॉर्ट/रीडर सहायता और मकान किराया भत्ता (एचआरए) के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

केनरा बैंक के छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति प्रबंधन संबंधी पोर्टल (एसएफएमपी) के माध्यम से पात्र शोधार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) मोड में अध्येतावृत्ति और अन्य वित्तीय घटक जारी किए जाते हैं।

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसएफडीसी) को दिनांक 01.10.2022 से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) के रूप में नियुक्त किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान, आपके निगम ने 4,169 शोधार्थियों को एनएफएससी योजना के तहत रु.199.82 करोड़ जारी किए हैं।

5. विमुक्त जनजातियों के आर्थिक सशक्तीकरण की योजना (सीड योजना)रू

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, अखिल भारतीय स्तर पर कार्यान्वित की जाने वाली विमुक्त जनजातियों के आर्थिक सशक्तीकरण की योजना (सीड योजना) के आजीविका घटक के लिए एनएसएफडीसी को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। इस योजना के लिए रु.6.00 करोड़ की राशि जारी की गई है। वर्ष 2024–25 में कार्यान्वित की जाने वाली योजना के हिस्से के रूप में, सामाजिक लामबंदी के माध्यम से विमुक्त जनजातियों के स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जाएगा।

6. समझौता–ज्ञापन के लक्ष्यों की तुलना में उपलब्धियाँ (वर्ष 2023–24)

इस वर्ष, लेखापरीक्षित आंकड़ों के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए समझौता–ज्ञापन स्कोर 72.29 है, जो सार्वजनिक उद्यम विभाग के मूल्यांकन ढांचे के तहत 'बहुत अच्छा' श्रेणी के अनुरूप है।

7. विशेष पहलें

आपके निगम ने अपनी गतिविधियों को और व्यापक तथा सुदृढ़ बनाने के लिए वर्ष 2023–24 के दौरान विशेष पहलें शुरू की हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:–

7.1 पीएम सूरज कार्यक्रमः

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 13.03.2024 को हाइब्रिड मोड में वंचित वर्गों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने वर्चुअल मोड में कार्यक्रम में भाग लिया और इस पोर्टल के माध्यम से ऋण के लिए आवेदन करने वाले लक्षित समूह को संपूर्ण समाधान प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम–सूरज) पोर्टल का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का समन्वय आपके निगम द्वारा किया गया।

7.2 अन्य मंत्रालयों के साथ अभिसरण की पहलः

वर्ष के दौरान एनएसएफडीसी ने ग्रामीण विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय आदि जैसे अन्य मंत्रालयों की योजनाओं के साथ अपनी ऋण योजनाओं के अभिसरण की प्रक्रिया शुरू की। इस प्रयास से हमारी लक्षित आबादी के लिए विभिन्न मंत्रालयों की विभिन्न योजनाओं के तहत उपलब्ध विभिन्न सब्सिडी के साथ रियायती ऋण को समन्वित करने की अपेक्षा है।

7.3 कार्यशाला सह एमडीपीः

निगम ने दिनांक 27 और 28 जुलाई 2023 को टैगोर ऑडिटोरियम, स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में अपने राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी और चैनलाइजिंग एजेंसी के अधिकारियों के लिए एक कार्यशाला सह प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) का आयोजन किया गया। एनएसएफडीसी नीति के सरलीकरण, लाभार्थियों को प्रोत्साहन और वित्तीय वर्ष के अंत के बजाय पूरे वर्ष के दौरान निधि बहिर्प्रवाह (फंड आउटफ्लो) के लिए प्रस्ताव प्राप्त करने के विषय पर राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी/चैनलाइजिंग एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ उपयोगी चर्चा हुई।

7.4 राज्यों में प्रदर्शनियाँ/समग्र जागरूकता शिविरः

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने प्रमुख प्रदर्शनियों, जैसे आईआईटीएफ, प्रगति मैदान, नई दिल्लीय सूरज. कुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला, फरीदाबाद, हरियाणाय शिल्प समागम मेला (ग्वालियर, लखनऊ, दिल्ली, बंगलुरु, अमृतसर, जोधपुर), आत्मनिर्भर भारत मेला, भारत मंडपम, आईटीपीओ, दिल्ली और कारीगर हाट, कोलकाता में भाग लिया। निगम ने लखनऊ (उत्तर प्रदेश), खलीलाबाद (उत्तर प्रदेश), दिल्ली और अगरतला (त्रिपुरा) में बुनियादी स्तर पर मंत्रालय और राष्ट्रीय निगम योजना का प्रचार करने के लिए चार समग्र/जागरूकता शिविरों में भी भाग लिया।

7.5 महिला लाभार्थियों का कवरेजः

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 56,835 महिला लाभार्थियों को रु.358.91 करोड़ की रियायती वित्तीय सहायता प्रदान की है, जो 40% के मानदंड के एवज में वित्तीय और भौतिक दोनों दृष्टि से क्रमशः वर्ष के कुल संवितरण का 50.23% और कुल कवरेज का 66.57% है।

8 कॉर्पोरेट गवर्नेंस:

कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर दिशानिर्देशों के अनुपालन के आधार पर आपके निगम को सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा 'उत्कृष्ट' श्रेणी दी गई थी। कंपनी कॉर्पोरेट गवर्नेंस के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और कंपनी अधिनियम, 2013 और डीपीई द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

9 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन लाइसेंस (आईएसओ 9001:2015):

आपका निगम एक आईएसओ प्रमाणित संगठन है और आईएसओ 9001:2015 के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) प्रमाणन की सभी आवश्यकताओं के अनुरूप है।

वर्ष 2007–08 से 29.11.2022 तक, एनएसएफडीसी को बीआईएस द्वारा गुणवत्ता प्रबंधन प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इसके पश्चात, दिनांक 24.01.2023 को रॉयल इम्पैक्ट सर्टिफिकेशन लिमिटेड (आरआईसीएल) द्वारा आईएसओ 9001:2015 के अनुसार एनएसएफडीसी को गुणवत्ता प्रबंधन प्रमाणन प्रदान किया गया। उक्त प्रमाणन वार्षिक निगरानी संपरीक्षा के अधीन दिनांक 23.01.2026 तक वैध है।

10 सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली का सुदृढीकरण:

- आपका निगम परियोजनाओं, वित्त, कौशल प्रशिक्षण और अन्य विभागों से संबंधित फाइलों के डिजिटल प्रसंस्करण के लिए ई–ऑफिस का उपयोग कर रहा है। प्रधान कार्यालय और संपर्क केंद्रों पर तैनात सभी अधिकारी कार्यालयी कार्यों के लिए ई–ऑफिस का उपयोग कर रहे हैं। अधिकारी एनआईसी वेब वीपीएन के माध्यम से बाहरी नेटवर्क और दूरस्थ स्थानों से भी ई–ऑफिस का उपयोग कर रहे हैं।
- आपका निगम अपने विभिन्न विभागों जैसे वित्त, परियोजनाएं, मानव संसाधन, प्रशासन, कौशल प्रशिक्षण और अन्य विभागों के कार्यकलापों के लिए एक ईआरपी सॉफ्टवेयर विकसित करने की प्रक्रिया में है। सॉफ्टवेयर का उपयोग चैनल भागीदारों को भेजे जाने वाली स्वचालित मांग उत्पन्न करने, विभिन्न विभागों के लिए एमआईएस रिपोर्ट तैयार करने आदि के लिए किया जाएगा।
- आपका निगम एक गतिशील, दिव्यांग अनुकूल, द्विभाषी वेबसाइट का भी अनुरक्षण कर रहा है जो भारत सरकार की वेबसाइट (जीआईजीडब्ल्यू) के लिए दिशानिर्देशों के अनुरूप है। वेबसाइट एनआईसी क्लाउड सर्वर पर होस्ट की गई है जो सिक्योर सॉकेट लेयर (एसएसएल) प्रमाण–पत्र और नियमित सुरक्षा ऑडिट द्वारा सुरक्षित है।
- आपका निगम विभिन्न रिपोर्ट तैयार करने के लिए परियोजना से संबंधित डेटा हेतु इन–हाउस तैयार मॉड्यूल में डेटाबेस का अनुरक्षण करता है। विभिन्न वायरस, स्पाइवेयर, एडवेयर और अन्य दुर्भावनापूर्ण प्रोग्रामों के खिलाफ डेटा, हार्डवेयर और नेटवर्क की व्यापक सुरक्षा के लिए, आपके निगम ने एंटीवायरस सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया है, जिसे समय–समय पर अद्यतन किया जाता है। रिपोर्ट वर्ष के दौरान आईटी उपकरणों के सुदृढ़ीकरण के लिए, पीसी, सहायक उपकरण खरीदे गए।

11 भावी योजना

आपका निगम आर्थिक विकास में तेजी लाने और आय बढ़ाने के लिए लक्ष्य समूह की सहायता करने के लिए ऋण प्रदान करने में चुनौतियों का सामना करने के लिए अभिनव दृष्टिकोण का उपयोग करेगा। लक्ष्य समूह को सहायता प्रदान करने के लिए आर्थिक गतिविधियों, व्यावसायिक/तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास पर अधिक ध्यान दिया जाएगा, जिससे रोजगारपरकता बढ़ेगी। भौगोलिक दृष्टि से, मुख्य रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जहां लक्ष्य समूह की बाहुल्यता है, विशेष रूप से देश

के आकांक्षी जिलों में। आपका निगम चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य विकास भागीदारों के साथ मौजूदा सहयोगात्मक संबंधों को बनाए रखेगा और इसके साथ अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बहु–आयामी रणनीति का पालन करेगा और साथ ही अन्य मंत्रालयों की योजनाओं के साथ अभिसरण करेगा।

आभार

कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से, मैं आपकी सतत सहायता और बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूँ। मैं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को उनके निरंतर सहायता और सहयोग के आभार व्यक्त करता हूँ। मैं निदेशक मंडल का उनके निरंतर परामर्श और उत्साहवर्धन के लिए उनकी सहायता की सराहना और आभार व्यक्त करता हूँ। मैं भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, लोक उद्यम विभाग, राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों से प्राप्त सहायता के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूँ। मैं विभिन्न राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों, चौनल भागीदारों जिसमें विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी–सूक्ष्म वित्त संस्थानों, कौशल प्रशिक्षण संस्थानों आदि शामिल हैं से प्राप्त सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं निगम के सभी कर्मचारियों के निष्ठापूर्वक प्रयासों के लिए भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिनकी वजह से हम उच्च लक्ष्य प्राप्त कर सके। मैं इस यात्रा में सभी हितधारकों (स्टेकहोल्डरों) के सतत् सहयोग की आशा करता हूँ।

ह.

(राजन सहगल)

अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

स्थान : दिल्ली

दिनांक : 30.09.2024

निदेशक मंडल की रिपोर्ट (2023–24)

आपके निगम की 35वीं वार्षिक आम बैठक में, मैं आपका स्वागत करता हूँ। वार्षिक आम बैठकें, लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा लेखों पर नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षकों की अभ्युक्तियों के साथ आपके निगम की प्रगति पर चर्चा करने के लिए एक अवसर है।

1. निगम की रूपरेखा

आपका निगम, नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के रूप में भारत सरकार द्वारा दिनांक 08 फरवरी, 1989 को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा–25 (अब कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन धारा–8) के अंतर्गत 'लाभ–निरपेक्ष कंपनी' के रूप में स्थापित किया गया था। इसने दिनांक 09.04.2001 तक अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति दोनों लक्ष्य समूहों की आवश्यकताओं को पूरा किया है। निगम का, दिनांक 10.04.2001 को, जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति लक्ष्य समूह के लिए नेशनल शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के सृजन के कारण द्विभाजन हुआ। इस द्विभाजन के परिणामस्वरूप, आपका निगम अब पूर्णतः अनुसूचित जाति के लक्ष्य समूह की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

1.1 दृष्टि

अनुसूचित जाति के पात्र व्यक्तियों के सामाजिक–आर्थिक विकास के माध्यम से व्यवस्थित प्रकार से गरीबी को कम करने के लिए चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य विकास भागीदारों के साथ प्रभावी, उत्तरदायी और सहयोगात्मक तरीके से प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना।

1.2 लक्ष्य

वित्तीय सहायता के प्रवाह में सुधार और कौशल विकास एवं अन्य नवीन पहलों के माध्यम से अनुसूचित जातियों की समृद्धि को बढ़ावा देना।

1.3 उद्देश्य

आपके निगम के संस्था के ज्ञापन–पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन) में, प्राप्त किए जाने वाले निम्नलिखित मुख्य उद्देश्यों की सूची दी गई है :

(i) अनुसूचित जाति की आबादी के लिए ट्रेडों और अन्य महत्वपूर्ण आर्थिक क्रियाकलापों की पहचान करना।

(ii) अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के कौशल और उनके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली प्रक्रियाओं को उन्नत बनाना।

(iii) छोटे, कुटीर और ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देना।

(iv) अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के उत्थान और आर्थिक कल्याण के लिए विशेष कार्यक्रमों को वित्त पोषित करना।

(v) अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के आर्थिक कल्याण के लिए उनके वित्तीय सहायता के प्रवाह में सुधार करना।

(vi) लक्ष्य समूह को अपनी परियोजना स्थापित करने के लिए परियोजना तैयार करने, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के लिए सहयोग प्रदान करना।

(vii) भारत और विदेश में पूर्णकालिक व्यावसायिक/ तकनीकी पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति के पात्र छात्रों को ऋण प्रदान करना।

(viii) पात्र युवाओं को भारत में वोकशनल (व्यावसायिक) शिक्षा और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में अध्ययन करने के बाद कौशल और नियोजनीयता में वृद्धि करने के लिए ऋण प्रदान करना।

उपर्युक्त उद्देश्यों के अनुसरण में, आपका निगम राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य चैनल भागीदारों के माध्यम से अनुसूचित जातियों के लाभार्थियों को विभिन्न ऋण–आधारित योजनाओं के अंतर्गत रियायती ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान करने और लक्षित समूहों को सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न ऋणेतर आधारित योजनाओं को भी कार्यान्वित कर रहा है।

1.4 प्राधिकृत और प्रदत्त अंश पूँजी

वर्ष के दौरान आपके निगम की अधिकृत अंश पूंजी में रु.300.00 करोड़ की वृद्धि की गई है। वित्तीय वर्ष 2023–24 के अंत में, अधिकृत अंश पूंजी रु.1800.00 करोड़ है। भारत सरकार ने इक्विटी समर्थन के लिए वर्ष के दौरान रु.15.00 करोड़ जारी किए। वित्तीय वर्ष के अंत में संचयी प्रदत्त अंश पूंजी रु.1515.00 करोड़ है।

1.5 संगठन की संरचना

आपके निगम के कार्यालयाध्यक्ष अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक हैं, जिन्हे दो मुख्य महाप्रबंधक, तीन महाप्रबंधक तथा वरिष्ठ कार्यपालकों की टीम द्वारा सहायता मिलती है। दिनांक 31.03.2024 के अनुसार, आपके निगम में 79 कर्मचारी हैं। परियोजना, वित्त, मानव संसाधन, प्रशासन विभाग के अलावा निगमित सेवाएं, आंतरिक लेखापरीक्षा, समन्वय, सतर्कता, विधि, एमआईएस, कौशल प्रशिक्षण, निगमित सामाजिक दायित्व, आरटीआई, आईएसओ, रिकार्ड प्रबंधन और राजभाषा कक्ष जैसे अन्य विभाग/कक्ष हैं। जहां तक आपके निगम के संचालन का संबंध है, परियोजना विभाग में तैनात डेस्क–प्रभारियों को विशिष्ट राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का कार्यभार सौंपा गया है जहां वे राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), सहकारी बैंकों, सहकारी समितियों, अन्य संस्थान और लास्ट माइल फाइनेंसर यानी पिछड़े क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे एनबीएफसी–एमएफआई के माध्यम से एनएसएफडीसी योजनाओं का कुशल कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करते हैं। परियोजना विभाग के अलावा, विशेष रूप से प्रशिक्षण विभाग को लक्ष्य समूह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित कार्य सौंपा गया है।

संगठन चार्ट **अनुलग्नक–I** में दर्शाया गया है।

1.6 संपर्क केंद्र

आपके निगम के चार संपर्क केंद्र हैं, जो संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य चैनल पार्टनरों से संपर्क रखते हैं और संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग करते हैं। संपर्क केंद्रों के स्थल और उनके क्षेत्राधिकार नीचे दिए जा रहे हैं :

क्रम सं.	संपर्क केंद्र	क्षेत्राधिकार
(i)	बैंगलूरू	तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और पुद्दुचेरी
(i)	मुंबई	महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, गोवा, दमन और दीव, दादरा नगर हवेली
(iii)	कोलकाता	ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर,मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम
(iv)	लखनऊ	मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड

दिल्ली और चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्रों की निगरानी सीधे प्रधान कार्यालय से की जा रही है।

1.7 चैनल वित्त प्रणाली

(i) आपका निगम संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा नामित पूरे देश के 38 राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की चैनलाइजिंग एजेंसियों के नेटवर्क के माध्यम से लक्ष्य समूह को विभिन्न ऋण और ऋणेत्तर सुविधाएं देता है, जिन्हें संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा नामित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, आपके निगम ने योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, गैर–बैंकिंग वित्त कंपनियों – सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (एनबीएफसी–एमएफआई) और अन्य संस्थाओ को वैकल्पिक चैनल के रूप में स्थापित किया है। वर्तमान में दिनांक 31.03.2024 को आपके निगम के पास 63 **(पीएसबी और आरआरबी के एकीकरण के बाद)** वैकल्पिक चैनलाइजिंग एजेंसियां हैं।

(ii) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र–वार राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों की सूची **अनुलग्नक–II (क) और (ख)** पर दी गई है।

(iii) स्थानीय आवश्यकताओं, पात्र आवेदकों की पहचान और लाभार्थियों के चयन, ऋणी के साथ प्रलेखन, योजनाओं का कार्यान्वयन तथा लाभार्थियों से ऋण की वसूली पर आधारित परियोजना प्रस्तावों की तैयारी एवं प्रायोजन, राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में है।

1.8 निधियों का नोशनल आबंटन

आपका निगम, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के आरंभ में, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की अनुसूचित जाति की जनसंख्या के अनुपात में राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को निधियाँ नोशनल रूप से आबंटित करता है।

1.9 निधियों के संवितरण के लिए मानक (नॉर्म्स)

1.9.1 राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों के मानक

राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को निधियों की निर्मुक्ति करने से पहले, निम्नलिखित मानकों पर विचार किया जाता है:

- **गारंटी:**

  राज्य सरकार की गारंटी/बैंक गारंटी/राज्य सरकार के आदेशों/राज्य सरकार के आश्वासनों की पर्याप्त उपलब्धता।

- **उपयोगिता स्तर:**

  फरवरी माह के अंत तक, संवितरण के लिए पूर्ववर्ती माह के अंत तक पहले से संवितरित निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए तथा मार्च माह में निधियों के संवितरण के लिए पूर्ववर्ती दिन के अंत में संचयी निधियों का उपयोग स्तर 80% होना चाहिए।

- **देयों की चुकौती:**

  एक वर्ष से अधिक कोई अतिदेय राशि नहीं होनी चाहिए।

उक्त मानदंडों का ऋण योजनाओं में संवितरण के मामले में पालन किया जाता है। जहां तक 01.12.2009 से आरंभ शिक्षा ऋण योजना का संबंध है, शिक्षा ऋण की मंजूरी के समय राज्य सरकार गारंटी की उपलब्धता और एक वर्ष से अधिक पुराना अतिदेय का न होना सुनिश्चित किया जाता है।

1.9.2 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी)/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) के लिए मानक

एनएसएफडीसी की ऋण नीति के अनुसार, पीएसबी और आरआरबी (चैनलाइजिंग एजेंसियों) को एनएसएफडीसी से निधियों के संवितरण हेतु पात्र बनने के लिए कुछ मानक पूरे करने होते हैं। ये मानक नीचे दिए गए हैं :

- मांग के भुगतान के समय पूर्व संवितरण की कोई अतिदेय राशियाँ नहीं होनी चाहिए।
- फरवरी माह के अंत तक, संवितरण के लिए पूर्ववर्ती माह के अंत तक पहले से संवितरित निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए तथा मार्च माह में निधियों के संवितरण के लिए पूर्ववर्ती दिन के अंत में संचयी निधियों का उपयोग स्तर 80% होना चाहिए।
- उपर्युक्त के अलावा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा अपने पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखों के आधार पर निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा :

  (क) संवितरण के वर्ष से पिछले 6 वर्षों में से कम–से–कम 3 वर्षों के दौरान निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 15% से कम होनी चाहिए।

  (ख) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) संवितरण के वर्ष से पिछले 6 वित्तीय वर्षों में से कम से कम 3 वर्षों के दौरान लाभ (निवल लाभा) में होना चाहिए।

  (ग) किसी विनियामक निकाय का चूककर्ता नहीं होना चाहिए।

  (घ) समामेलित/विलय वाली संस्थाओं के मामले में, संबंधित प्रायोजक बैंक के पास आरआरबी के प्रमुख भागीदार के पिछले वर्षों के एनपीए मानदंडों पर विचार किया जाएगा।

1.9.3 अन्य संगठनों के लिए मानक

सार्वजनिक क्षेत्र बैंक (पीएसबी) द्वारा एनएसएफडीसी के पक्ष में जारी एनएसएफडीसी के लिए सावधि जमा/बैंक गारंटी/उत्तर दिनांकित बहु–शहरीय (मल्टीसिटी पोस्ट डेटेड) चेक।

1.9.4 एनबीएफसी–एमएफआई के लिए मानक

एनएसएफडीसी की ऋण नीति के अनुसार एनबीएफसी–एमएफआई (चैनलाइजिंग एजेंसियों) को एनएसएफडीसी से निधियों के संवितरण हेतु पात्र बनने के लिए कुछ मानक पूरे करने होते हैं। ये

मानक नीचे दिए गए हैं:

- पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के अंत में एक वर्ष से अधिक के लिए एनएसएफडीसी निधियों का उपयोग लंबित नहीं होना चाहिए।
- फरवरी माह के अंत तक, संवितरण के लिए पूर्ववर्ती माह के अंत तक पहले से संवितरित निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए तथा मार्च माह में निधियों के संवितरण के लिए पूर्ववर्ती दिन के अंत में संचयी निधियों का उपयोग स्तर 80% होना चाहिए।
- संवितरण के समय एनएसएफडीसी को अतिदेय राशि देय नहीं होनी चाहिए।
- एनबीएफसी–एमएफआई को संवितरण प्रतिभूति की निम्नांकित शर्तों के अधीन होगाः–
    - क्लस्टर मोड के अंतर्गत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) से गारंटी संवितरित की जाने वाली धनराशि के समतुल्य या उत्तर दिनांकित चेकों (पीडीसी) के रूप में 50% और पीएसबी से 50% सावधि जमा के रूप में हो। संवितरित की जाने वाली धनराशि के 50% के समतुल्य एक पीडीसी अदिनांकित चेक हो।
    - गैर–क्लस्टर मोड के अंतर्गत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक से संवितरित की जाने वाली धनराशि के समतुल्य गारंटी/सावधि जमा या 50% तक संबंधित संपत्ति मालिक (मालि. कों) की व्यक्तिगत/कॉरपोरेट गारंटी के साथ–साथ आवासीय/वाणिज्यिक संपत्ति के बंधक के रूप में और शेष पीएसबी से गारंटी/सावधि जमा के रूप में होनी चाहिए।

1.9.5 सहकारी बैंकों के लिए मानक

एनएसएफडीसी की ऋण नीति के अनुसार सहकारी बैंकों (चैनलाइजिंग एजेंसियों) को एनएसएफडीसी से निधियों के संवितरण हेतु पात्र बनने के लिए कुछ मानक पूरे करने होते हैं। ये मानक निम्नानुसार हैं :

- संवितरण के समय एनएसएफडीसी को अदायगी योग्य कोई अतिदेय नहीं होना चाहिए।
- परियोजना आधारित योजनाओं के अंतर्गत फरवरी माह के अंत तक, संवितरण के लिए पूर्ववर्ती माह के अंत तक पहले से संवितरित निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए तथा मार्च माह में निधियों के संवितरण के लिए पूर्ववर्ती दिन के अंत में संचयी निधियों का उपयोग स्तर 80% होना चाहिए।

उपर्युक्त के अलावा, सहकारी बैंकों द्वारा अपने पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखों के आधार पर निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा :

- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) की पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 5% से कम होनी चाहिए।

  अथवा

  पिछले 05 वित्तीय वर्षों का औसत निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 5% से कम होनी चाहिए। इसके अलावा, चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) का निवल एनपीए इन 05 वर्षों में से, कम से कम 03 वर्षों के लिए प्रत्येक वर्ष 5% से कम होना चाहिए।

  चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) का पिछले तीन वर्षों में लगातार लाभ होने का ट्रैक रिकार्ड होना चाहिए।

अथवा

चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) को पिछले 05 वित्तीय वर्षों में से कम से कम किसी भी 03 वित्तीय वर्षों में लाभ में होना चाहिए।

- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) को किसी भी विनियामक निकाय का चूककर्ता नहीं होना चाहिए।
- सहकारी बैंक के संबंध में वित्त पोषण संगठन की संतोषजनक साख राय (क्रेडिट ओपिनियन) रिपोर्ट।

1.9.6 सहकारी समितियों के लिए मानक

एनएसएफडीसी की ऋण नीति के अनुसार सहकारी समितियों (चैनलाइजिंग एजेंसियों) को एनएसएफडीसी से निधियों के संवितरण हेतु पात्र बनने के लिए कुछ मानक पूरे करने होते हैं। ये मानक नीचे दिए गए हैं:

- ◈ संवितरण के समय एनएसएफडीसी को अदायगी योग्य कोई अतिदेय नहीं होना चाहिए।
- ◈ परियोजना आधारित योजनाओं के अंतर्गत फरवरी माह के अंत तक, संवितरण के लिए पूर्ववर्ती माह के अंत तक पहले से संवितरित निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए तथा मार्च माह में निधियों के संवितरण के लिए पूर्ववर्ती दिन के अंत में संचयी निधियों का उपयोग स्तर 80% होना चाहिए।
- ◈ उपरोक्त के अलावा, सहकारी समितियों द्वारा अपने पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखों के आधार पर निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा:

- सहकारी समिति की शेयर पूंजी में केंद्र/राज्य सरकार को हित धारक होना चाहिए।
- केंद्र/राज्य सरकार को सहकारी समिति के निदेशक मंडल/शासकीय निकाय में सदस्यों का नामित करना चाहिए।
- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) की पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 5% से कम होनी चाहिए।

अथवा

पिछले 05 वित्तीय वर्षों का औसत निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 5% से कम होनी चाहिए। इसके अलावा, चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) की निवल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) इन 05 वर्षों में से, कम से कम 03 वर्षों के लिए प्रत्येक वर्ष 5% से कम होनी चाहिए।

- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) का पिछले तीन वर्षों में लगातार लाभ होने का ट्रैक रिकार्ड होना चाहिए।

अथवा

चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) को पिछले 05 वित्तीय वर्षों में से कम से कम किसी भी 03 वित्तीय वर्षों में लाभ में होना चाहिए।

- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) की क्रिसिल के 'ए' के समकक्ष पर्याप्त सुरक्षा के साख की रेटिंग होनी चाहिए।
- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) को किसी भी विनियामक निकाय का चूककर्ता नहीं होना चाहिए।
- चैनलाइजिंग एजेंसी (एजेंसियों) को पिछले तीन वर्षों में किसी बाह्य ऋण के पुनर्भुगतान का

चूककर्ता या किसी कॉर्पोरेट ऋण का पुनर्गठन नहीं करना चाहिए।

- सहकारी समिति के संबंध में वित्त पोषण संगठन की संतोषजनक साख राय (क्रेडिट ओपिनियन) रिपोर्ट होनी चाहिए।

1.10 आवेदकों का पात्रता मानदंड

एनएसएफडीसी की योजनाओं के अंतर्गत शामिल होने के लिए आवेदकों के पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं :

(i) आवेदक अनुसूचित जाति समुदाय का होना चाहिए।

(ii) ऋण आधारित योजनाओं के अंतर्गत आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय रु.3.00 लाख तक (दिनांक 08.03.2018 से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए) होनी चाहिए।

वार्षिक पारिवारिक आय मानदंड, कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए लागू नहीं होगा। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत राशि को भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के मानदंडों के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

1.11 महिला लाभार्थियों के समावेशन के लिए मानदंड

आपका निगम अपनी योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक महिला लाभार्थियों को शामिल करने पर बल देता है। अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए सरकारी कार्यक्रमों/योजनाओं के अभिमुखीकरण और समन्वय पर टास्क फोर्स की अनुशंसा के परिणामस्वरूप, आपके निगम में वित्तीय और प्रत्यक्ष दोनों रूप से 40% महिला लाभार्थियों को शामिल करने के लिए मानदंड तैयार किए हैं।

1.12 निगम की योजनाएं

आपके निगम की लाभार्थियों को वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न ऋण आधारित और गैर–ऋण आधारित योजनाएं हैं। लाभार्थियों को कृषि और समवर्गी क्षेत्र, लघु उद्योगों और परिवहन क्षेत्रों सहित सेवाओं के अंतर्गत विभिन्न आर्थिक क्रियाकलापों के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। आपका निगम उच्च शिक्षा लेने और व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण लेने के लिए भी ऋण प्रदान करता है।

आपके निगम द्वारा राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों और चैनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से लक्ष्य समूह के लिए वित्तपोषित योजनाओं के विवरण निम्नानुसार है :

1.12.1 ऋण आधारित योजनाएं

आपके निगम ने पिछले कुछ वर्षों में अपने लक्षित समूह के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए विभिन्न योजनाएं तैयार की हैं जिनमें महिला समृद्धि योजना, लघु ऋण वित्त (माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस), सुविधा ऋण, उत्कर्ष ऋण, शिक्षा ऋण योजना, आजीविका माइक्रोफाइनेंस योजना और उद्यम निधि योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के तहत, 2% से 5% प्रति वर्ष तक की रियायती ब्याज दरों पर ऋण प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा, एससीए/सीए को विभिन्न योजनाओं के तहत उपरोक्त ब्याज दरों में 4% (आजीविका माइक्रोफाइनेंस योजना के मामले में 10% और उद्यम निधि योजना के मामले में 8% को छोड़कर) जोड़ने और लाभार्थियों से ब्याज प्रभारित करने की अनुमति है।

श्रीमती एम.के.लझर, चित्तौड, आंध्र प्रदेश ने सप्तगिरी ग्रामीण बैंक के माध्यम से एनएसएफडीसी की लघु व्यवसाय योजना के अंतर्गत टेलरिंग और कपड़े की दुकान के लिए ऋण लिया है

1.12.1(क) यूनिट लागत, एनएसएफडीसी का अंश और ब्याज दरें

क्र.सं.	योजना	परियोजना की लागत	अधिकतम ऋण सीमा परियोजना लागत का 90% तक	प्रति वर्ष ब्याज दर	
				सीए	लाभार्थी
एससीए/पीएसबी/आरआरबी के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली योजनाएं					
(i)	महिला समृद्धि योजना (एमएसवाई)	रु.1.40 लाख तक	रु.1.25 लाख	2%	6%
(ii)	माइक्रो–क्रेडिट फाइनेंस (एमसीएफ)	रु.1.40 लाख तक	रु.1.25 लाख	2.5%	6.5%
(iii)	सुविधा ऋण	रु.10.00 लाख तक	रु.09.00 लाख	4%	8%
(iv)	उत्कर्ष ऋण	रु.10.00 लाख से अधिक और रु.50.00 लाखे तक	रु.45.00 लाख	5%	9%
शिक्षा ऋण					
(v)	शिक्षा ऋण योजना (ईएलएस)	भारत में अध्ययन के लिए, रु.30.00 लाख तक या पाठ्यक्रम शुल्क का 90%, जो भी कम हो		2% (पुरुष) 1.5% (महिला)	6% (पुरुष) 5.5% (महिला)
		विदेश में अध्ययन के लिए रु.40.00 लाख तक या पाठ्यक्रम शुल्क का 90%, जो भी कम हो		3% (पुरुष) 2.5% (महिला)	7% (पुरुष) 6.5% (महिला)
एनबीएफसी–एमएफआई के माध्यम से कार्यान्वित की जाने वाली योजना					
(vi)	आजीविका माइक्रोफा. इनेंस योजना (एएमवाई)	रु.1.40 लाख तक	रु.1.25 लाख	5%	15%
सहकारी समितियों/सहकारी बैंकों के माध्यम से कार्यान्वित की जाने वाली योजना					
(vii)	उद्यम निधि योजना (यूएनवाई)	रु.5.00 लाख तक	रु.4.50 लाख	5%	13%

नोटः एनएसएफडीसी बोर्ड ने दिनांक 25.08.2023 को आयोजित अपनी 165वीं बोर्ड बैठक में एससीए/सीए के लिए एनएसएफडीसी की ऋण नीति में संशोधन, अर्थात योजनाओं का युक्तिकरण, ब्याज दरों में बदलाव, उपयोग अवधि और स्थगन अवधि में कमी को मंजूरी दे दी है।

1.12.1(ख) वित्त के साधन

आपके निगम की ऋण नीति के अनुसार, निगम (एनएसएफडीसी) इकाई लागत का 90% तक ऋण प्रदान करता है। चैनलाइजिंग एजेंसियाँ और/या प्रमोटर परियोजना की लागत की शेष राशि प्रदान करते हैं।

श्रीमती राधा जॉय, एर्नाकुलम, केरल ने ड्राइविंग स्कूल के लिए दिनांक 12.04.2024 को केरल राज्य महिला विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से एनएसएफडीसी की लघु व्यवसाय योजना के अंतर्गत ऋण लिया।

1.12.1(ग) प्रवर्तक का अंशदान

परियोजना में प्रवर्तक (प्रमोटर) की हिस्सेदारी और योगदान के लिए प्रति इकाई रु. 1.00 लाख से अधिक लागत की मियादी ऋण परियोजनाओं के अंतर्गत प्रवर्तक (प्रमोटर) को अंशदान नीचे दिए विवरण के अनुसार बल दिया जाता है :

क्र. सं.	परियोजना/प्रति इकाई लागत	परियोजना लागत के प्रतिशत के रूप में प्रवर्तक का कम से कम अंशदान
(i)	रु.1.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	बल नहीं दिया जाता
(ii)	रु.1.00 लाख से अधिक तथा रु.5.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	2%
(iii)	रु.5.00 लाख से अधिक तथा रु.10.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	3%
(iv)	रु.10.00 लाख से अधिक तथा रु.50.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	5%

1.12.1(घ) लाभार्थियों को आर्थिक सहायता (सब्सिडी)

शिक्षा ऋण योजना को छोड़कर, सभी योजनाओं में राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार को जारी की गई अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के लिए विशेष केंद्रीय सहायता से रु.50,000/– की दर से अथवा इकाई लागत का 50%, जो भी कम हो, की आर्थिक सहायता (सब्सिडी) गरीबी रेखा से नीचे आय वाले (बीपीएल) लाभार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जाती है। शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकित लाभार्थी (12वीं कक्षा के बाद) मोरेटोरियम अवधि के दौरान ब्याज सब्सिडी के भी पात्र हैं, जोकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए

केंद्रीय ब्याज सब्सिडी की योजना के अंतर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।

1.12.1(ङ) विलंबन काल (मोरेटोरियम)

लाभार्थियों को ऋण संवितरण के बाद मूलधन की अदायगी के लिए विलंबन काल (अदायगी अवधि छूट) दिया जाता है ताकि लाभार्थी अपने व्यवसाय क्रियाकलापों में मजबूती से खड़े हो सकें। तथापि, ब्याज राशि के भुगतान के लिए विलंबन काल नहीं दिया जाता है। योजना–वार विलंबन अवधि नीचे दी जा रही है :

योजना	विलंबन काल (मोरेटोरियम)
➢ महिला समृद्धि योजना	3 महीने
➢ माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस	3 महीने
➢ सुविधा ऋण	वृक्षारोपण और निर्माण गतिविधियों को छोड़कर 6 महीने, जिसके लिए 12 महीने का समय होगा
➢ उत्कर्ष ऋण	वृक्षारोपण और निर्माण गतिविधियों को छोड़कर 6 महीने, जिसके लिए 12 महीने का समय होगा
➢ शिक्षा ऋण योजना (ईएलएस)	पाठ्यक्रम पूरा होने या रोजगार मिलने के 6 महीने बाद, जो भी पहले हो
➢ आजीविका माइक्रोफाइनेंस योजना (एएमवाई)	3 महीने
➢ उद्यम निधि योजना (यूएनवाई)	3 महीने

1.12.1(च) ऋण अदायगी अवधि

ऋण अदायगी अवधि मोटे तौर पर नकदी प्रवाह अर्जन के मूल्यांकन, परियोजना परिसंपत्ति का जीवन–काल एवं परियोजना की गेस्टेशन (परिपक्वता) अवधि के आधार पर निश्चित की जाती है। विभिन्न योजनाओं और क्रियाकलापों के अंतर्गत ऋण अदायगी अवधियां नीचे दी जा रही हैं :

योजनाएं	ऋण अदायगी अवधि
महिला समृद्धि योजना	3 वर्ष के भीतर
माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस	3 वर्ष के भीतर
सुविधा ऋण	5 वर्ष के भीतर
उत्कर्ष ऋण	7 वर्ष के भीतर
शिक्षा ऋण योजना (ईएलएस)	रु.10.00 लाख तक के ऋण के लिए 10 वर्ष के भीतर रु.10.00 लाख से अधिक के ऋण के लिए 12 वर्ष के भीतर
आजीविका माइक्रोफाइनेंस योजना (एएमवाई)	3 साल के भीतर
उद्यम निधि योजना (यूएनवाई)	5 साल के भीतर

1.12.1(छ) दूसरी बार ऋण सुविधा

लाभार्थी, यदि उन्होंने एनएसएफडीसी की किसी भी योजना के अंतर्गत पहली बार ऋण लिया है, तो निर्धारित अवधि में पूरी ऋण राशि की अदायगी करने के पश्चात, आपके निगम की किसी भी योजना के अंतर्गत निम्नलिखित दो शर्तों के अधीन ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र हैं:

(क) पहले लिए गए ऋण की समय पर पूरी अदायगी हो और (ख) वास्तव में सृजित परिसंपत्ति तथा व्यापार के सफलतापूर्वक चलने की फील्ड रिपोर्ट प्रस्तुत की हो।

1.12.1(ज) वित्तपोषित परियोजनाओं की क्षेत्र–वार निदर्शी सूची

विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत वित्तपोषित परियोजनाओं को चार मुख्य क्षेत्रों नामतः कृषि और समवर्गी, उद्योग, सेवा एवं परिवहन तथा शिक्षा ऋण योजना में वर्गीकृत किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत परियोजनाओं की निदर्शी सूची नीचे दी जा रही है :

कृषि एवं समवर्गी क्षेत्र	
➢ कृषि भूमि खरीद	➢ ट्रैक्टर ट्रॉली
➢ पॉली हाऊस	➢ ट्रॉली के साथ पॉवर टिल्लर
उद्योग क्षेत्र	
➢ आटा चक्की और मिर्च पिसाई चक्की	➢ फ्लाई ऐश ईंट निर्माण
सर्विस एवं परिवहन क्षेत्र	
➢ लघु उद्यम	➢ टेंट हाऊस
➢ किराना और शीतल पेय	➢ सेंटरिंग मैटीरियल
➢ मिनी होटल	➢ दवाई की दुकान
➢ मिनी सुपर बाजार	➢ चमड़े की चप्पल उत्पादन इकाई
➢ कंक्रीट मिश्रण	➢ लेजर और स्क्रीन के साथ डीटीपी
➢ इंटरनेट के साथ जीरॉक्स मशीन	➢ वकील कार्यालय
➢ मशरूम प्रसंस्करण	➢ फास्ट फूड
➢ हरित व्यवसाय (ई–रिक्शा)	➢ गेस्ट हाऊस सह–लॉज
➢ पिकअप वैन	➢ ऑटो टैक्सी
➢ सामान वाहक ऑटो ट्रॉली	➢ जीप टैक्सी
➢ टैक्सी कार	➢ लघु व्यवसाय
➢ लघु व्यवसाय (कृषि एवं समवर्गी)	➢ सामान वाहक ऑटो
	➢ सवारी ऑटो

शिक्षा ऋण योजना	
➢ इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल, मेकेनिकल इंजीयिरिंग, प्लास्टिक प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, बी.ई., बी.टेक, एम टेक इत्यादि)	➢ नर्सिंग (बी.एससी.)
➢ परिवहन डिजाइन में पी.जी. डिप्लोमा	➢ सूचना प्रौद्योगिकी (बीसीए/एमसीए)
➢ वास्तुकला (बी.आर्क)	➢ प्रबंधन (बीबीए/एमबीए)
➢ चिकित्सा (बीएएमएस/ बीएचएमएस/एमबीबीएस/एमडी)	➢ विधि (एलएलबी/एलएलएम)
➢ फार्मेसी (बी.फार्मा/एम.फार्मा)	➢ डेंटल (बीडीएस)
➢ हॉस्पिटलिटी और होटल प्रबंधन (बी.एससी.)	➢ शिक्षा (पीटीसी/बी.एड.)
➢ स्नातकोत्तर समुद्री जीव विज्ञान और जलीय कृषि	➢ डॉक्टर ऑफ मेडिसिन
➢ इंफ्रास्ट्रक्चर की सस्टेनेबल इंजीनियरिंग में मास्टर्स	➢ स्नातक प्रमाणपत्र परियोजना प्रबंधन कार्यक्रम
➢ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में परास्नातक	

1.12.2 गैर–ऋण आधारित योजनाएं

एनएसएफडीसी दिनांक 11.12.2023 को हरियाणा में प्रायोजित 'सीएनसी टर्निंग प्रशिक्षण में प्रमाण–पत्र' पाठ्यक्रम।

1.12.2(क) कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

- आपका निगम परिधान, इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर व फिटिंग्स, चर्मोद्योग, रबड़ और पेट्रो–रसायनों, वस्त्र, टेलीकॉम, पूंजीगत वस्तु, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प और कारपेट, यंत्रीकरण तथा स्वचालन, घरेलू सहायक, ब्यूटी एवं वैलनेस, जीव विज्ञान, ऊर्जा, खेल–कूद और शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, निर्माण, पर्यटन और आतिथ्य सेवा, मीडिया और मनोरंजन, अवसंरचना इत्यादि नियोजन योग्य क्षेत्रों में लक्ष्य समूह के व्यक्तियों हेतु कौशल विकास कार्यक्रम प्रायोजित करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तकनीकी कौशल के अलावा सॉफ्ट कौशल का भी प्रशिक्षण दिया जाता है।

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2020–21 से अपने लक्षित समूह के लिए अन्य बातों के साथ–साथ, 18–45 वर्ष की आयु के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को बिना किसी आय मानदंड के कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री–दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही (पीएम–दक्ष) योजना, केंद्रीय क्षेत्र योजना शुरू की है। एनएसएफडीसी पीएम–दक्ष योजना के तहत कार्यान्वयन एजेंसियों में से एक है और अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (एसडीटीपी) प्रायोजित करता है। एसडीटीपी को साल–दर–साल सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा चुने गए प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से लागू किया जा रहा है। पीएम–दक्ष योजना के अंतर्गत चार प्रकार के एसडीटीपी हैं : अर्थात् (i) अप–स्किलिंग/री–स्किलिंग जिसकी अवधि सामान्यतः 35–60 घंटे/5 से 35 दिन होती है, (ii) उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) जिसकी अवधि सामान्यतः 90 घंटे/15 दिन होती है, (iii) अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (एसटीटी) जिसकी अवधि सामान्यतः 300 घंटे और अधिकतम 3 महीने होती है, और (iv) दीर्घकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (एलटीटी) जिसकी अवधि सामान्यतः 650 घंटे या 7 महीने होती है।

एनएसएफडीसी द्वारा दिनांक 22.12.2023 को प्रायोजित 'स्व–नियोजित टेलर' प्रशिक्षण कार्यक्रम।

- पीएम–दक्ष योजना के तहत, प्रशिक्षुओं को (i) एसटीटी और एलटीटी कार्यक्रमों के मामले में गैर–आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आने–जाने के खर्च हेतु रु.1,500/– प्रति माह, (ii) अप–स्किलिंग/री–स्किलिंग के मामले में प्रशिक्षण अवधि के लिए वेतन हानि के लिए रु.2,500/– और (iii) ईडीपी के मामले में जलपान और आने–जाने के खर्च के लिए रु.100/– प्रतिदिन की दर से निःशुल्क प्रशिक्षण और वजीफा प्रदान किया जाता है। आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई), भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए सामान्य लागत मानदंडों (सीसीएन) के अनुसार भोजन और आवास शुल्क प्रदान किए जाते हैं।

- प्रशिक्षण कार्यक्रमों के पूरा होने और प्रशिक्षुओं के मूल्यांकन और प्रमाणन के बाद, प्रशिक्षुओं को राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनल भागीदारों के माध्यम से आपके निगम से वित्तीय सहायता के साथ अपने स्वयं के उद्यम शुरू करने के लिए प्रशिक्षण संस्थानों और/या उद्यमशीलता मार्गदर्शन के माध्यम से प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान की जाती है।

- वित्तीय वर्ष 2021–22 से पीएम–दक्ष योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संबंधी एक पीएम–दक्ष पोर्टल (www.pmdaksh.dosje.gov.in) के माध्यम से कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

1.12.2(ख) लाभार्थियों को विपणन सहायता

आपका निगम लाभार्थियों को बिक्री योग्य उत्पाद बनाने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के चयनित प्रदर्शनियों और मेलों में अपनी वस्तुओं को बेचने के लिए अवसर प्रदान करता है।

1.12.2(ग) मेले और प्रदर्शनी में लाभार्थियों को निःशुल्क स्टाल

(i) आपका निगम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों एवं मेलों में भाग लेता है एवं लाभार्थियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री हेतु निःशुल्क स्टाल उपलब्ध कराता है।

(ii) इन प्रदर्शनियों में सहभागिता से लाभार्थियों को न केवल अपने उत्पाद को बेचने बल्कि ग्राहकों, डीलरों और निर्यातकों से बातचीत करने एवं नए उत्पादों के विकास के लिए जरूरतों/आवश्यकताओं को जानने का भी अवसर मिलता है।

1.12.2(घ) लाभार्थियों को विपणन प्रशिक्षण

ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार, कारीगरों के उत्पादों के विपणन और विकास/पुनः डिजाइनिंग संबंधित विभिन्न प्रकार के आदानों को उपलब्ध कराने के लिए लाभार्थियों को विपणन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में काउंटर पर अच्छी विक्रय कला के कार्य–निवेश के साथ ग्राहकों की जरूरतों के अनुकूल उत्पादों में रूपांतर कैसे किया जाए, इस पर जोर दिया जाता है।

1.12.2(ङ) जागरूकता शिविर

आपके निगम की योजनाओं के बारे में लक्ष्य समूह के बीच जन–जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न राज्यों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों के दौरान योजनाओं के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया जाता है और आगंतुकों को निगम की योजनाओं की जानकारी संबंधी ब्रोशर और पैम्फलेट बांटे जाते हैं। सफल लाभार्थियों को निगम की योजनाओं और व्यापार संबंधी अन्य क्रियाकलापों के अंतर्गत ऋण लेने के अपने अनुभवों के बारे में जनसमूह को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

2. प्रबंधन चर्चाएं और विश्लेषण रिपोर्ट

2.1 वर्ष के दौरान उपलब्धियां

2.1.1 प्रस्तावों की स्वीकृति

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों को रु.850.12 करोड़ के प्रस्ताव स्वीकृत किए।

2.1.2 निधियों का संवितरण

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने, 85,372 लाभार्थियों को लाभांवित करने हेतु योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों को 100% के लक्ष्य (समझौता–ज्ञापन के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य) की तुलना में रु.714.45 करोड़ अर्थात् 100% उपलब्ध कुल निधियों को संवितरित किया।

2.1.2(क) योजना–वार संवितरण और शामिल लाभार्थियों के ब्योरे

वर्ष 2023–24 और उससे पूर्व वर्ष के लिए योजना–वार संवितरण और शामिल लाभार्थियों के ब्योरे नीचे दिए जा रहे हैं :

क्र.सं.	योजना	राशि (रुपए करोड़ में)		लाभार्थी (संख्या)	
		2022–23	2023–24	2022–23	2023–24
क.	**मियादी ऋण योजनाएं**				
(i)	मियादी ऋण	85.67	7.60	2760	34
(ii)	हरित व्यवसाय योजना	9.02	0.00	220	0
(iii)	उद्यम निधि योजना	50.00	70.00	5556	11482
(iv)	महिला अधिकारिता योजना	5.05	18.75	187	685
(v)	लघु व्यवसाय योजना	370.89	261.23	24270	14720
(vi)	शिक्षा ऋण योजना	5.83	9.42	139	128
(vii)	उत्कर्ष ऋण	0.00	0.73	0.00	5
(viii)	सुविधा ऋण	0.00	260.98	0.00	24533
	उप–योग (क)	526.46	628.71	33132	51587
ख.	**लघु ऋण योजना**				
(i)	लघु ऋण वित्त योजना	34.54	14.72	8186	2227
(ii)	महिला समृद्धि योजना	50.47	36.84	34630	23185
(iii)	आजीविका माइक्रोफाइनेंस योजना	24.48	34.18	8040	8373
	उप–योग (ख)	**109.49**	**85.74**	**50856**	**33785**
	सकल योग ख(क). **(ख)**,	**635.95**	**714.45**	**83988**	**85372**

* उपर्युक्त के अलावा, शिक्षा ऋण योजना (ईएलएस) को छोड़कर अन्य योजनाओं के तहत आपके निगम ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की दिनांक 8 नवंबर, 2019 की अधिसूचना संख्या आरबी. आई/2019–20/95 के अनुसार रु.1.25 लाख प्रति यूनिट तक की संवितरित निधि को सूक्ष्म वित्त ऋण के रूप में माना है। तद्नुसार, 68,810 लाभार्थियों के लिए रु.384.76 करोड़ की संवितरित निधियों को भी सूक्ष्म वित्त ऋण के रूप में माना गया है।

2.1.2(ख) संवितरण और शामिल लाभार्थियों के क्षेत्र–वार ब्योरे:

क्र.सं.	योजना	राशि (रुपए करोड़ में)		लाभार्थी (संख्या)	
		2022–23	2023–24	2022–23	2023–24
(i)	मियादी ऋण				
(क)	प्राथमिक क्षेत्र (भूमि, खरीद, सिंचाई और अन्य संबद्ध क्रियाकलाप)	9.58	0.12	289	01
(ख)	द्वितीय क्षेत्र (उद्योग)	0.00	0.00	0	0.00
(ग)	तृतीयक क्षेत्र (सर्विस व परिवहन)	76.09	7.48	2471	33
	जोड़ (क) + (ख) + (ग)	85.67	7.60	2760	34

क्र.सं.	योजना	राशि (रुपए करोड़ में)		लाभार्थी (संख्या)	
		2022–23	2023–24	2022–23	2023–24
(ii)	हरित व्यवसाय योजना	9.02	0.00	220	0.00
(iii)	उद्यम निधि योजना	50.00	70.00	5556	11482
(iv)	लघु व्यवसाय योजना	370.89	261.23	24270	14720
(v)	लघु ऋण वित्त योजना	34.54	14.72	8186	2227
(vi)	महिला समृद्धि योजना	50.47	36.84	34630	23185
(vii)	आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना	24.48	34.18	8040	8373
(viii)	शिक्षा ऋण योजना	5.83	9.42	139	128
(ix)	महिला अधिकारिता योजना	5.05	18.75	187	685
(x)	उत्कर्ष ऋण	0.00	0.73	0	5
(xi)	सुविधा ऋण	0.00	260.98	0	24533
	सकल जोड़ (i से ix)	**635.95**	**714.45**	**83988**	**85372**

2.1.2(ग) समझौता–ज्ञापन लक्ष्य की तुलना में उपलब्धियां (2023–24) (अनंतिम)

वित्त वर्ष 2023–24 के लिए समझौता ज्ञापन के समेकित लक्ष्य और उपलब्धियां अनुलग्नक–III में दी गई हैं। उपलब्धियों के अनुसार और लेखापरीक्षित आंकड़ों के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए कुल समग्र स्कोर 72.29 (अनतिम) है जो 'बहुत अच्छा' श्रेणी के अनुरूप है।

(i) प्रचालनों से राजस्व (करों का निवल)

वर्ष के दौरान, आपके निगम का प्रचालन से राजस्व (निवल) रु. 68.65 करोड़ रुपए है।

(ii) नए लाभार्थियों की कुल संख्या

वर्ष के दौरान, ऋण आधारित योजनाओं के अंतर्गत शामिल नए लाभार्थियों की कुल संख्या 85372 है।

(iii) पीएम–दक्ष (मंत्रालय योजना) के तहत प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या

वर्ष के दौरान, पीएम–दक्ष योजना के तहत प्रशिक्षित व्यक्तियों की कुल संख्या 30,660 (आरंभिक) है

(iv) राजस्व के प्रतिशत के रूप में ईबीटीडीए

वर्ष के दौरान, आपके निगम के राजस्व (निवल) के प्रतिशत के रूप में ईबीटीडीए 61.67% है।

(v) निवल परिसपंत्ति (नेट वर्थ) पर रिटर्न

वर्ष के दौरान, निवल परिसंपत्ति पर रिटर्न 2.08% है।

(vi) परिसंपत्ति कारोबार अनुपात

वर्ष के दौरान, परिसंपत्ति कारोबार अनुपात 3.23% है।

(vii) कुल उपलब्ध निधियों के लिए संवितरित ऋण

वर्ष के दौरान, आपके निगम की कुल उपलब्ध निधियों के लिए वितरित ऋण 97.56% है।

(viii) सूक्ष्म वित्त लाभार्थियों को संवितरित ऋण

वर्ष के दौरान, कुल संवितरण में सूक्ष्म वित्त लाभार्थियों को संवितरित ऋण का प्रतिशत 53. 85% है।

(xi) कुल ऋणों के लिए अतिदेय ऋण (निवल)

वर्ष के दौरान, कुल ऋण (निवल) में अतिदेय ऋण 17.84% है।

(x) कुल ऋण (निवल) का एनपीए

वर्ष के दौरान, कुल ऋण (निवल) में एनपीए 0.73% है।

(xi) भौगोलिक कवरेज (राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की संख्या)

वर्ष के दौरान, भौगोलिक कवरेज (राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की संख्या) 90.62% है।

(xii) अंतिम लाभार्थियों को लास्ट माइल तक संवितरण

वर्ष के दौरान, दिनांक 31.03.2024 तक अंतिम लाभार्थी को लास्ट माइल संवितरण कुल संवितरण का 77.30% है।

(xiii) टीआरईडीएस पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की स्वीकृति/अस्वीकृति।

वर्ष के दौरान, टीआरईडीएस पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की स्वीकृति/अस्वीकृति 'शून्य' रही।

(ix) अनुमोदित खरीद योजना के अनुसार जैम (गवर्मेंट ई–मार्केट) के माध्यम से खरीद।

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने अनुमोदित खरी योजना के अनुसार वस्तुओं और सेवाओं की कुल खरीद में से जेम पोर्टल के माध्यम से 92.30% से अधिक वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की गई है।

2.1.2 (घ) योजनावार/क्षेत्रवार संवितरण

वर्ष 2023–24 के दौरान निष्पादन निम्नलिखित ग्राफ में दर्शाया गया है :



(i) मियादी ऋण योजना में लघु व्यवसाय योजना (एलवीवाई), उत्कर्ष ऋण, सुविधा ऋण, उद्यम निधि योजना (यूएनवाई), महिला अधिकारिता योजना (एमएवाई) शामिल हैं।

(ii) माइक्रो क्रेडिट में माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस (एमसीएफ), महिला समृद्धि योजना (एमएसवाई) और आजीविका माइक्रोफाइनेंस योजना (एएमवाई) शामिल हैं।

(iii) शिक्षा ऋण योजना (ईएलएस)।





2.1.3 महिला लाभार्थियों का कवरेज

- वर्ष के दौरान, आपके निगम ने अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 56,835 महिला लाभार्थियों को रियायती वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी है, जो कि महिला लाभार्थियों को लाभांवित करने के 40% मानदंड की प्रत्यक्ष शर्तों की तुलना में कुल कवरेज का 66.57% है।



- इसी प्रकार, वर्ष के दौरान, आपके निगम ने महिला लाभार्थियों के लिए रु. 358.91 करोड़ संवितरित किए हैं, जो 40% के वित्तीय मानदंड की तुलना में वर्ष के कुल संवितरण का 50.23% है।



- गत तीन वर्षों के दौरान महिला लाभार्थियों को संवितरण।



2.1.4 ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में लाभार्थियों का कवरेज:

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने ग्रामीण क्षेत्रों से 57.43% और शहरी क्षेत्रों से 42.57% लाभार्थियों को कवर किया है।



2.1.5 निधियों का उपयोग

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए संवितरित की गई निधियों के उपयोग में सुधार लाने के लिए राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों के साथ गहन अभियान चलाया है। इसके परिणामस्वरूप दिनांक 31.03.2024 को संचयी उपयोग स्तर 92.93% प्राप्त किया गया।

2.1.6 लाभार्थियों का कवरेज–संशोधित वार्षिक पारिवारिक आय सीमा के अनुसार

वर्ष के दौरान, चैनलाइजिंग एजेंसियों से प्राप्त उपयोगिता रिपोर्ट के अनुसार, आपकी निगम की योजनाओं के अंतर्गत कवर किए गए 59.20% लाभार्थी रु. 1.50 लाख तक की वार्षिक पारिवारिक आय की श्रेणी में और 40.80% लाभार्थी रु. 1.50 लाख से अधिक और रु. 3.00 लाख तक की वार्षिक पारिवारिक आय श्रेणी आते हैं।



2.1.7 संचयी संवितरण की तुलना में इक्विटी सहायता

- वर्ष के दौरान, आपके निगम रु. 714.45 करोड़ संवितरित किए गए।
- दिनांक 31.03.2024 को संचयी इक्विटी सहायता रु.1515.00 करोड़ रही है, जिसकी तुलना में आपके निगम ने रु. 8302.03 करोड़ का संचयी संवितरण किया, जिसमें 16.11 लाख लाभार्थी कवर किए गए, जिनमें से महिला लाभार्थी 9.71 लाख (60.27%) थीं।
- अब तक का संवितरण भारत सरकार से प्राप्त इक्विटी सहायता का 5.48 गुना है।



2.1.8 राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी/चैनलाइजिंग एजेंसी से ऋण की वसूली

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/ चैनलाइजिंग एजेंसियों से रु. 596.18 करोड़ की वसूली प्राप्त की।



2.1.9 एससीए/सीए की कार्यप्रणाली

आपका निगम चैनल वित्त प्रणाली को अपनाता है जिसमें एससीए/सीए के माध्यम से लाभार्थियों को निधियां दी जाती हैं। वित्तीय वर्ष की शुरुआत में, सामान्य चैनल में 38 एससीए और वैकल्पिक चैनल में 59 सीए थे। वित्तीय वर्ष के दौरान, आपके निगम ने नई चैनलाइजिंग एजेंसियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और इस प्रकार एनएसएफडीसी के साथ वैकल्पिक चैनल में 38 एससीए और 63 अन्य चैनलाइजिंग एजेंसियां हैं। वर्ष के दौरान, 2011 की जनगणना के अनुसार जहां अनुसूचित जाति की आबादी है उन 28 राज्यों और 8 संघ राज्य क्षेत्रों में से, 25 राज्यों और 4 संघ राज्य क्षेत्रों ने निधि का लाभ उठाया है।

2.1.10 भागीदारी

2.1.10(क) निगम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सरकारी विभागों/स्थापित संस्थानों के साथ भागीदारी

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित संस्थानों के साथ साझेदारी स्थापित की:

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ दिनांक 12.04.2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

क्रम सं.	संस्थान	उद्देश्य
(i)	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	विभिन्न राज्यों में एनएसएफडीसी ऋण योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए।
(ii)	उत्तर बंगा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित),	
(iii)	स्त्रीनिधि, आंध्र प्रदेश	
(iv)	सिडबी	
(v)	राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमि. टेड (एनएसआईसी)	एनएसएफडीसी योजना के संभावित अनुसूचित जाति लाभार्थियों के लिए नेतृत्व सृजन, मार्गदर्शन, सहायता और बाजार संपर्क का निर्माण
(vi)	सीएससी ई–गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड	

दिनांक 14–29 नवंबर, 2023 आईआईटीएफ, दिल्ली में माननीय मंत्री श्री वीरेंद्र कुमार के साथ अप्रनि, एनएसएफडीसी

2.1.10(ख) एनएसएफडीसी ने 24 से 28 जनवरी, 2024 को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के लिए हमारे प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात् सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के विशेष अतिथियों (250) के लिए लॉजिस्टिक की व्यवस्था भी की थी।

2.1.10(ग) प्रदर्शनियों / मेलों में भागीदारी (2023–24)

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने लाभार्थियों के उत्पादों के लिए विपणन मंच प्रदान करने के लिए निम्नलिखित प्रदर्शनियों/मेलों में भाग लिया। कार्यक्रमों में प्रदर्शित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और शिल्प वस्तुओं का विवरण नीचे दिया गया है:–

क्र.सं.	प्रदर्शनियां	तारीख	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व	प्रदर्शित की गईं एवं विक्रय की गईं शिल्प वस्तुएं
(i)	शिल्प समागम मेला, ग्वालियर	22 से 30 सितंबर, 2023	दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, पुद्दुचेरी, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड	हथकरघा कपड़ा कार्य, साड़ी और सूट, लकड़ी के खिलौने, रेडीमेड वस्त्र, लकड़ी के जड़ाऊ शिल्प/पेंटिंग, रेशम सामग्री, अचार, ड्रेस सामग्री, कढ़ाई, चादरें, ब्लॉक प्रिंटिंग, ऊन, पीतल की वस्तुएं, चमड़े के उत्पाद, कृत्रिम आभूषण आदि
(ii)	शिल्प समागम मेला, लखनऊ	07 से 15 अक्टूबर, 2023	हरियाणा, गुजरात, रा. जस्थान, पुद्दुचेरी, दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल	हथकरघा कपड़ा कार्य, रेडीमेड वस्त्र, साड़ी और सूट, लकड़ी के खिलौने, लकड़ी के जड़ाऊ शिल्प/पेंटिंग, रेशम सामग्री, अचार, ड्रेस सामग्री, कढ़ाई, चादरें, ब्लॉक प्रिंटिंग, ऊन, पीतल की वस्तुएं, चमड़े के उत्पाद, कृत्रिम आभूषण आदि।
(iii)	आईआईटीएफ, 2023, भारत मंडपम, दिल्ली	14 से 27 नवंबर, 2023	हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पुद्दुचेरी, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड	रेडीमेड वस्त्र, हथकरघा कपड़ा कार्य, साड़ी और सूट, लकड़ी के खिलौने, लकड़ी के जड़ाऊ शिल्प/पेंटिंग, रेशम सामग्री, अचार, ड्रेस सामग्री, कढ़ाई, चादरें, ब्लॉक प्रिंटिंग, ऊनी जैकेट आदि।
(iv)	आत्मनिर्भर भारत मेला, भारत मंडपम, आईटीपीओ, दिल्ली	03 से 10 जनवरी, 2024	हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पुद्दुचेरी, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, जम्मू–कश्मीर, उत्तर प्रदेश	पीतल की वस्तुएं, साड़ियां और सूट, लकड़ी के खिलौने, लकड़ी की जड़ाई शिल्प/पेंटिंग, रेडीमेड वस्त्र, हथकरघा कपड़ा कार्य, रेशम सामग्री, अचार, ड्रेस सामग्री, कढ़ाई, चादरें, चमड़े के जूते, ब्लॉक प्रिंटिंग, ऊनी जैकेट आदि
(v)	सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला, फरीदाबाद	03 से 18 फरवरी 2024	चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पुद्दुचेरी, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल	पीतल की वस्तुएं, लकड़ी के खिलौने, साड़ियां और सूट, लकड़ी की जड़ाई शिल्प/पेंटिंग, रेडीमेड वस्त्र, हथकरघा कपड़ा कार्य, रेशम सामग्री, अचार, ड्रेस सामग्री, कढ़ाई, चादरें, चमड़े के जूते, ब्लॉक प्रिंटिंग, ऊनी जैकेट आदि

क्र.सं.	प्रदर्शनियां	तारीख	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व	प्रदर्शित की गई एवं विक्रय की गई शिल्प वस्तुएं
(vi)	शिल्प समागम मेला, बेंगलुरु	14 से 24 जनवरी, 2024	बिहार, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पुद्दुचेरी, पंजाब, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल	हथकरघा कपड़ा कार्य, रेडीमेड वस्त्र, साड़ी और सूट, लकड़ी के खिलौने, लकड़ी के जड़ाऊ शिल्प/पेंटिंग, रेशम सामग्री, अचार, ड्रेस सामग्री, कढ़ाई, चादरें, ब्लॉक प्रिंटिंग, ऊन, पीतल की वस्तुएं, चमड़े के उत्पाद, कृत्रिम आभूषण आदि
(vii)	शिल्प समागम मेला, अमृतसर	12 से 21 जनवरी, 2024	दिल्ली, गुजरात, हिमा. चल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पुद्दुचेरी, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल	पीतल की वस्तुएं, लकड़ी के खिलौने, साड़ियां और सूट, लकड़ी की जड़ाऊ शिल्प/पेंटिंग, रेडीमेड वस्त्र, हथकरघा कपड़ा कार्य, रेशम सामग्री, अचार, ड्रेस सामग्री, कढ़ाई, चादरें, चमड़े के जूते, ब्लॉक प्रिंटिंग, ऊनी जैकेट आदि
(viii)	शिल्प समागम मेला, जोधपुर	29 फरवरी, 2024 से 8 मार्च, 2024 तक	दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, पुद्दुचेरी, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल	पीतल की वस्तुएं, साड़ियां और सूट, लकड़ी के खिलौने, लकड़ी की जड़ाऊ शिल्प/पेंटिंग, रेडीमेड वस्त्र, हथकरघा कपड़ा कार्य, रेशम सामग्री, अचार, ड्रेस सामग्री, कढ़ाई, चादरें, चमड़े के जूते, ब्लॉक प्रिंटिंग, ऊनी जैकेट आदि
(ix)	कारीगर हाट, कोलकाता	20 से 26 दिसंबर, 2023	पश्चिम बंगाल	ग्रामीण कारीगर उत्पाद जैसे विशिष्ट संस्कृति से संबंधित वस्त्र, जूट उत्पाद, धातु शिल्प, पर्स और महिलाओं के हैंड बैग और हाथ कढ़ाई उत्पादों का निर्माण

वर्ष के दौरान, 08 प्रमुख प्रदर्शनियों/मेलों में हमारे लाभार्थियों (एनएसएफडीसी) की कुल बिक्री के आंकड़े निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	प्रदर्शनियों का नाम एवं स्थान	तारीख	बिक्री (राशि रु. में)
(i)	शिल्प समागम मेला, ग्वालियर	22 से 30 सितंबर, 2023	29,06,000/–
(ii)	शिल्प समागम मेला, लखनऊ	07 से 15 अक्टूबर, 2023	65,28,260/–
(iii)	आईआईटीएफ, 2023, भारत मंडपम, दिल्ली	14 से 27 नवंबर, 2023	150,02,800/–
(iv)	आत्मनिर्भर भारत मेला, भारत मंडपम, आईटीपीओ, दिल्ली	03 से 10 जनवरी, 2024	5,38,498/–
(v)	सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला, फरीदाबाद	03 से 18 फरवरी, 2024	54,36,296/–

क्र.सं.	प्रदर्शनियों का नाम एवं स्थान	तारीख	बिक्री (राशि रु. में)
(vi)	शिल्प समागम मेला, बेंगलुरु	14 से 24 जनवरी, 2024	7,66,210/–
(vii)	शिल्प समागम मेला, अमृतसर	12 से 21 जनवरी, 2024	801840/–
(viii)	शिल्प समागम मेला, जोधपुर	29 फरवरी, 2024 से 08 मार्च, 2024	53,400/–
(ix)	कारीगर हाट, कोलकाता	20 से 26 दिसंबर, 2023	70,000/–

2.1.11 राज्यों में समग्र जागरूकता शिविर

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने मंत्रालय और राष्ट्रीय निगम योजना को क्षेत्रीय स्तर पर प्रचारित करने के लिए विभिन्न समग्र जागरुकता शिवरों में भाग लिया। ब्योरा निम्नानुसार है :

एनएसएफडीसी की दिनांक 27.09.2023 को झाबुआ मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय अजा/अजजा के अंतर्गत एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में में भागीदारी।

क्र. सं.	राज्य/जिला	कार्यक्रम का विवरण	प्रतिभागी	तारीख
(i)	गोमती नगर, लखनऊ	अमृत महोत्सव के तहत 50,000 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के अभियान का शुभारंभ'	150	25 मई, 2023
(ii)	बघरिया प्राथमिक विद्यालय, कलीलाबाद, उत्तर प्रदेश	ऋण मेला–सह–जागरूकता कार्यक्रम	200	22 जून, 2023
(iii)	प्रगति मैदान, नई दिल्ली	शिल्प बाजार	भारत के माननीय प्रधानमंत्री के साथ विदेशी प्रतिनिधिगण	09 और 10 सितंबर, 2023
(iv)	दिव्य कला मेला, अगरतला, त्रिपुरा	ऋण मेला–सह–जागरूकता कार्यक्रम	150	06 से 11 फरवरी, 2024

2.1.12 विशेष पहलें

◈ विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय की योजनाओं के साथ अभिसरण

पिछले वर्ष, एनएसएफडीसी की टीम ने मध्य प्रदेश, अशोक नगर जिलों के ब्लॉक: चंदेरी के गाँव, नयापुरा, जुग्यानापुरा, बसियापुर और प्राणपुर गाँवों में चंदेरी साड़ियाँ बनाने वाले अनुसूचित जाति के बुनकरों का आधारभूत सर्वेक्षण किया। कुल 676 अनुसूचित जाति के बुनकरों की पहचान की गई। सर्वेक्षण के परिणामों/निष्कर्षों के अनुसार, एनएचडीपी योजना के तहत विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय के कार्यालय को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। विकास आयुक्त (हथकरघा) ने दिनांक 19 फरवरी, 2024 के स्वीकृति आदेश संख्या 1/5/4/2023–डीसीएच/एनएचडीपी/एमपी/सीडीपी–II के माध्यम से आधारभूत (बेसलाइन) सर्वेक्षण, उत्पाद विकास, एक्सपोजर दौरे, प्रदर्शनी/बीएसएम/प्रचार में भागीदारी, क्लस्टर गतिविधियों का दस्तावेजीकरण, टेक्सटाइल डिजाइनर की नियुक्ति और एनएसएफडीसी को परियोजना प्रबंधन लागत तथा हथकरघा निदेशालय, मध्य प्रदेश सरकार को एचएसएस वस्तुओं की खरीद के लिए 189.65 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है।

◈ एनएसएफडीसी की कौशल/प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना के अंतर्गत बांस शिल्प में 50 अनुसूचित जाति महिला कारीगरों का क्षमता निर्माण।

प्रशिक्षण–सह–क्षमता निर्माण कार्यक्रम 30.04.2023 से 29.05.2023 और 30.05.2023 से 28.06.2023 तक क्रमशः कांगड़ा जिले (हि.प्र.) के भरांता और बछवाई गांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनएसएफडीसी के अध्यक्ष–सह प्रबंध निदेशक ने किया। 50 अनुसूचित जाति कारीगरों को दो बैचों में बांस शिल्प में प्रशिक्षित किया गया। हिमाचल प्रदेश के एससीए के माध्यम से प्रशिक्षण के बाद 06 अनुसूचित जाति कारीगरों को ऋण सुविधा प्रदान की गई। हिमाचल प्रदेश के उद्योग निदेशालय, एससीए के गणमान्य व्यक्तियों और कांगड़ा जिले के पूर्व विधायक श्री राकेश ठाकुर ने एनएसएफडीसी के अधिकारियों के साथ समापन समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम की कुल लागत रु. 7.50 लाख एनएसएफडीसी द्वारा प्रायोजित की गई थी।

जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) में दिनांक 30 अप्रैल से 29 मई 2023 को प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अनुसूचित जाति के बांस शिल्प के कारीगर

◈ एससीए/सीए द्वारा कवर नहीं किए गए राज्यों में सा–धन के माध्यम से अग्रगामी योजना के तहत एनबीएफसी–एमएफआई का संचालन

वर्ष के दौरान, बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलावा अग्रगामी परियोजना के लिए कुछ और राज्यों की पहचान की गई। बोर्ड की मंजूरी के बाद उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, असम, त्रिपुरा और गुजरात को एनबीएफसी–एमएफआई के माध्यम से वित्तपोषण

के लिए शामिल किया गया। सूचीबद्ध किए गए चार एनबीएफसी–एमएफआई को रु.40.00 करोड़ की राशि आवंटित की गई। तीन एनबीएफसी–एमएफआई को रु.34.18 करोड़ वितरित किए गए, जिनमें से 6903 लाभार्थियों के लिए रु.28.97 करोड़ का सूचित किया गया।

◈ द गोट ट्रस्ट

एनएसएफडीसी और द गोट ट्रस्ट के बीच समझौता–ज्ञापन के तहत, लघु पशुधन श्रृंखलाओं (बकरी पालन, सूअर पालन, मुर्गी पालन) में 150 सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण और हैंडहोल्डिंग समर्थन के लिए द गोट ट्रस्ट को पहली किस्त के रूप में रु.11,15,000/– की 50% राशि जारी की गई। 50 बकरी किसानों के लिए प्रशिक्षण–सह–क्षमता निर्माण कार्यक्रम का पहला चरण पूरा हो गया। द गोट ट्रस्ट द्वारा पहली किस्त के रूप में रु.8,53,600/– रुपए का उपयोगिता प्रमाण–पत्र सूचित किया गया। उप–महाप्रबंधक, एनएसएफडीसी; श्री आशीष कुमार, कार्यक्रम निदेशक, टीजीटी; प्रबंधक, बड़ौदा यूपी बैंक; परियोजना प्रबंधक, टीजीटी, प्रबंधक, यूपीएसजीवीबी; शाखा : खागा, जिला फतेहपुर, उत्तर प्रदेश; उप प्रबंधक और कार्यकारी, संपर्क केंद्र, एनएसएफडीसी, लखनऊ को मिलाकर बनाई गई समिति ने दिनांक 04.01.2024 को प्रशिक्षण–सह–क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दूसरे बैच के लिए 30 बकरी किसानों की पहचान की। प्रशिक्षण हेतु 30 में से 17 बकरी पालक उपस्थित पाये गये।

दिनांक 12.02.2024 को निरीक्षण के दौरान प्रथम किस्त के रूप में रु.8,53,600/– के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात् दिनांक 29.01.2024 को दूसरी किस्त के रूप में रु.10,80,200/– की राशि गोट ट्रस्ट को जारी की गई। गोट ट्रस्ट द्वारा प्रशिक्षण–सह–क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दूसरे एवं तीसरे चरण से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं।

गोट ट्रस्ट के सहयोग से प्रेम नगर, जिला फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) के अनुसूचित जाति के बकरी किसान के साथ चर्चा

◈ ऋण पहुंच कार्यक्रम

ऋण पहुंच कार्यक्रम एसएलबीसी, कर्नाटक के माध्यम से तीन जिलों अर्थात् चित्रदुर्ग, टुमकुर और दावणगेरे में कार्यान्वित किया गया था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, एनएसएफडीसी और अन्य राष्ट्रीय निगमों (एनबीसीएफडीसी और एनएसकेएफडीसी, एनएसटीएफडीसी) के प्रमुख जिला प्रबंधकों (एलडीएम) ने नोडल अधिकारियों के रूप में कार्य करते हुए कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ), कर्नाटक भेड़ और ऊन विकास निगम, कर्नाटक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, नाबार्ड के एनजीओ क्षमता निर्माण भागीदारों आदि जैसे संबद्ध विभागों से छोटे टिकट

आकार के मुद्रा ऋण (रु.1.00 लाख से रु.2.00 लाख की सीमा में) के लिए आवेदन प्राप्त किए। इन आवेदनों को एलडीएम द्वारा राष्ट्रीय निगमों के बैंकिंग चैनल भागीदारों (कर्नाटक ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक, यूबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा) को आवंटित किया गया। बैंकों ने उचित कार्रवाई करते हुए निम्नानुसार ऋण स्वीकृत किए:

जिला	अजा	अजजा	अपिव	सफाई कर्मचारी	कुल
चित्रदुर्ग	627	0	47	0	674
टुमकुर	377	17	26	11	431
दावणगेरे	36	0	19	04	59
कुल	1040	17	92	15	1164

संबंधित बैंकिंग चैनल भागीदार विभिन्न लक्ष्य समूहों के पात्र ऋण प्राप्तकर्ताओं को एनएसएफडीसी/एनबीसीएफडीसी/एनएसकेएफडीसी/एनएसटीएफडीसी योजनाओं के अंतर्गत रियायती ब्याज का लाभ प्रदान करने के लिए उपरोक्त स्वीकृतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय निगमों से पुनर्वित्त का दावा करेंगे।

- महाराष्ट्र के हिंगोली में शेड नेट हाउस (संरक्षित खेती) की अभिनव परियोजना के लिए 50 अनुसूचित जाति के किसानों को कवर करने के लिए रु.17 करोड़ की धनराशि वितरित की गई। इस योजना के लाभार्थियों को महाराष्ट्र सरकार के पुणे स्थित राष्ट्रीय कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी संस्थान में शेड नेट मोड के तहत फसलों की खेती पर एमपीबीसीडीसी द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। रु.17.00 करोड़ के एनएसएफडीसी के सावधि ऋण को रु.12.75 करोड़ (75%) तक की बैकएंड सब्सिडी के साथ जोड़ा गया है। 50% की सब्सिडी एकीकृत बागवानी विकास मिशन, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, महाराष्ट्र सरकार के कृषि विभाग की नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी प्रकल्प (पीओसीआरए) योजना के तहत 25% की सब्सिडी प्रदान की जाती है। सब्सिडी घटक ऋण के पुनर्भुगतान के बोझ को काफी हद तक कम कर देगा। छोटे और सीमांत किसानों की क्षमता निर्माण से सब्जियों और अन्य फसलों की उच्च उपज प्राप्त होगी तथा विपणन संपर्क से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उपज की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा।

- **पीएम सूरज राष्ट्रव्यापी आउटरीच कार्यक्रम**

  सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 13.03.2024 को हाइब्रिड मोड में वंचित वर्गों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने वर्चुअल मोड में भाग लिया और प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम–सूरज) पोर्टल का शुभारंभ किया। अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और सफाई कर्मचारी का लक्षित समूह इस पोर्टल के माध्यम से ऋण के लिए आवेदन कर सकता है।

  कार्यक्रम के अवसर पर, एनएसएफडीसी ने दिनांक 13.03.2024 को पीएम–सूरज पोर्टल के माध्यम से 50,434 लाभार्थियों को रु.404.6 करोड़ का ऋण से वितरित किया, जिनमें से 34877

महिलाएँ और 15557 पुरुष लाभार्थी थे। एनएसएफडीसी ने 28 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 498 जिलों में यह ऋण राशि वितरित की और समाज के वंचित वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम के दौरान सभी लाभार्थियों को एसएमएस भेजे गए।

फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) में यूपीएसजीवीबी द्वारा वित्तपोषित 'अवधि ऋण' के अंतर्गत एनएसएफडीसी लाभार्थी

◈ कार्यशाला–सह–एमडीपी

एनएसएफडीसी ने 27 और 28 जुलाई 2023 को अपने एससीए और सीए के अधिकारियों के लिए टैगोर ऑडिटोरियम, स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में एक कार्यशाला–सह–एमडीपी का आयोजन किया। एनएसएफडीसी नीति के सरलीकरण, लाभार्थियों को प्रोत्साहन और वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में फंड आउटफ्लो के लिए प्रस्ताव प्राप्त करने के विषय पर एससीए/सीए के प्रतिनिधियों के साथ सार्थक चर्चा हुई। एनएसएफडीसी की योजनाओं को संशोधित करते समय चर्चा के परिणाम को ध्यान में रखा गया था।

2.1.13 ऋण आधारित योजनाओं और गैर–ऋण आधारित योजनाओं का बाह्य मूल्यांकन (2021–22):

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने मेसर्स डेवलपमेंट ओरिएंटेड ऑपरेशंस रिसर्च एंड सर्वेज (डीओओआरएस), नोएडा (उत्तर प्रदेश) को अपनी ऋण और गैर–ऋण आधारित योजनाओं के मूल्यांकन अध्ययन के लिए अधिकृत किया और उसे यह कार्य सौंपा। इस अध्ययन में वर्ष 2019–20 और 2020–21 के दौरान 11 राज्यों में प्रशिक्षित 5790 लाभार्थियों/प्रशिक्षुओं को शामिल करने की परिकल्पना की गई है।

अध्ययन के अंतर्गत शामिल राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार लाभार्थी/प्रशिक्षु निम्नानुसार हैं :–

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लाथार्थियों की संख्या	प्रशिक्षुओं की संख्या	कुल
(i)	छत्तीसगढ़	100	30	130
(ii)	हरियाणा	100	110	210
(iii)	झारखंड	100	70	170
(iv)	केरल	200	20	220
(v)	मध्य प्रदेश	240	170	410
(vi)	महाराष्ट्र	150	80	230
(vii)	राजस्थान	320	100	420
(viii)	सिक्किम	100	0	100
(ix)	तेलंगाना	100	30	130
(x)	उत्तर प्रदेश	820	380	1,200
(xi)	पश्चिम बंगाल	2470	100	2,570
	कुल	**4,700**	**1,090**	**5,790**

मूल्यांकनकर्ता एजेंसी मेसर्स डेवलपमेंट ओरिएंटेड ऑपरेशंस रिसर्च एंड सर्वेज ने अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट एनएसएफडीसी को सौंप दी है।

2.1.14 रिपोर्ट के निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं

- **ऋण आधारित योजनाएं (अनंतिम)**

क्र.सं.	विवरण	ब्यौरा
(i)	अध्ययन के दौरान निरीक्षण किये गये लाभार्थियों की संख्या	10 राज्यों में 4,700
(ii)	सहायता का उपयोग इच्छित उद्देश्य के करने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	4468 (95.1%)
(iii)	परिसंपत्तियां सृजित करने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	4248 (92.9%)
(iv)	गरीबी रेखा (बीपीएल) पार करने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	777 (58.8%)
(v)	दोहरी गरीबी रेखा (डीपीएल) को पार करने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	1842 (40.3%)*

गैर–ऋण आधारित/कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम (अनंतिम)

क्र. सं.	विवरण	ब्यौरा		
(i)	अध्ययन के दौरान सर्वेक्षण किये गये प्रशिक्षुओं की संख्या	10 राज्यों में 1090		
(ii)	एनएसएफडीसी से कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद नौकरी चाहने वाले प्रशिक्षुओं की संख्या और प्रतिशत	688 (63%)		
(iii)	प्रशिक्षुओं की वर्तमान रोजगार स्थिति*	**वैतनिक रोजगार**	**स्वरोजगार**	**बेरोजगार**
		(27%)	(17%)	(56%)
(iv)	नौकरी पेशा प्रशिक्षुओं का मासिक वेतन औसत मासिक वेतन रु. 11,268/– है			
(v)	स्वरोजगार प्रशिक्षुओं की मासिक आय औसत मासिक आय रु. 9,841 है			

2.1.15 कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (एसडीटीपी)–उपलब्धियां

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने पीएम–दक्ष योजना के तहत अनुसूचित जातियों से संबंधित 30,660 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने के लिए रु.111.83 करोड़ की लागत से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मंजूरी दी और इन्हें कार्यान्वित किया तथा रु.16.19 करोड़ जारी किए जिसमें अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों को सहायता' और पीएम–दक्ष योजना की योजना के तहत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई अनुदान सहायता शामिल है,।

दिनांक 22.10.2023 से 26.04.2024 तक के दौरान जयपुर में आयोजित एनएसएफडीसी द्वारा प्रायोजित 'मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग' प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष के दौरान, विभिन्न कार्य भूमिकाओं क्षेत्रों में एसडीटीपी आयोजित किए गए जैसे कि अकाउंट एक्जीक्यूटिव, सीएनसी प्रोग्रामिंग में एडवांस डिप्लोमा (एडीसीएनसी), मशीन रखरखाव और स्वचालन में एडवांस डिप्लोमा, सहायक सौंदर्य चिकित्सक, सहायक शेफ, सहायक डिजाइनर – फैशन, होम एंड मेड–अप, सहायक इलेक्ट्रीशियन, सहायक हेयर ड्रेसर स्टाइलिस्ट, सहायक मशीनिस्ट – आयरन

और स्टील, एसोसिएट डिजाइनर – खिलौनों सहित प्लास्टिक के लिए डाई और मोल्ड, ऑटोकैड, ऑटोकैड – मैकेनिकल, ऑटोमोटिव बॉडी रिपेयरिंग और सर्विस तकनीशियन, बांस कार्य के कारीगर, ब्यूटी थेरेपिस्ट, ब्राइडल, फैशन और पोर्टफोलियो मेकअप आर्टिस्ट, सीसीटीवी इंस्टॉलेशन तकनीशियन, सीएनसी टर्निंग में सर्टिफिकेट कोर्स, क्रिकेट बॉल निर्माण में सर्टिफिकेट कोर्स, टैली ईआरपी के साथ वित्तीय लेखांकन में सर्टिफिकेट, चेकर – इनलाइन और मेजरमेंट, सीएनसी मशीनिंग – लैथ, सीएनसी मशीनिंग – मिलिंग, सीएनसी ऑपरेटर – टर्निंग, सीएनसी प्रोग्रामिंग – लैथ, सीएनसी प्रोग्रामिंग – मिलिंग, कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग, माल कंसाइनमेंटर सहायक, मकई प्रसंस्करण तकनीशियन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट, काउंटर सेल्स एग्जीक्यूटिव (पर्यटन और आतिथ्य), कूरियर एग्जीक्यूटिव – संचालन, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव – डोमेस्टिक – नॉन–वॉयस, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव–डोमेस्टिक–वॉयस, कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव – इलेक्टिव 1 (मीट एंड ग्रीट ऑफिसर), डेयरी प्रोडक्ट प्रोसेसर, डॉक्यूमेंटेशन एग्जीक्यूटिव, डोमेस्टिक बायोमेट्रिक डेटा ऑपरेटर, डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर, डोमेस्टिक आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट, ड्रेसर (मेडिकल), उद्यमिता विकास कार्यक्रम, इलेक्ट्रिकल–कैड, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशंस, फैब्रिक कटर, फैशन डिजाइनर, फील्ड तकनीशियन – नेटवर्क और स्टोरेज, फील्ड तकनीशियन और अन्य घरेलू उपकरण, फील्ड तकनीशियन कंप्यूटिंग और पेरिफेरल्स, फिनिशर और पैकर, फिटर – मैकेनिकल असेंबली, फिटर फैब्रिकेशन, फूड एंड बेवरेज सर्विस एसोसिएट, फूड सेल्स प्रमोटर, फ्रंट ऑफिस एसोसिएट, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट – एडवांस, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेनी, ग्राफिक डिजाइनर, गेस्ट सर्विस एग्जीक्यूटिव (फ्रंट ऑफिस), हैंड हेल्ड डिवाइसज (हैंडसेट और टैबलेट) तकनीशियन, होम हेल्थ एड, हाउसकीपर कम–कुक (घरेलू और छोटे प्रतिष्ठान), इन–स्टोर प्रमोटर, स्कूल में आईटी समन्वयक, जूट उत्पाद सिलाई ऑपरेटर, रसोई प्रबंधक, मशीन ऑपरेटर – इंजेक्शन मोल्डिंग प्लास्टिक, मशीन ऑपरेटर – प्लास्टिक एक्सट्रूजन, मशीन ऑपरेटर – प्लास्टिक प्रोसेसिंग, मशीन ऑपरेटर और प्रोग्रामर – सीएनसी लैथ, मशीन ऑपरेटर और प्रोग्रामर प्लास्टिक सीएनसी लैथ, मशीन ऑपरेटर सहायक – ब्लो मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर सहायक – इंजेक्शन मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर सहायक – प्लास्टिक प्रसंस्करण, मेक–अप आर्टिस्ट, मास्टर कैम (कैड/ कैम), कैड/ कैम (एमसीसी) में मास्टर सर्टिफिकेट कोर्स, व्यापारी – फैशन, मेड अप और होम फर्निशिंग, मोबाइल फोन हार्डवेयर मरम्मत

तकनीशियन, बहु कौशल तकनीशियन – उपभोक्ता साजो–सामान, बहु कौशल तकनीशियन (विद्युत), बहु कौशल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण), बहुक्रियाशील कार्यालय कार्यपालक, कार्यालय संचालन कार्यपालक, ऑप्टिकल फाइबर तकनीशियन, फ्लेबोटोमिस्ट, अचार मार्किंग तकनीशियन, पीएलसी प्रोग्रामिंग, प्लंबर – सामान्य, उत्पादन पर्यवेक्षक सिलाई, प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट, रिटेल सेल्स एसोसिएट, रिटेल स्टोर मैनेजर, रिटेल टीम लीडर, सैंपलिंग कोऑर्डिनेटर, सैंपलिंग टेलर, स्व–नियोजित टेलर, सिलाई मशीन ऑपरेटर – निट्स, सिलाई मशीन ऑपरेटर, सोलर एलईडी तकनीशियन, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन तकनीशियन, सोलर पावर इंस्टॉलेशन, ऑपरेशन और रखरखाव, सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र), सॉलिड वर्क्स (कैड), स्ट्रीट फूड विक्रेता – स्टैंडअलोन, स्ट्रिंगिंग / बीडिंग, कारीगर (फैशन ज्वेलरी), पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा अधिग्रहण (एससीएडीए), दूरसंचार ग्राहक सेवा कार्यपालक –

कॉल सेंटर / रिलेशनशिप सेंटर, दूरसंचार ग्राहक सेवा कार्यपालक – मरम्मत केंद्र, टेलीहेल्थ सेवा समन्वयक, पारंपरिक हाथ कढ़ाई, पारंपरिक स्नैक्स और नमकीन निर्माता, प्रशिक्षु शेफ, टीवी मरम्मत तकनीशियन, दो शाफ्ट हैंडलूम बुनकर, दो पहिया वाहन सर्विस तकनीशियन, वेयरहाउस एसोसिएट, वेयरहाउस एग्जीक्यूटिव, वेब डेवलपर, वेल्डर (जीटीएडब्ल्यू), योग प्रशिक्षक।

31.03.2024 तक 25 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जिन 30,660 व्यक्तियों में से कुल 7,807 व्यक्तियों ने अपने कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे कर लिए हैं और जानकारी के अनुसार स्व–रोजगार/वेतन रोजगार में प्रशिक्षुओं की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा वर्ष 2022–23 के दौरान शुरू किए गए, 1,816 व्यक्तियों के प्रशिक्षण इस वर्ष के दौरान हो गए हैं।

वर्ष 2023–24 के दौरान शुरू और पूर्ण किए गए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र–वार सार अनुलग्नक–IV में दिया गया है।

2.1.16 अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति (फेलोशिप) (एनएफएससी)

- अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति (एनएफएससी) योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे वित्तीय वर्ष 2005–06 के दौरान शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों/कॉलेजों में विज्ञान, मानविकी, सामाजिक विज्ञान में एम.फिल/पीएचडी की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता के रूप में अध्येतावृत्ति प्रदान करना है।
- यह योजना ऐसे अनुसूचित जाति के छात्रों को, जिन्होंने यूजीसी नेट (1,500) और संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी नेट (500) परीक्षा उत्तीर्ण की है प्रति वर्ष 2,000 नई अध्येतावृत्ति प्रदान करती है। ये स्लॉट यूजीसी और सीएसआईआर फेलोशिप के लिए सरकार की सामान्य आरक्षण नीति के तहत चुने गए अनुसूचित जाति के छात्रों की संख्या से अलग हैं।
- यह योजना शोधार्थियों (स्कॉलर्स) को उच्च अध्ययन को जारी करने के लिए अध्येतावृत्ति, आकस्मिक व्यय, एस्कॉर्ट/रीडर सहायता और मकान किराया भत्ता (एचआरए) के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
- केनरा बैंक के छात्रवृत्ति और फेलोशिप प्रबंधन संबंधी पोर्टल (एसएफएमपी) के माध्यम से पात्र शोधार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) मोड में अध्येतावृत्ति और अन्य वित्तीय घटक जारी किए जाते हैं।
- नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसएफडीसी) को दिनांक 01.10.2022 से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) घोषित किया गया है।
- वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान, आपके निगम ने 4,169 शोधार्थियों को एनएफएससी योजना के तहत रु.199.82 करोड़ जारी किए हैं।

2.1.17 क्षमता निर्माण और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और कृषि विभाग, महाराष्ट्र सरकार की सब्सिडी योजनाओं के साथ एनएसएफडीसी मियादी ऋण योजना का अभिसरण:

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान, एनएसएफडीसी ने शेड नेट हाउस योजना (01 एकड़ कवरेज) के लिए मियादी ऋण स्वीकृत किया, जिसकी लागत में एनएसएफडीसी की हिस्सेदारी रु.17.00 करोड़ (50 लाभार्थी) है और एमपीबीसीडीसी, महाराष्ट्र को रु.6.46 करोड़ (19 यूनिट) की राशि वितरित की गई है, जिसे हिंगोली के पिछड़े जिले में लागू किया जाना है। प्रति यूनिट लागत रु.40.00 लाख है और एनएसएफडीसी का हिस्सा रु.34.00 लाख (85%) है।

इस योजना के लाभार्थियों को महाराष्ट्र सरकार के पुणे स्थित राष्ट्रीय कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी संस्थान में शेडनेट मोड के तहत फसलों की खेती पर एमपीबीसीडीसी द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

एनएसएफडीसी द्वारा रु.17.00 करोड़ का मियादी ऋण रु.12.75 करोड़ (75%) तक की बैकएंड सब्सिडी के साथ अभिसारित है। 50% की सब्सिडी भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के एकीकृत बागवानी विकास मिशन द्वारा प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र सरकार के कृषि विभाग की नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी प्रकल्प (पीओसीआरए) योजना के तहत 25% की सब्सिडी प्रदान की जाती है। सब्सिडी घटक ऋण के पुनर्भुगतान के बोझ को काफी हद तक कम कर देगा।

छोटे और सीमांत किसानों की क्षमता निर्माण से सब्जियों और अन्य फसलों की उच्च फसल उपज प्राप्त होगी और घरेलू और अंतराष्ट्रीय बाजारों में उपज की बिक्री के लिए विपणन लिंकेज होंगे।

2.1.18 विमुक्त जनजातियों के आर्थिक सशक्तिकरण की योजना (सीड योजना):

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, अखिल भारतीय स्तर पर कार्यान्वित की जाने वाली विमुक्त जनजातियों के आर्थिक सशक्तिकरण की योजना (सीड योजना) के आजीविका घटक के लिए एनएसएफडीसी को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है, जिसे लागू किया जाएगा। इस योजना के लिए रु.6.00 करोड़ की राशि जारी की गई है। वर्ष 2024–25 में लागू की जाने वाली इस योजना के अंश के रूप में, सामाजिक एकजुटता के माध्यम से विमुक्त जनजातियों के स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जाएगा।

2.1.19 वर्ष 2023–24 के लिए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने वाले पांच एससीए

(क) संवितरण सहायता

श्रेणी	एससीए का नाम	राशि (करोड़ में)
(i)	केएसडीसी, केरल	32.41
(ii)	केएसडब्ल्यूडीसी, केरल	24.03
(iii)	डब्ल्यूबीएससीएसटीओबीसीडीएफसी, पश्चिम बंगाल	23.66
(iv)	यूपीएसजीवीबी, उत्तर प्रदेश	22.31
(v)	जेकेएससीएसटीबीसीडीसी, जम्मू और कश्मीर	10.13

(ख) निधि उपयोगिता (संचयी)

श्रेणी	एससीए का नाम	प्रतिशत
(i)	टीएससीडीसी, त्रिपुरा	85.38%
(ii)	डब्ल्यूबीएससीएसटीओबीसीडीएफसी, पश्चिम बंगाल	84.68%
(iii)	केएसडीसी, केरल	83.94%
(iv)	पी.एस.सी.एल.डी.एफ.सी., पंजाब	83.31%
(v)	एचएससीडीसी, हरियाणा	82.40%

(ग) किए गए पुनर्भुगतान

श्रेणी	एससीए का नाम	राशि (करोड़ में)
(i)	डब्ल्यूबीएससीएसटीओबीसीडीएफसी, पश्चिम बंगाल	50.51
(ii)	केएसडीसी, केरल	26.31
(iii)	आरएससीडीसी, राजस्थान	23.47
(iv)	केएसडब्ल्यूडीसी, केरल	16.71
(v)	एपीएससीएफसी, आंध्र प्रदेश	15.00

(घ) कवर किए गए लाभार्थी

श्रेणी	एससीए का नाम	संख्या
(i)	डब्ल्यूबीएससीएसटीओबीसीडीएफसी, पश्चिम बंगाल	20052
(ii)	केएसडीसी, केरल	2506
(iii)	केएसडब्ल्यूडीसी, केरल	2011
(iv)	एचएससीडीसी, हरियाणा	621
(v)	यूपीएसजीवीबी, उत्तर प्रदेश	456

(ड.) एससीए या ओसीए द्वारा कवर की गई महिला लाभार्थी

श्रेणी	एससीए का नाम	संख्या
(i)	डब्ल्यूबीएससीएसटीओबीसीडीएफसी, पश्चिम बंगाल	20028
(ii)	केएसडब्ल्यूडीसी, केरल	2011
(iii)	केएसडीसी, केरल	1724
(iv)	एचएससीडीसी, हरियाणा	350
(v)	लिडकॉम, महाराष्ट्र	210

श्रेणी	ओसीए का नाम	संख्या
(i)	स्त्रीनिधि – आंध्र प्रदेश	9260
(ii)	तमिलनाडु ग्रामा बैंक, तमिल नाडु	3643
(iii)	एसएनसीसीएफएल– तेलंगाना	2222
(iv)	पीबीजीबी– पुद्दुचेरी	1802

2.1.20 वर्ष 2023–24 के लिए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने वाली अन्य चैनलाइजिंग एजेंसी (पीएसबी, आरआरबी, एनबीएफसी–एमएफआई)

(क) सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक (पीएसबी)

अखिल भारतीय स्तर पर संवितरण सहायता		
श्रेणी	पीएसबी का नाम	राशि (करोड़ में)
(i)	पंजाब और सिंध बैंक	127.65
(ii)	इंडियन बैंक	100.00
(iii)	केनरा बैंक	10.00
(iv)	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	5.69

(ख) पीएसबी द्वारा कवर किए गए लाभार्थी

श्रेणी	पीएसबी का नाम	संख्या
(i)	पंजाब और सिंध बैंक	10492
(ii)	इंडियन बैंक	9695
(iii)	केनरा बैंक	667
(iv)	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	542

(ग) पीएसबी द्वारा कवर की गई महिला लाभार्थी

2.1.21 वर्ष 2023–24 के लिए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने वाले पांच आरआरबी

(ए) सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)

संवितरण सहायता		
श्रेणी	आरआरबी का नाम	राशि (करोड़ में)
(i)	तमिलनाडु ग्रामीण बैंक, तमिलनाडु	60.30
(ii)	पंजाब ग्रामीण बैंक, पंजाब	50.00
(iii)	पीबीजीबी, पुद्दुचेरी	26.48
(iv)	आर्यावर्त बैंक, उत्तर प्रदेश	20.78
(v)	कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक, कर्नाटक	18.62

(ख) आरआरबी द्वारा कवर किए गए लाभार्थी

श्रेणी	आरआरबी का नाम	राशि (करोड़ में)
(i)	तमिल नाडु ग्रामा बैंक, तमिल नाडु	6072
(ii)	पीबीजीबी, पुद्दुचेरी	2979
(iii)	पंजाब ग्रामीण बैंक, पंजाब	2459
(iv)	कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक, कर्नाटक	1612
(v)	बीयूपीजीबी, उत्तर प्रदेश	1501

2.1.22 वर्ष 2023–24 के लिए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने वाली एनबीएफसी–एमएफआई एवं अन्य एजेंसी

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली एनबीएफसी–एमएफआई एवं अन्य एजेंसी

श्रेणी	आरआरबी द्वारा प्राप्त संवितरण	राशि (करोड़ में)
(i)	स्त्री निधि, आंध्र प्रदेश	50.00
(ii)	एसएनसीसीएफएल, तेलंगाना	20.00
(iii)	एएसए इंटरनेशनल	13.34
(iv)	मिडलैंड माइक्रोफिन लिमिटेड	13.34
(v)	पहल वित्तीय सेवाएँ	7.50

2.1.23 एससीए को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं

2.1.23(क) निष्पादन करने वाली एससीए के लिए एनएसएफडीसी प्रोत्साहन (एनआईपीएस)

आपका निगम बेहतर प्रदर्शन करने वाले एससीए को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए वर्ष 2007–08 से एससीए की रेटिंग तंत्र और बेहतर निष्पादन के लिए पुरस्कार की एक योजना कार्यान्वित कर रहा है। इस योजना को निष्पादन करने वाले एससीए के लिए 'एनएसएफडीसी प्रोत्साहन (एनआईपीएस)' के रूप में संशोधित किया गया है। योजना में संशोधन भारत सरकार की वर्तमान प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया था।

नई योजना वर्ष 2016–17 से लगभग रु.45.00 लाख वार्षिक के कुल बजट के साथ लागू की गई है।

निष्पादन करने वाले एससीए के लिए एनएसएफडीसी प्रोत्साहन (एनआईपीएस) के तहत एससीए को निम्नलिखित निष्पादन प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा :

(रुपए लाख में)

श्रेणी	मानदंड	पुरस्कार			कुल
		प्रथम	द्वितीय	तृतीय	
(i)	एनएसएफडीसी से एक विशेष वित्तीय वर्ष में अपने नोशनल आवंटन की तुलना में रु. 3.00 करोड़ तक निधियां लेने वाले एससीए	5.00	3.00	2.00	10.00

श्रेणी	मानदंड	पुरस्कार			कुल
		प्रथम	द्वितीय	तृतीय	
(ii)	एनएसएफडीसी से एक विशेष वित्तीय वर्ष में अपने नोशनल आवंटन की तुलना में रु. 3.00 करोड़ से अधिक और रु. 10.00 करोड़ तक निधियां लेने वाले एलसीए	7.00	5.00	3.00	15.00
(iii)	एनएसएफडीसी से एक विशेष वित्तीय वर्ष में अपने नोशनल आवंटन की तुलना में रु. 10.00 करोड़ से अधिक निधियां लेने वाले एससीए	10.00	6.00	4.00	20.00
	कुल	**22.00**	**14.00**	**9.00**	**45.00**

2.1.23 (ख) अन्य चैनलाइजिंग एजेंसियों के लिए प्रोत्साहन योजना (आईएसओसीए)

आपका निगम 'अन्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के लिए प्रोत्साहन योजना (आईएसओसीए)' नामक एक योजना कार्यान्वित कर रहा है जो एनएसएफडीसी की राज्य चौनेलाइजिंग एजेंसियों के अलावा अन्य सभी एजेंसियों को प्रोत्साहन प्रदान करती है। इस योजना का उद्देश्य अन्य चैनलाइजिंग एजेंसियों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।

नई योजना वर्ष 2020–2021 से लागू की गई है। ओसीए को निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार प्रदर्शन प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगाः

(i) एनएसएफडीसी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान लगातार एनएसएफडीसी से निधियां प्राप्त करने वाली अन्य चैनेलाइजिंग एजेंसियां।

(ii) संबंधित वित्तीय वर्ष, जिसके लिए प्रोत्साहन योजना पर विचार किया जाता है, के 31 मार्च की स्थिति के अनुसार संचयी निधि उपयोग कम से कम 90% होना चाहिए।

(iii) संबंधित वित्तीय वर्ष, जिसके लिए प्रोत्साहन योजना पर विचार किया जाता है, तक ओसीए (धन वापसी पर ब्याज सहित) की संचयी वसूली 100% होनी चाहिए।

(iv) एनएसएफडीसी से प्राप्त पूर्व प्रोत्साहन राशि, यदि कोई है, का कोई उपयोगिता प्रमाण–पत्र लंबित नहीं हो।

'अन्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के लिए प्रोत्साहन योजना (आईएसओसीए)' के तहत, एससीए को संबंधित वित्तीय वर्ष के दौरान अन्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (ओसीए) द्वारा एनएसएफडीसी को चुकाई गई कुल राशि के 0.5% (धनवापसी पर ब्याज को छोड़कर, यदि कोई है) या रु.10.00 लाख, जो भी कम हो, के रूप में निष्पादन प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

वर्ष के दौरान, वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए (आईएसओसीए) योजना के अंतर्गत निम्नलिखित चैनलाइजिंग एजेंसियों को प्रोत्साहन जारी किया गयाः

क्र. सं.	एजेंसी और राज्य	जारी की गई राशि (रुपए में)
(i)	पंजाब ग्रामीण बैंक, पंजाब	10,00,000
(ii)	तमिल नाडु ग्रामा बैंक, तमिल नाडु	10,00,000
(iii)	त्रिपुरा ग्रामीण बैंक, त्रिपुरा	6,90,826
(iv)	मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, मध्य प्रदेश	2,67,617
	कुल	29,58,443

3. प्रचालन निष्पादन के संबंध में वित्तीय निष्पादन

3.1 आय और व्यय लेखा

(i) वर्ष के दौरान, आपके निगम का प्रचालन से राजस्व (निवल) रु.68.65 करोड़ है। वर्ष के दौरान, आपके निगम का प्रचालन लाभ या अधिशेष / प्रचालन से राजस्व (निवल) 56.56% है।

(ii) वर्ष 2023–24 के दौरान, निगम की आय रु.74.66 करोड़ से बढ़कर रु.76.88 करोड़ हो गई है।

(iii) कर्मचारियों की लागत सहित कुल व्यय रु.27.05 करोड़ से बढ़कर 2023–24 में रु.29.82 करोड़ हो गया है।

(iv) वर्ष 2023–24 के दौरान व्यय से आय की अधिकता (ईओआईओई) रु.47.06 करोड़ है, जबकि 2022–23 के दौरान यह रु.47.61 करोड़ थी।

3.2 लाभ का विनियोजन

निगम व्यय से आय की अधिकता का 10% विशेष आरक्षित निधि में और शेष सामान्य आरक्षित में अंतरित करता है। तदनुसार, रु.470.92 लाख रुपए विशेष आरक्षित निधि में विनियोजित किए गए हैं और सामान्य आरक्षित में भावी संवितरण करने के लिए रु.4264.37 करोड़ रुपए अंतरित किए गए हैं।

3.3 प्रति शेयर अर्जन

प्रति इक्विटी शेयर अर्जन वर्ष 2022–23 के रु.31.74 और रु.31.74 (मूलभूत तरलीकृत) की तुलना में वर्ष 2023–24 में यह रु.31.08 और रु.31.39 (मूलभूत और तरलीकृत) है।

4. निगम की कार्यपद्धति में सुधार

4.1 समझौता–ज्ञापन (एमओयू) रेटिंग (2022–23)

आपके निगम ने लेखापरीक्षित आंकड़ों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए समझौता ज्ञापन की स्व–मूल्यांकन निष्पादन रिपोर्ट, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्तुत की थी। सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने समझौता–ज्ञापन को 52.11 का समग्र स्कोर दिया है और आपके निगम के प्रदर्शन को 'अच्छा' माना है।

4.2 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाण लाइसेंस (आईएसओ 9001:2015)

आपका निगम एक आईएसओ प्रमाणित संगठन है और आईएसओ 9001:2015 के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) प्रमाणन की सभी आवश्यकताओं के अनुरूप है।

वर्ष 2007–08 से 29.11.2022 तक, एनएसएफडीसी को बीआईएस द्वारा गुणवत्ता प्रबंधन प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। इसके बाद, एनएसएफडीसी को 24.01.2023 को रॉयल इम्पैक्ट सर्टिफिकेशन लिमिटेड (आरआईसीएल) द्वारा आईएसओ 9001:2015 के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन प्रमाणन प्रदान किया गया। उक्त प्रमाणन वार्षिक निगरानी ऑडिट के अधीन 23.01.2026 तक वैध है।

4.3 एमआईएस का सुदृढ़ीकरण

आपका निगम परियोजनाओं, वित्त, कौशल प्रशिक्षण और अन्य विभागों से संबंधित फाइलों के डिजिटल प्रसंस्करण के लिए ई–ऑफिस का उपयोग कर रहा है। प्रधान कार्यालय और संपर्क केंद्रों पर तैनात सभी कार्मिकगण कार्यालयी कार्यों के लिए ई–ऑफिस का उपयोग कर रहे हैं। कार्मिकगण एनआईसी वेब वीपीएन के माध्यम से बाहरी नेटवर्क और दूरस्थ स्थानों से भी ई–ऑफिस का उपयोग कर रहे हैं।

आपका निगम अपने विभिन्न विभागों जैसे वित्त, परियोजना, मानव संसाधन, प्रशासन, कौशल प्रशिक्षण और अन्य की गतिविधियों के लिए एक ईआरपी सॉफ्टवेयर विकसित करने की प्रक्रिया में है। इस सॉफ्टवेयर का उपयोग चैनल भागीदारों को भेजी जाने वाली स्वचालित मांग तैयार करने, विभिन्न विभागों के लिए एमआईएस रिपोर्ट तैयार करने आदि के लिए किया जाएगा।

एनएसएफडीसी लाभार्थी पूछताछ और अनुप्रयोग प्रबंधन (बीईएएम) मोबाइल ऐप का भी उपयोग कर रहे हैं जो नागरिकों को व्यवसायिक ऋण, शिक्षा ऋण और कौशल प्रशिक्षण से संबंधित पूछताछ प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान करता है। मोबाइल ऐप आपके निगम और अन्य एससीए के अधिकारियों को जागरूकता शिविर, मेला आदि में भाग लेने वाले आगंतुकों की ऋण और कौशल प्रशिक्षण पूछताछ की सुविधा प्रदान कर रहा है। मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर 'NSFDC BEAM' के रूप में उपलब्ध है।

आपका निगम एक गतिशील, दिव्यांग अनुकूल, द्विभाषी वेबसाइट का भी अनुरक्षण करता है जो भारत सरकार की वेबसाइट (जीआईजीडब्ल्यू) के लिए दिशा–निर्देशों के अनुरूप है। वेबसाइट एनआईसी क्लाउड सर्वर पर होस्ट की गई है जो सिक्योर सॉकेट लेयर (एसएसएल) प्रमाण–पत्र और नियमित सुरक्षा ऑडिट द्वारा सुरक्षित है।

आपका निगम विभिन्न रिपोर्ट के सृजन के लिए आंतरिक रूप से तैयार किए गए मॉड्यूल में परियोजना से संबंधित आंकड़े के लिए डेटाबेस का अनुरक्षण करता है। विभिन्न वायरसों, स्पाइवेयर, एडवेयर और अन्य दोषपूर्ण प्रोग्रामों के प्रति डेटा, हार्डवेयर और नेटवर्क की व्यापक सुरक्षा के लिए, आपके निगम ने एंटीवायरस सॉफ्टवेयर संस्थापित किया है, जिसे आवधिक रूप से पर अपडेट किया जाता है। रिपोर्ट वर्ष के दौरान आईटी उपकरणों को मजबूत करने के लिए, पर्सनल कम्प्यूटर, सहायक उपकरण और अनुलग्नक उपकरण खरीदे गए।

5. मानव संसाधन विकास

5.1 मानव पूंजी और एनएसएफडीसी कार्मिकों का प्रशिक्षण

31 मार्च, 2024 तक निगम की जनशक्ति 79 कर्मचारी हैं जो निगम के मुख्यालय और चार संपर्क केंद्रों में तैनात हैं। निगम प्रशिक्षण और विकास को संगठनात्मक गतिविधि से संबंधित कार्य मानता है जिसका उद्देश्य संगठनात्मक व्यवस्था में व्यक्तियों और समूहों के कार्य प्रदर्शन में सुधार करना है। अपने मानव संसाधन के कौशल को अधिनियमों, नियमों और व्यावसायिक लक्ष्यों की नवीनतम आवश्यकताओं के साथ संरेखित करने के लिए, आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के अलावा, निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न प्रमुख संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामित किया गया। इस संबंध में प्रशिक्षण और संस्थानों का विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम	आयोजक
(i)	महिला पहले – "अगली पीढ़ी को प्रेरित करना" (11 अप्रैल, 2023)	सीआईआई, दिल्ली
(ii)	परियोजना प्रबंधन दक्षता निर्माण (10 से 13 जुलाई, 2023)	स्कोप, नई दिल्ली के माध्यम से परियोजना प्रबंधन एसोसिएट्स।
(iii)	महिला कार्यपालकों के लिए नेतृत्व विकास पर कार्यशाला (13 से 14 जुलाई, 2023)	स्कोप, नई दिल्ली
(iv)	आरक्षण नीति और आरक्षण रोस्टर की तैयारी/ अनुरक्षण पर कार्यशाला (10 से 11 अगस्त, 2023)	श्री एस.एम. गुप्ता, सलाहकार–सह–प्रशिक्षक (पूर्व संकाय, आईएसटीएम) के माध्यम से एनएसएफडीसी
(v)	सुशासन पर कार्यशाला (21 दिसंबर, 2023)	डीओएआरपीजी, कार्मिक मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
(vi)	सीपीएसई के सरकारी निदेशकों की क्षमता निर्माण के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (15–16 फरवरी, 2024 – उदयपुर)	पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सहयोग से डीपीई
(vii)	सीपीआईओ और एए के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम (18–20 मार्च, 2024– गोवा)	भारत सचिवालय प्रशिक्षण एवं विकास संस्थान, दिल्ली

5.2 निगम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग श्रेणी के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व

आपका निगम कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), कार्मिक, पी.जी. एवं पेंशन मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों और दिव्यांगजन श्रेणियों के लिए आरक्षण एवं रियायतों पर जारी निर्देशों के अनुसार सरकार की नीति का पालन कर रहा है। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों और दिव्यांगजन श्रेणियों के प्रतिनिधित्व से संबंधित निर्धारित प्रारूप में आवश्यक डेटा क्रमशः अनुलग्नक–V, VI और VII में दिए गए हैं।

5.3 भर्ती में अल्पसंख्यकों को विशेष ध्यान देने के उपाय

आपका निगम अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सरकार की नीति का पालन कर रहा है, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ अल्पसंख्यकों की भर्ती में विशेष ध्यान देने की परिकल्पना की गई है।

5.4 कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी):

निगम की कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के लिए शून्य सहनशीलता नीति है और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा–4 के अनुपालन में, आपके निगम ने संगठन के परिसर में यौन उत्पीड़न की घटनाओं/शिकायतों, यदि कोई है, की जांच करने के लिए 09 जुलाई, 2019 को मुख्यालय और संपर्क केंद्र स्तर पर 'आंतरिक शिकायत समिति' का पुनर्गठन किया है। सक्षम प्राधिकारी ने निम्नानुसार समिति का गठन किया :

(i) श्रीमती अर्चना मेहरा, प्रबंधक (परियोजना) – पीठासीन अधिकारी
(ii) श्री एस. के. पाल, उप महाप्रबंधक (परियोजना) – सदस्य
(iii) श्री टी. सतीश, सहायक महाप्रबंधक (परियोजना) – संपर्क केंद्र के सदस्य
(iv) श्री गुंजन सिंह, एनजीओ से एक प्रतिनिधि – सदस्य प्रतिनिधि
(v) श्रीमती हरीश रायजादा, उप प्रबंधक – सदस्य
(vi) श्रीमती विजया लक्ष्मी बी., कनिष्ठ कार्यपालक – संपर्क केंद्र की सदस्य

आंतरिक शिकायत समिति के सभी सदस्यों के नाम और संपर्क विवरण प्रधान कार्यालय और सभी संपर्क केंद्रों के बोर्ड पर प्रमुखता से प्रदर्शित किए गए हैं। आंतरिक शिकायत समिति कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (एसएचडब्ल्यूडब्ल्यू) अधिनियम, हैंडबुक, शी–बॉक्स लिंक (http://www.shebo.nic.in/user/faq) और ई–मेल आईडी (nsfdc.shwwicc@gmail.com) से संबंधित सभी जानकारी एनएसएफडीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। पीड़ित महिला कर्मचारियों को अपनी शिकायतें समिति को प्रस्तुत करनी होंगी। वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान, निगम को अपने कर्मचारियों से यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत नहीं मिली है।

आईसीसी की बैठकें

वर्ष के दौरान, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए एनएसएफडीसी आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की चार बैठकें 01.05.2023, 03.07.2023, 09.10.2023 और 08.01.2024 को आयोजित की गईं।

एसएचडब्ल्यूडब्ल्यू संबंधी आईसीसी की वार्षिक रिपोर्ट

इसके अलावा, अधिनियम की धारा 22 के अनुपालन में, यौन उत्पीड़न की घटनाओं पर वार्षिक रिपोर्ट निम्नानुसार है:

क्रम	विवरण	टिप्पणी
(i)	वर्ष में प्राप्त यौन उत्पीड़न की शिकायतों की संख्या	शून्य
(ii)	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	लागू नहीं
(iii)	90 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों की संख्या	लागू नहीं
(iv)	यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम पर आयोजित कार्यशालाओं की संख्या	शून्य
(v)	नियोक्ता द्वारा की गई कार्रवाई की प्रकृति	अपेक्षित नहीं

6. अन्य उपलब्धियां

6.1 राजभाषा

6.1.1 राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

एनएसएफडीसी में राजभाषा नीति के अनुसार, राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में 'एनएसएफडीसी राजभाषा कार्यान्वयन समिति' गठित है और इसकी बैठकें प्रत्येक तिमाही में नियमित रूप से आयोजित हुई। वर्ष के दौरान, एनएसएफडीसी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की कुल चार बैठकें दिनांक 12.07.2023, 27.10.2023,

15.01.2024 और 22.03.2024 को आयोजित की गईं। समिति ने इस संबंध में, आवधिक रूप से प्रगति की समीक्षा की और उसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सुझावों और संस्तुत उपायों कर किया गया।

6.1.2 राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

केंद्रीय सरकार की राजभाषा नीति के अनुसरण में, राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेजों को द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी दोनों में) रूप से जारी किया गया। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2023–24 और अन्य आदेश/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निगम के सभी विभागों/अनुभागों/संपर्क केंद्रों को प्रेषित किया गया। राजभाषा नीति के अनुपालन में जांच बिंदु जारी किए गए।

6.1.3 हिंदी कार्यशाला का आयोजन

वर्ष के दौरान, दिनांक 11.07.2023, 27.10.2023, 30.11.2023 और 12.03.2024 को चार इन–हाउस कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिनमें एनएसएफडीसी कार्मिकों को राजभाषा हिंदी में टिप्पण और मसौदा लेखन के लिए प्रोत्साहित करने के साथ–साथ राजभाषा हिंदी का बेहतर उपयोग करने और इनस्क्रिप्ट/लिप्यंतरण/कंप्यूटर पर गूगल वॉयस टाइपिंग टूल्स के साथ यूनिकोड में हिंदी टाइपिंग, हिंदी तिमाही रिपोर्ट भरने, ई–ऑफिस पर राजभाषा हिंदी में कार्य, एमएस आफिस और एक्सेल में हिंदी में कार्य, संघ की राजभाषा नीति के नवीनतम प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

6.1.4 हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़ा

इस वर्ष के दौरान, 14 सितंबर, 2023 को हिंदी दिवस पुणे, महाराष्ट्र में मनाया गया। गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार, हिंदी पखवाड़ा पुणे, महाराष्ट्र से शुरू हुआ और अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए निगम के प्रधान कार्यालय और संपर्क केंद्रों में दिनांक 14 से 29 सितंबर, 2023 के दौरान एनएसएफडीसी राजभाषा हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर गृह मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री और एनएसएफडीसी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के संदेश पढ़े गए। राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के दौरान मुख्यालय, दिल्ली और संपर्क केंद्रो में हिंदी टिप्पण/प्रारूपण, कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता, हिंदी कहानी लेखन प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोत्तरी, काव्य पाठ, चित्र अभिव्यक्ति और अन्ताक्षरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

6.1.5 हिंदी प्रोत्साहन योजनाएं

राजभाषा नीति के कार्यान्वयन और कर्मचारियों को उनके सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकतम प्रयोग हेतु प्रेरित करने के लिए एनएसएफडीसी विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं चला रहा है जैसे, (1) मूल हिंदी टिप्पण/आलेखन प्रोत्साहन योजना, (2) अधिकारियों द्वारा हिंदी में अधिकाधिक डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन योजना, (3) हिंदी में टाइपलेखन और आशुलिपि कार्य करने के लिए प्रोत्साहन भत्ता योजना, (4) एनएसएफडीसी राजभाषा चल शील्ड योजना, (5) श्री शंकर दयाल सिंह राजभाषा सम्मान योजना और (6) समवर्ती मूल्यांकन पुरस्कार योजना।

6.1.6 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास)

राजभाषा विभाग के दिनांक 22.11.1976 के कार्यालय ज्ञापन सं. 1/14011/12/76–आरबी (केए–1) के अनुसार, देश के उन सभी शहरों में जहां केंद्र सरकार के 10 या अधिक कार्यालय हैं, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया जा सकता है। इस समिति का गठन राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर भारत सरकार के सचिव (राजभाषा) के अनुमोदन से किया जाता है। एनएसएफडीसी, नराकास (उपक्रम–1) का सदस्य है और वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों में नियमित रूप से भाग लेता है। प्रत्येक छमाही में, निगम की छमाही प्रगति रिपोर्ट नराकास और राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों को भेजी जाती है।

नराकस द्वारा आयोजित बैठक में एनएसएफडीसी की भागीदारी रही है। बैठक में हुई चर्चा पर अनुवर्ती कार्रवाई भी की जाती है और नराकस सचिवालय को सूचित किया जाता है।

प्रतिवेदित अवधि के दौरान नेशनल शेड्यूल्ड कास्टस फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एनएसएफडीसी) से श्री पुखराज मीणा, कार्यपालक को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम–1) के तत्वावधान हिंदुस्तान पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

नराकास के तत्वधान में एचपीसीएल द्वारा आयोजित हिंदी निबंध प्रतियोगिता में एनएसएफडीसी को पुरस्कार प्राप्त हुआ।

6.1.7 मंत्रालय द्वारा एनएसएफडीसी का राजभाषा निरीक्षण

वर्ष के दौरान, दिनांक 30.11.2023 को राजभाषा विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एनएसएफडीसी का राजभाषा भाषा संबंधी निरीक्षण किया गया। मंत्रालय द्वारा निगम के राजभाषा विभाग द्वारा किए गए कार्यों के अलावा निगम के अन्य विभागों की फाइलों ई–ऑफिस और ईमेल पर हिंदी में काम, निगम बोर्ड, नेम प्लेट, सूचना पट्ट, पुस्तकालय, पत्रिका आदि का निरीक्षण किया और सभी कार्य संतोषजनक पाए गए।

6.2 सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का आयोजन

केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशों के अनुसार, आपके निगम ने 30.10.2023 से 5.11.2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2023 मनाया, जिसका विषय था 'भ्रष्टाचार का विरोध करें' राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें /Say no to corruption; commit to the Nation

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 की शुरुआत 30.10.2023 को सुबह 11:00 बजे से विभिन्न क्षेत्रों में स्थित एनएसएफडीसी के सभी कार्यालयों में सभी कार्मिकों द्वारा ऑनलाइन 'ई–सत्यनिष्ठा शपथ' लेने के साथ हुई।

सप्ताह के दौरान, निगम ने कार्मिकों को भ्रष्टाचार मुक्त सत्व विचार स्थापित करने/पारदर्शिता लाने, पूर्ण ईमानदारी बनाए रखने और हर समय कर्तव्य के प्रति समर्पण की दिशा में काम करने के लिए संवेदनशील बनाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम/कार्यशालाएं/क्षमता निर्माण प्रशिक्षण आयोजित किए। पोस्टर/स्टैंडी/बैनर बनवाए।

पीआईडीपीआई (सार्वजनिक हित प्रकटीकरण और मुखबिरों की सुरक्षा) के पोस्टर और बैनर तैयार किए गए और निगम के प्रधान कार्यालय, संपर्क केंद्रों और प्रशिक्षण भागीदारों के केंद्रों आदि के परिसरों में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए गए।

आपके निगम के प्रधान कार्यालय में दिनांक 02.11.2023 और 03.11.2023 को दो कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिनमें श्री रंजन कुमार, पूर्व संकाय सलाहकार, आईएसटीएम, नई दिल्ली द्वारा शासन में नैतिकता और पारदर्शिता, अनुशासनात्मक कार्यवाही और निवारक सतर्कता पर सत्र लिए गए।

सतर्कता सप्ताह के दौरान आउटरीच गतिविधियों के रूप में, आपके निगम के संबंधित संपर्क केंद्रों के सहयोग से लखनऊ और मुंबई में दो अलग–अलग स्कूलों में क्रमशः 02.11.2023 और 03.11.2023 को निबंध–लेखन प्रतियोगिताएं और नारा लेखन/ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

इसके अलावा, केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशों के अनुसार और सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के आरंभ में, आपके निगम ने सभी मंत्रालयों/विभागों/संगठनों के लिए ध्यान दिए जाने वाले क्षेत्रों के रूप में कुछ निवारक सतर्कता उपायों पर प्रकाश डालते हुए तीन महीने का अभियान (16.08.2023 से 15.11.2023 तक) भी चलाया। इसमें शामिल छह केंद्र बिंदु क्षेत्र थेः (क) पीआईडीपीआई समाधान के बारे में जागरूकता पैदा करना, (ख) क्षमता निर्माण कार्यक्रम, (ग) प्रणालीगत सुधार उपायों की पहचान और कार्यान्वयन, (घ) शिकायत निपटान के लिए आईटी का लाभ उठाना, (ड.) परिपत्रों/दिशानिर्देशों/मैनुअल का अद्यतन करना, और (च) 30.06.2023 से पहले प्राप्त शिकायतों का निपटान।

6.3 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन

आपका निगम एक सार्वजनिक प्राधिकरण है, जिसका स्वामित्व सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के पास है। केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सी.पी.आई.ओ.) की नियुक्ति प्रबंधन द्वारा की जाती है। वर्तमान सी.पी.आई.ओ. श्रीमती अन्नु भोगल, महाप्रबंधक/कंपनी सचिव हैं, जो अक्टूबर, 2005 से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन कर रही हैं।

(i) निगम के कार्यों तथा इसके पदाधिकारियों आदि का विवरण निगम की वेबसाइट (www.nsfdc.nic.in) पर डाल दिया गया है।

(ii) अधिनियम के अंतर्गत यथापेक्षित मैनुअलों को अद्यतन कर वेबसाइट पर डाल दिया गया है।

(iii) निगम ने अधिनियम के तहत अपेक्षित जन सूचना अधिकारी, पारदर्शिता अधिकारी तथा अपीलीय प्राधिकारी भी नियुक्त किए हैं।

(iv) निगम आरटीआई के शुरूआती कार्मिक एवं प्रशिक्षण वर्ष 2016–17 से ही विभाग द्वारा प्रबंधित आर.टी.आई. ऑनलाइन पोर्टल पर संरेखण के माध्यम से आर.टी.आई. को ऑलनाइन कार्यान्वित कर रहा है।

(v) वर्ष 2023–24 के दौरान 143 (पिछले वर्ष 99) आवेदन प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान 11 (पिछले वर्ष 8) अपीलें प्राप्त हुईं। वर्ष के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का निपटान निर्धारित समय सीमा के भीतर किया गया।

(vi) डीओपीटी के दिनांक 15.04.2013 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/6/2011–आईआर के संबंध में, जैसा कि दिनांक 07.11.2019 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा संशोधित किया गया है, इस निगम ने समय सीमा के भीतर आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 4 के तहत स्व–प्रेरणा प्रकटीकरण को लागू किया है।

(vii) प्रत्येक तिमाही में वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान केंद्रीय सूचना आयोग को ऑनलाइन रिपोर्ट की गई आरटीआई आवेदनों की स्थिति नीचे दी गई है :–

	तिमाही की शुरुआत में प्रारंभिक शेष	धारा 6(3) के अंतर्गत अन्य जन प्राधिकारी से स्थानांतरित होकर प्राप्त आवेदनों की संख्या	तिमाही के दौरान प्राप्त (अन्य जनप्राधिकारी को हस्तांतरित मामलों सहित)	धारा 6(3) के अंतर्गत अन्य जनप्राधिकारी को हस्तांतरित मामलों की संख्या	निर्णय, जहां अनुरोध/अपील अस्वीकृत कर दिए गए	निर्णय, जहां अनुरोध/अपील स्वीकार किए गए
पहली तिमाही के दौरान प्रगति (अप्रैल से जून, 2023)						
अनुरोध	2	08	19	08	0	20
प्रथम अपील	0	लागू नहीं	02	लागू नहीं	0	01
(i) लेखांकन वर्ष के अंत में किसी आपूर्तिकर्ता को भुगतान न की गई बाकी मूल राशि	7.17	4.67
(ii) लेखांकन वर्ष के अंत में किसी आपूर्तिकर्ता को भुगतान न की गई राशि पर देय ब्याज	-	-
(iii) निश्चित तारीख के पश्चात किए गए भुगतान की राशियों के साथ भुगतान किए गए ब्याज की राशि	-	-
(iv) वर्ष के लिए देय और भुगतान योग्य ब्याज की राशि	-	-
(v) लेखांकन वर्ष के अंत में उपार्जित ब्याज की राशि और शेष अप्रदत्त	-	-
(vi) आगामी देय ब्याज की राशि और आगामी वर्ष में भी भुगतान योग्य, जब तक कि उस तारीख तक उक्त देय ब्याज का वास्तव में भुगतान नहीं कर दिया जाता।	-	-

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को देय राशियां, उस सीमा तक निर्धारित की गई हैं, जिस सीमा तक, प्रबंधन द्वारा प्राप्त की गई सूचना के आधार पर इन पार्टियों की पहचान कर ली गई है। इस पर, लेखापरीक्षकों द्वारा विश्वास किया गया है।

35 राष्ट्रीय स्तर के निगम और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के साथ किए गए लेन-देन के कारण, प्राप्य/देय सेट ऑफ के बाद वसूल की जाने वाली कुल राशि रु.291.73 लाख (31.03.2023 को रु.58.43 लाख) है, जो आम तौर पर/उनकी ओर से आयोजित कार्यक्रमों के लिए है।

36 निगमित सामाजिक दायित्व

निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) व्यय का गतिविधिवार विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ लाख में)

सीएसआर व्यय	**वित्तीय वर्ष**	
	2023-24	**2022-23**
(i) किसी संपत्ति का निर्माण / अधिग्रहण	16.07	शून्य
(ii) उपरोक्त (i) के अलावा अन्य उद्देश्यों पर		
स्वास्थ्य देखभाल/पोषण के अंतर्गत विषयगत गतिविधियां	65.9	68.93
"अन्य गतिवियां (शिक्षा, राशन किट वितरण, बर्तन वितरण)"	4.15	13.77
कुल	**86.12**	**82.70**

36.1 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के साथ पठित उसकी अनुसूची VII के अनुसार सीएसआर व्यय के संबंध में प्रकटीकरण :

(क) व्यय की जाने वाली राशि का ब्योरा

(₹ लाख में)

विवरण	**31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए**	**31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए**
(i) ईओआईओई		
2016-17		-
2017-18		-
2018-19	-	-
2019-20	-	6,097.91
2020-21	4,782.13	4,782.13
2021-22	4,877.62	4,877.62
2022-23	4,761.39	-
(ii) कुल (ईओआईओई)	**14,421.14**	**15,757.66**
(iii) घटाएं: परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए समायोजन	**0.06**	1.60
(iv) निवल लाभ	14,421.08	15,756.06
(v) औसत (iv/3)	4,807.03	5,252.02
(vi) (v) का 2%	**96.14**	**105.04**
(vii) वर्ष के आरंभ में अव्ययित राशि	**88.88**	**63.38**
(vii) अव्ययित राशि पर अर्जित ब्याज	**3.50**	**3.16**
(viii) वर्ष के दौरान व्ययित राशि	**86.12**	82.70
(ix) वर्ष के अंत में अव्ययित राशि (vi+vii-viii)	**102.40**	**88.88**

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेसं एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एनएसएफडीसी)

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

36.2 अव्ययित राशि चल रही परियोजनाओं से संबंधित है। चल रही सीएसआर परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है :

(₹ लाख में)

क्र. सं.	कार्यान्वयन एजेंसी	परियोजना का नाम	आरंभिक वर्ष	राज्य	स्वीकृत राशि	संवितरित राशि
1	नेत्रम आई फाउंडेशन	28 आकांक्षी जिलों और 2 पिछड़े जिलों में 30 चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर	2022-23	संपूर्ण भारत	16.47	1.65
2	श्री जागृति सेवा संस्थान, उदयपुर	उदयपुर छात्रावास में शौचालय और स्नानघर का निर्माण	2022-23	उदयपुर, राजस्थान	7.30	3.65
3	एचएलएल मैनेजमेंट एकेडमी	20 सैनिटरी वेंडिंग मशीनें और भस्मक	2022-23	संपूर्ण भारत	13.14	3.94
4	स्वावलंबन	बोतल क्रशिंग मशीन (2 राज्यों यानी हरियाणा और दिल्ली में 3 मशीनें)	2022-23	हरियाणा, दिल्ली	7.98	0.80
5	बोली के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर (एचएलएफपीपीटी)	02 राज्यों के 10 आकांक्षी जिलों में स्वास्थ्य शिविर	2022-23	संपूर्ण भारत	5.49	1.65
6	पीएम केयर्स फंड	पीएम केयर्स फंड में सीएसआर योगदान	2022-23	संपूर्ण भारत	33.15	33.15
7	पीएम केयर्स फंड	पीएम केयर्स फंड में सीएसआर योगदान	2022-23	संपूर्ण भारत	0.03	0.03
8	लोक प्रयास सोसाइटी	ग्रामीण क्षेत्रों में 2 सरकारी स्कूलों में बोरवेल और आरओ प्लांट की संस्थापना	2022-23	गोरखपुर, उत्तर प्रदेश	7.65	3.82
9	एम.एम.बी.ए.	कोविड 19 से प्रभावित राजस्थान के बाड़मेर जिले के सीमांत और कमजोर लोगों को राशन किट का वितरण (300 किट)	2020-21	बाड़मेर, राजस्थान	2.25	0.56
	पिछले वर्ष (क) के संदर्भ में वर्ष 2023-24 के दौरान खर्च की गई राशि का उप-योग					**49.25**
	ख : नइ संस्वीकृतियों के विरुद्ध वर्ष 2023-24 के दौरान संवितरण					
क्र. सं.	**कार्यान्वयन एजेंसी**	**परियोजना का नाम**	**आरंभिक वर्ष**	**राज्य**	**स्वीकृत राशि**	**संवितरित राशि**
1	नेत्रम आई फाउंडेशन	टोंक राजस्थान में स्वास्थ्य शिविर	2023-24	टोंक	0.55	0.38
2	स्वावलंबन	बोतल क्रशिंग मशीन (2 मशीनें)	2023-24	उत्तराखंड और मध्यप्रदेश	5.32	5.32
3	एनएसएफडीसी	स्वच्छता पखवाड़ा (2023-24)	2023-24	दिल्ली	0.09	0.09
4	स्वावलंबन	बोतल क्रशिंग मशीन (2 मशीनें)	2023-24	गोरखपुर और दिल्ली	5.32	5.32
5	एनएसएफडीसी	स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 0.3	2023-24	दिल्ली	0.22	0.22
6	स्वावलंबन	स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 0.2 (03-31 अक्टूबर)	2023-24	दिल्ली	0.34	0.34
7	लोक प्रयास सोसायटी	कुंभ मेले के दौरान बाढ़ प्रभावितों को भोजन वितरण के लिए बर्तनों की खरीद	2023-24	गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)	1.59	1.59
8	रोगी कल्याण समिति	सामुदायिक भवन का निर्माण	2023-24	टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश)	41.40	12.42
9	एचएलएफपीपीटी	आर.ओ. प्लांट और सोलर पैनल	2023-24	हाथरस (उ.प्र)	7.83	3.87
10	स्वावलंबन	श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में 2 प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनें	2023-24	अयोध्या (उ.प्र)	5.32	5.32
11	केंद्रीय सैनिक बोर्ड	केंद्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा हवलदार तक के ईएसएम के आश्रितों के लिए शिक्षा अनुदान	2023-24	दिल्ली	2.00	2.00
	वर्ष 2023-24 संस्वीकृति से संबंधित वर्ष 2023-24 के दौरान खर्च की गई राशि का उप-योग (ख)				69.98	36.87
	सकल योग (क + ख)					**86.12**

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेसं एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एनएसएफडीसी)

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

दिनांक 31.03.2023 की स्थिति में (चालू परियोजना) पर अव्ययित राशि का विवरण

(₹ लाख में)

प्रारंभिक जमा		वर्ष के दौरान खर्च की जाने वाली राशि	वर्ष के दौरान व्यय की गई राशि			जमा शेष
कंपनी के साथ	अलग सीएसआर खाते में		कंपनी के बैंक खाते से	अलग सीएसआर अव्ययित खाते से	कंपनी के साथ	अलग सीएसआर खाते में
44.79	11.80	105.05	71.89	10.81	33.15	55.73

दिनांक 31.03.2024 की स्थिति में (चालू परियोजना) पर अव्ययित राशि का विवरण

(₹ लाख में)

प्रारंभिक जमा		वर्ष के दौरान खर्च की जाने वाली राशि	वर्ष के दौरान व्यय की गई राशि			जमा शेष
कंपनी के साथ	अलग सीएसआर खाते में		कंपनी के बैंक खाते से	अलग सीएसआर अव्ययित खाते से	कंपनी के साथ	अलग सीएसआर खाते में
33.15	55.73	99.64	85.56	0.56	43.73	58.67

36.3 (i) 31.03.2024 तक चालू पिछले वर्ष की परियोजना पर अव्ययित राशि के कारण आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास रु.58.67 लाख (पिछले वर्ष रु.55.73 लाख) जमा हैं।

(ii) 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में रु.16.67 लाख (पिछले वर्ष रु.21.18 लाख) की राशि के सीएसआर व्यय के लिए प्रावधान किया गया है/बकाया है।

(iii) वर्ष 2023-24 के दौरान, अव्ययित राशि परियोजना के आनुपातिक/आवश्यक, पूर्णता के आधार पर किस्तों में या चरणबद्ध तरीके से जारी की जानी है।

(iv) 31.3.2024 को कंपनी के पास अव्ययित राशि रु.43.20 लाख समय सीमा के भीतर (यानी 30 अप्रैल 2024) अव्ययित सीएसआर निधि 2023-24 में स्थानांतरित कर दी गई है। 26.06.2024 को पीएम केयर फंड में रु.0.56 लाख की राशि हस्तांतरित की गई।

(v) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(6) के तहत, 24.04.2024 को 3 वर्षों से अधिक यानी वित्तीय वर्ष 2020-21 से संबंधित रु.11.13 लाख की अव्ययित राशि पीएम केयर फंड (अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट फंड) में स्थानांतरित कर दी गई है।

37 "मध्य प्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एमपीएससीएफडीसी) ने मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000, जो तत्कालीन मध्य प्रदेश राज्य (एमपी) के छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में द्विभाजन के कारण निगम/राज्य सरकार के बीच परिसंपत्तियों और दायित्वों के अंतरण को विनियमित करता है, के अनुसार एनएसएफडीसी के अपने ऋण पोर्टफोलियो द्विभाजित कर दिए। तत्कालीन एमपीएससीएफडीसी के द्विभाजन के कारण एमपीएसडीएफडीसी और छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त विकास निगम (सीएसएएसएफडीसी) के बीच ऋण देयता के संविभाजन का मामला, अपर रजिस्ट्रार सहकारी समिति द्वारा मध्य प्रदेश सहकारी अधिकरण, भोपाल को संदर्भित किया गया था क्योंकि एमपीएससीएफडीसी द्वारा किया गया द्विभाजन, सीएसएएसएफडीसी को स्वीकार्य नहीं था। एमपीएससीएफडीसी के पक्ष में दिया गया न्यायाधिकरण का निर्णय, सीएसएएसएफडीसी द्वारा स्वीकार नहीं किया गया और उसने इस निर्णय के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश, जबलपुर के समक्ष अपील दायर की।

न्यायालय द्वारा निर्णय लंबित रहने तक सीएसएएसएफडीसी द्वारा रु.210.09 लाख की ऋण देयता तथा देय ब्याज स्वीकार कर लिया गया है तथा उसे चुका दिया गया है। 31.03.2024 तक मूलधन के रूप में रु.835.93 लाख (पिछले वर्ष रु.835.93 लाख) तथा ब्याज के रूप में रु.1,369.12 लाख (पिछले वर्ष रु.1,280.52 लाख) की ऋण देयता सीएसएएसएफडीसी द्वारा स्वीकार नहीं की गई है, जिसे एमपीएससीएफडीसी के विरुद्ध दर्शाया जाना जारी है तथा उनसे इसके पुनर्भुगतान की मांग की जा रही है।

38 31.03.2024 तक कर्ज की कुल राशि रु.40,508.32 लाख (31.03.2023 से रु.34,481.29 लाख) है, जिसमें रु.3,783.63 लाख (31.03.2023 से रु.3,215.39 लाख) का ब्याज शामिल है।

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेसं एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एनएसएफडीसी)
31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

38.1 जिन "एससीए/सीए" का बकाया (3 वर्ष से अधिक सहित) है, उनका विवरण नीचे दिया गया है :

(₹ लाख में)

क्र. सं.	एजेंसी	राज्य	कुल बकाया 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार	3 वर्ष से अधिक बकाया राशि
1	एपीएससीडीसी	आंध्र प्रदेश	13,176.72	-
2	एएनआईके	महाराष्ट्र	79.12	-
3	बैंक ऑफ बड़ौदा	गुजरात	444.05	-
4	बीएससीडीसी	बिहार	1,634.75	1,462.11
5	सीएससीएफडीसी	चंडीगढ़	2.81	-
6	सीटीएससीडीसी	छत्तीसगढ़	2,345.37	1,484.18
7	डीएसएफडीसी	दिल्ली	372.36	-
8	जीएससीडीसी	गुजरात	5,648.93	516.16
9	जेएंडकेएससीडीसी	जम्मू और कश्मीर	360.53	-
10	जेएससीडीसी	झारखंड	536.12	507.80
11	लिडकॉम	महाराष्ट्र	546.28	-
12	एमपीएससीएफडीसी	मध्य प्रदेश	2,205.05	1,970.73
13	एमएसटीसीबी	मणिपुर	153.45	147.88
14	एमपीबीसीडीसी	महाराष्ट्र	4,929.11	-
15	पाडको	पुद्दुचेरी	215.56	0.65
16	पीबीजीबी	पुद्दुचेरी	168.10	-
17	पीएसएलडीएफसी	पंजाब	24.37	-
18	आरएससीडीसी	राजस्थान	3,189.34	-
19	एसएससीबीसीडीसी	सिक्किम	234.02	9.36
20	थाडको	तमिलनाडु	561.34	-
21	टीएससीडीसी	त्रिपुरा	3,507.02	567.94
22	यूपीएससीडीसी	उत्तर प्रदेश	8.20	8.20
23	आईओबी	चैन्ने	165.72	-
	कुल		**40,508.32**	**6,675.01**

38.2 78,721.72 लाख रुपये की संवितरित धनराशि (31.03.2023 तक 58,854.88 लाख रुपये) कार्यान्वयन के अधीन है, जिसके लिए उपयोग प्रमाण पत्र की प्रतीक्षा है।

क्र. सं.	एजेंसी	राज्य	लंबित उपयोग प्रमाण पत्र (₹ लाख में) 2023-24	2022-23
1	पश्चिम बंगाल	डब्ल्यूबीएससीएसटीडीएफसी	7,998.38	9,169.30
2	आंध्र प्रदेश	एपीएससीसीएफसी	5,929.37	5,982.87
3	महाराष्ट्र	एमपीबीसीडीसी	5,611.31	4,704.69
4	गुजरात	जीएससीडीसी	3,639.29	3,639.29
5	राजस्थान	आरएससीडीसी	8,068.46	3,206.57
6	त्रिपुरा	टीएससीडीसी	2,131.71	2,639.42
7	केरल	केएसडीसी	3,321.06	2,492.69
8	तमिलनाडु	थाडको	161.11	1,955.89
9	केरल	केएसडब्ल्यूडीसी	2,255.91	1,723.76
10	जम्मू और कश्मीर	जेकेएससीएसटीबीसीडीसी	1,588.74	1,452.01
11	उत्तर प्रदेश	बीपीयूजीबी	1,128.83	1,281.72
12	दिल्ली	डीएसएफडीसी	1,247.79	997.72
13	हिमाचल प्रदेश	एचपीएससीएसटीडीसी	973.57	812.20
14	हरियाणा	एचएससीडीसी	1,533.54	795.74
15	महाराष्ट्र	लिडकॉम	2,734.45	749.01
16	छत्तीसगढ़	सीजीएससीएफडीसी	676.52	673.52
17	झारखंड	जेएससीडीसी	301.28	301.28
18	पुद्दुचेरी	पाडको	102.97	230.15
19	चंडीगढ़	सीएससीएफडीसी	128.68	128.68
20	गुजरात	जीएससीएमबीसीडीसी	50.56	50.56
21	शेष चैनल पार्टनर		29,138.19	15,867.81
	कुल		**78,721.72**	**58,854.88**

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेसं एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एनएसएफडीसी)
31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

39 आय कर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत कर से छूट

आयकर/आस्थगित कर के लिए कोई प्रावधान किए जाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि निगम की आय, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(26)(ख) के अंतर्गत आयकर से छूट प्राप्त है।

इसके अलावा सीबीडीटी ने दिनांक 29.05.2017 को परिपत्र सं. 18/2017 जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि धारा-10 खंड (26बी) में संदर्भित अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों या पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के हितों को बढ़ावा देने की दृष्टि से स्थापित निगम, निकाय, संस्था या संगठन के मामले में, जिनकी आय में अप्रतिबंधित रूप से छूट प्राप्त है और जिन्हें आयकर अधिनियम, 1961 की धारा-139 के अनुसार वैधानिक रूप से आयकर विवरणी दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है, वहां स्रोत पर कर कटौती की कोई आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि उनकी आय भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 की धारा-10 (26 बी) के तहत कर से छूट प्राप्त है।

40 भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 के तहत छूट

भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 29.04.2011 के पत्र संख्या डीएनबीएस.एनडी.संख्या 4175एमआई/10.01.001/2010-11 के अंतर्गत यह प्रमाणित किया है कि एनएसएफडीसी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-1क के उपबंधों और कंपनी के सामुदायिक सेवा में नियोजित एक 'लाभ निरपेक्ष' कंपनी के रूप में भारत सरकार द्वारा वर्गीकृत किए जाने के कारण कंपनी (एनएसएफडीसी) के आधार पर अन्य विनियामक और विवेकपूर्ण मानकों से बैंक द्वारा छूट प्रदान कर दी गई है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने बोर्ड के संकल्प की प्रति प्रस्तुत करने की सलाह दी जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि कंपनी (एनएसएफडीसी) जनता से निक्षेप स्वीकार नहीं करेगी। तद्नुसार दिनांक 30 मई, 2011 को हुई बोर्ड की 118वीं बैठक में संकल्प पारित किया गया है और यह संकल्प दिनांक 13 जून, 2011 के पत्र संख्या एनएसएफडीसी/एसईसीटी/193/2010/2704 के द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया गया है।

41 भौतिक वस्तुओं पर भारतीय लेखांकन मानक की प्रायोज्यता

पूर्व अवधि की मदों तथा लेखांकन नीतियों में परिवर्तनों की प्रायोज्यता भारतीय लेखांकन मानकों के प्रावधानों के अनुरूप पूर्वव्यापी रूप में केवल भौतिक वस्तुओं पर किया जाता है।

42 सेगमेंट रिपोर्टिंग

(क) प्रचालन सेगमेंट

कंपनी एकल सेगमेंट में अर्थात् लक्षित समूहों के लिए आय अर्जित करने वाली परियोजना के परोक्ष वित्त पोषण के व्यवसाय में लगी हुई है जहां से यह अपनी आय अर्जित कर रही है और व्यय कर रही है। एकल भाग के प्रचालन के परिणामों की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है तथा अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक द्वारा निष्पादन का आकलन किया जाता है, जिन्हें मुख्य प्रचालन निर्णयकर्ता (सीओडीएम) के रूप में माना जा सकता है। कंपनी के सभी संसाधन इस एकल भाग के लिए समर्पित हैं तथा इस भाग के लिए सभी अलग वित्तीय सूचना उपलब्ध है।

(ख) भौगोलिक सूचना

चूंकि कंपनी की गतिविधियां / प्रचालन देश के अंदर हैं और इसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की प्रकृति को देखते हुए जोखिम और प्रतिफल

43 पिछले वर्ष के आंकड़ों को चालू वर्ष की प्रस्तुति के अनुरूप करने के लिए और चालू वर्ष के वित्तीय विवरणों से तुलना कर पाने के लिए पुन: एकीकृत किया गया है।

44 कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III में संशोधन के अनुसार प्रकटीकरण:

एमसीए ने 23 मार्च 2021 की अधिसूचना के तहत कुछ प्रकटीकरणों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III में संशोधन किया है जो 01 अप्रैल, 2021 से लागू हैं। कंपनी ने वित्तीय विवरणों में उक्त संशोधन के अनुसार परिवर्तनों को शामिल किया है और उक्त संशोधन के अनुपालन में नीचे खुलासे किए गए हैं :

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेसं एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एनएसएफडीसी)

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

(i) इस अवधि के दौरान कंपनी का कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 या कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 के अंतर्गत बंद की गई कंपनियों के साथ कोई लेन-देन नहीं है।

(ii) कंपनी ने इस अवधि के दौरान क्रिप्टो करेंसी या वर्चुअल करेंसी में कारोबार या निवेश नहीं किया है।

(iii) कंपनी के पास कोई बेनामी संपत्ति नहीं है, जहां कोई भी बेनामी संपत्ति रखने के लिए कंपनी के खिलाफ कोई कार्यवाही शुरू की गई है या लंबित है।

(iv) कंपनी के पास कोई शुल्क या संतुष्टि नहीं है जो अभी तक वैधानिक अवधि से परे आरओसी के साथ पंजीकृत होना बाकी है,

(v) कंपनी ने विदेशी संस्थाओं (मध्यस्थों) सहित किसी अन्य व्यक्ति(यों) या संस्था(ओं) को इस समझ के साथ अग्रिम, ऋण या निवेश नहीं किया है कि मध्यस्थ :

(क) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कंपनी (अंतिम लाभार्थी) द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरीके से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में उधार या निवेश करें या

(ख) असल लाभार्थियों को या उनकी ओर से कोई गारंटी, प्रतिभूति या पसंद प्रदान करें

(vi) कंपनी को विदेशी संस्थाओं (फंडिंग पार्टी) सहित किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) या संस्था (यों) से इस समझ के साथ (चाहे लिखित रूप में दर्ज किया गया हो या अन्यथा) कोई फंड प्राप्त नहीं हुआ है कि कंपनी:

(क) फंडिंग पार्टी (अंतिम लाभार्थी) द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरीके से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उधार या निवेश करें या

(ख) अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या पसंद प्रदान करें,

(vii) कंपनी के पास ऐसा कोई लेन-देन नहीं है जो बही खातों में दर्ज न हो, जिसे बाद में आयकर अधिनियम, 1961 के तहत चल रहे कर निर्धारण (जैसे, तलाशी या सर्वेक्षण या आयकर अधिनियम, 1961 के किसी अन्य प्रासंगिक प्रावधान) के भाग के रूप में वर्ष के दौरान आय के रूप में समर्पित या प्रकट किया गया हो।

(viii) कंपनी को किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान या सरकार या किसी सरकारी प्राधिकरण द्वारा जानबूझकर चूककर्ता घोषित नहीं किया गया है।

(ix) कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निर्धारित परतों की संख्या का अनुपालन किया है।

(x) कंपनी को बैंक के पास चालू परिसंपत्तियों का विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक नहीं है, इसलिए कंपनी द्वारा बैंक के पास दाखिल विवरण और खाता बहियों का मिलान लागू नहीं होता है।

(xi) कंपनी का ऐसा कोई लेन-देन नहीं है, जिसमें कंपनी ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिए गए उधार का उपयोग उस विशिष्ट उद्देश्य के लिए न किया हो, जिसके लिए उसे तुलन-पत्र की तिथि पर लिया गया था।

(xii) कंपनी ने वित्तीय वर्ष के दौरान व्यवस्था की किसी भी योजना में प्रवेश नहीं किया है।

(xiii) लेखा अनुपात का प्रकटीकरण निम्नलिखित है:

विवरण	अंश (न्यूमिरेटर)	भाजक (डिनोमिनेटर)	31 मार्च, 2024	31 मार्च, 2023	% परिवर्तन	25% से अधिक परिवर्तन का कारण
वर्तमान अनुपात	चालू परिसंपत्तियाँ	वर्तमान देयताएँ	14.18	5.29	167.84%	विविध ऋणदाताओं में कमी के कारण
ऋण-इक्विटी अनुपात	कुल ऋण	शेयरधारक की इक्विटी	0.01	-	1.09%	लागू नहीं
ऋण सेवा कवरेज अनुपात	ऋण सेवा के लिए आय = करों के बाद शुद्ध लाभ + गैर-नकद परिचालन व्यय	ऋण सेवा = ब्याज और लीज़ भुगतान + मूलधन चुकौती			लागू नहीं	
इक्विटी अनुपात पर आय	करों के बाद शुद्ध लाभ - वरीयता लाभांश	औसत शेयरधारक की इक्विटी		0.02	-4.02%	लागू नहीं
इन्वेंट्री टर्नओवर अनुपात	बेची गई वस्तुओं की लागत	औसत इन्वेंट्री			लागू नहीं	
व्यापार प्राप्य टर्नओवर अनुपात	शुद्ध क्रेडिट बिक्री = सकल क्रेडिट बिक्री - बिक्री रिटर्न	औसत व्यापार प्राप्य			लागू नहीं	
व्यापार देय टर्नओवर अनुपात	शुद्ध क्रेडिट खरीद = सकल क्रेडिट खरीद - खरीद रिटर्न	औसत व्यापार देय			लागू नहीं	
शुद्ध पूंजी टर्नओवर अनुपात	शुद्ध बिक्री = कुल बिक्री - बिक्री रिटर्न	कार्यशील पूंजी = वर्तमान परिसंपत्तियाँ - वर्तमान देयताएँ	0.06	0.06	5.52%	लागू नहीं
शुद्ध लाभ अनुपात	शुद्ध लाभ	शुद्ध बिक्री = कुल बिक्री - बिक्री रिटर्न	0.69	0.75	-8.91%	लागू नहीं
नियोजित पूंजी पर आय	ब्याज और करों से पहले की आय	नियोजित पूंजी = मूर्त शुद्ध मूल्य + कुल ऋण + आस्थगित कर	0.02	0.02	-2.76%	लागू नहीं
निवेश पर आय*	ब्याज (वित्त आय)	निवेश	0.05	0.02	93.99%	निवेश आय में वृद्धि और निवेश में कमी के कारण

* आरओआई वार्षिक नहीं है

45 **वित्तीय विवरण की स्वीकृति**

वित्तीय विवरणों को निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 22-07-2024 को जारी करने के लिए अनुमोदित किया गया।

हमारी समतिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते मैसर्स दविन्द्र पाल सिंह एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएन : 007601N

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह.
(मंजीत सिंह छतवाल)
उप-महाप्रबंधक (वित्त)

ह.
(राजेश बिहारी)
मुख्य महाप्रबंधक (वित्त)

ह.
(अन्नु भोगल)
कंपनी सचिव

सी.ए. दविन्द्र पाल सिंह
भागीदार
सदस्यता सं. 086596

ह.
मशर वेलापुरथ
निदेशक

ह.
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन- 09056584

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22-07-2024

परिशिष्ट-क

दविन्दर पाल सिंह एंड कं.
सनदी लेखाकार

बी.ओ. : 524-एल मॉडल टाउन
बावा बेकरी के सामने, लुधियाना
मोबाइल नंबर 8360054645
फोन नंबर 0161-2310756
ई-मेल: dpsinghca@yahoo.com

एच.ओ. : हाउस नं.933,
एचआईजी इंडिपेंडेंट सेक्टर 70,
मोहाली जिला एसएएस नगर, पंजाब
मोबाइल नं.9814025756
ई-मेल: cadavinderpal@gmail.com

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
के सदस्यगणों को

भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

योग्य राय

हमने **नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (कंपनी')** के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है जिसमें दिनांक 31 मार्च, 2024 के तुलन-पत्र, उसी तारीख को समाप्त होने वाले वर्ष के लाभ और हानि का विवरण और उस समाप्त वर्ष के लिए ईक्विटी में परिवर्तन का विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश और अन्य विवरणात्मक सूचना सहित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी शामिल हैं।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, **हमारी योग्य राय पैरा और विषय का प्रभाव पैरा में वर्णित मामले के संभावित प्रभाव को छोड़कर** उक्त वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अनुसार आवश्यक सूचना को अपेक्षित रूप से दर्शाते हैं और कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, यथासंशोधित (इंड एएस) के साथ पठित अधिनियम की धारा-133 के अधीन तथा दिनांक 31 मार्च, 2023 को कंपनी के मामलों का निर्धारित भारतीय लेखा मानक तथा भारत में स्वीकृत अन्य सामान्य लेखा सिद्धांतों के अनुपालन में उसी दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए उसके लाभ और कुल व्यापक आय और ईक्विटी में परिवर्तन का सही और उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं।

योग्य राय का आधार

1. कंपनी राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों एवं चैनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को वित्तीय एवं अन्य सहायता प्रदान कर रही है। ऋण नीति के अनुसार, नए संवितरण के मामले में यह आवश्यक है कि संवितरण की तारीख से 120 दिन के अंदर एससीए एवं सीए द्वारा उपयोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा, समग्र संवितरण के मामले में सभी राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों एवं चैनलाइजिंग एजेंसियों से तिमाही आधार पर उपयोग प्रमाण-पत्र प्राप्त करने होते हैं। तथापि, अनेक मामलों में निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद उपयोग प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुए जिसके कारण:

   दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, रु.78,721.72 लाख का ऋण बकाया है जिसका कोई उपयोग प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं। **(कृपया टिप्पणी सं.38.2 का संदर्भ लें)।**

हम अपेक्षित सूचना के अभाव में उपरोक्त दी गई राशि की गणना करने में असमर्थ हैं।

हमने अपनी लेखापरीक्षा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-143(10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा के मानकों (एसए) के अनुसार की है। उन मानकों के अंतर्गत, हमारे उत्तरदायित्वों को आगे हमारी रिपोर्ट के भारतीय लेखा मानकों के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक का दायित्व के भाग में वर्णित किया गया है। हम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा

जारी नैतिक संहिता और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों एवं उसके अंतर्गत नियमावलियों के अधीन भारतीय लेखा मानकों की वित्तीय विवरणिकाओं की हमारी लेखापरीक्षा से संबंधित नैतिक आवश्यकताओं के अनुसार स्वतंत्र कंपनी है, तथा हमने इन आवश्यकताओं और नैतिक संहिता के अनुसार अपने अन्य नैतिक दायित्वों को पूरा किया है। हमें विश्वास है कि हमें प्राप्त लेखापरीक्षा के साक्ष्य हमारी योग्य राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त व समुचित हैं।

विषय का प्रभाव

1. यह अवलोकन किया गया है कि अनेक एससीए ने पुनर्भुगतानों में चूक की है, जिसके परिणामस्वरूप तीन वर्षों के अधिक समयावधि में ब्याज सहित रु.66,75.01 की राशि अतिदेय हैं। यद्यपि इन ऋणों को राज्य सरकार द्वारा गारंटी प्रदान की गई है। **(टिप्पणी संख्या 38.1 देखें)**

2. **नोट 11.1** की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसमें लेखा नीति 2.11(i)(क) के अनुसार बीएससीडीसी से अतिदेय राशि के संबंध में रु.59.53 लाख का ब्याज दर्ज किया गया है। हालांकि, उसी राशि के अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान बनाने के कारण व्यय पर अधिक आय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। इसके अलावा, वर्ष के दौरान, बीएससीडीसी से कोई पुनर्भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। तदनुसार, 31.03.2024 तक बीएससीडीसी का संचयी प्रावधान रु.1,634.75 लाख है।

3. मणिपुर राज्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास सहकारी बैंक लिमिटेड (एमएसटीसीबी) के संबंध में **नोट 6.1 (ख) (ii) (अ)** की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है। मध्यस्थ ने एनएसएफडीसी के पक्ष में निर्णय पारित किया तथा एमएसटीसीबी को दावे का विवरण दाखिल करने की तिथि से लेकर प्रतिवादी द्वारा दावेदार (एनएसएफडीसी) को वास्तविक भुगतान की तिथि तक रु.1.53 करोड़ की राशि पर 9% ब्याज सहित भुगतान करने का निर्देश दिया। हालांकि, एससीए निर्धारित समय के भीतर निर्णय का सम्मान करने में विफल रहा है। निगम ने जिला न्यायाधीश, इंफाल, मणिपुर की अदालत में मध्यस्थता निष्पादन मामला दायर किया है। निगम ने भारतीय लेखा मानक 109 के अनुसार लेखा अवधि के दौरान ब्याज आय की मान्यता को स्थगित कर दिया है।

4. बिहार राज्य अनुसूचित जाति सहकारी विकास निगम (बीएससीडीसी) के संबंध में **नोट 6.1(ख)(ii)(आ)** की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है। मध्यस्थ ने 07.06.2023 को एनएसएफडीसी के पक्ष में निर्णय पारित किया है तथा बीएससीडीसी को रु.20.42 करोड़ की दावा राशि का निपटान करने का निर्देश दिया है तथा निपटान राशि का भुगतान करने के लिए सात महीने (यानी जनवरी, 2024 तक) का समय दिया है। ऐसा न करने पर निपटान राशि का भुगतान पुनर्भुगतान की तिथि तक 12% ब्याज के साथ किया जाना है। बीएससीडीसी ने निर्णय के विरुद्ध याचिका दायर की है तथा निगम ने सामान्य दर पर ब्याज को मान्यता दी है तथा उपरोक्त ब्याज आय के लिए खराब तथा संदिग्ध के लिए प्रावधान बनाया है।

5. हम ऋण एवं अग्रिम, ऋणदाता आदि के संबंध में शेष पुष्टि की व्यवस्था करने के लिए कंपनी के उत्तरदायित्व की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हैं। कुछ एससीए, पीएसबी/आरआरबी, एनबीएफसी - एमएफआई और ऋणदाता के मामले में शेष की पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। इंड एएस के वित्तीय विवरणों पर इसका प्रभाव, यदि कोई है, अनिश्चित है।

6. **टिप्पणी सं.17.2** की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है। कंपनी के पास सरकारी अनुदानों के लिए रु.3545.63 लाख तथा अप्रयुक्त अनुदान देयता के लिए अन्य पीएसयू से अनुदान के लिए रु.764.67 लाख का अंत शेष है जिसे वित्तीय विवरणों में **'अन्य वित्तीय देयता'** के रूप में दर्शाया जाता है।

7. **नोट 36.3** दिनांक 31.03.2024 को सीएसआर की अव्ययित राशि पर ध्यान आकर्षित किया जाता है कंपनी ने 2023-24 के अव्ययित सीएसआर फंड की राशि रु.4320.00 लाख अलग बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी। हालांकि, समय सीमा (यानी 30 अप्रैल, 2023) के भीतर कम गणना के कारण रू.0.56 लाख की राशि पीएम केयर्स फंड में स्थानांतरित कर दी गई है।

8. एनएससीएफडीसी की ऋण नीति में चुकौती की निर्धारित/सहमत तिथि के बाद देयों के चूक भुगतान पर नकद हानि (ब्याज सहित मूलधन) के लिए देय राशि पर लागू सामान्य ब्याज दर से प्रतिवर्ष 2% की दर से अधिक का प्रावधान है। चूक भुगतानों पर नकद हानि (एलडीडीपी) को इसकी संग्रहणीयता की अनिश्चितता के कारण प्राप्ति पर मान्यता प्राप्त है।

हालांकि, यह देखा गया है कि एलडीडीपी के लिए एससीए को नियमित रूप से मांग जारी की गई है।

हमारी राय इन मामलों के संबंध में योग्य/संशोधित नहीं है।

वित्तीय विवरणों और उसके साथ संलग्न लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अलावा जानकारी

कंपनी के निदेशक मंडल अन्य जानकारियाँ तैयार करने के लिए उत्तरदायी हैं। अन्य जानकारियों में वार्षिक रिपोर्ट के अनुलग्नक सहित निदेशक मंडल की रिपोर्ट में सम्मिलित जानकारी शामिल है लेकिन वित्तीय विवरणों और उस पर लेखापरीक्षकों की हमारी रिपोर्ट शामिल नहीं है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी को शामिल नहीं करती है और हम उस पर आश्वासनात्मक निष्कर्ष के किसी भी रूप को व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में हमारा उत्तरदायित्व, अन्य जानकारी को पढ़ना और, ऐसा करने में विचार करें क्या वित्तीय विवरणों की अन्य जानकारी भौतिक रूप से असंगत तो नहीं है अथवा हमारी लेखापरीक्षा के दौरान प्राप्त हमारे ज्ञान अथवा अन्यथा वस्तुत: गलत प्रतीत तो नहीं होते हैं।

यदि हमारे निष्पादित कार्यों के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि अन्य जानकारी की सामग्री मिथ्या वर्णन है, हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है। इस संबंध में हमारे पास रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है।

प्रबंध समिति का उत्तरदायित्व और वित्तीय विवरणों के नियमन (गवर्नेंस) करने वालों के दायित्व

इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के लिए कंपनी का निदेशक मंडल उत्तरदायी है, जो कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम-7 के साथ पठित लेखा मानकों और कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 के साथ पठित और भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत किए गए लेखा सिद्धांतों के साथ पठित भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) की धारा-133 के अधीन विनिर्धारित के अनुसार कंपनी वित्तीय कार्य-निष्पादन, कंपनी की इक्विटी और इक्विटी में परिवर्तनों का विवरण तथा नकद प्रवाहों सहित वित्तीय स्थितियों का सही और उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। इस उत्तरदायित्व में अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त लेखा रिकार्डों का अनुरक्षण, कंपनी की परिसंपत्तियों के सुरक्षार्थ तथा छल-कपट और अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं पकड़ने के लिए, उपयुक्त लेखा नीतियों के चयन व प्रायोज्यता, उपयुक्त और विवेकी निर्णय एवं अनुमान लगाना तथा उपयुक्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हेतु डिजाइन करना, उनको कार्यान्वित और अनुरक्षण शामिल है। जोकि वित्तीय विवरणिकाओं की तैयारी और प्रस्तुति संबंधी लेखा रिकॉर्डों की शुद्धता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से प्रचलित थे जोकि सत्य व उचित दृष्टिकोण देते हैं और विवरण सामग्री मिथ्या वर्णन, धोखाधड़ी या त्रुटि से मुक्त हैं।

वित्तीय विवरणों की तैयारी में, कंपनी के कार्यशील बने रहने संबंधी आकलन के लिए, कार्यशील संस्था से जुड़े मामलों के, यथा लागू, प्रकटन और संस्था का लेखांकन कार्यशील संस्था के आधार पर करने के लिए कंपनी का निदेशक मंडल उत्तरदायी होगा जब तक कि निदेशक मंडल का इरादा परिसमापन करने या परिचालन बंद करने का न हो अथवा उसके पास ऐसा करने के अलावा कोई अन्य व्यवहार्य विकल्प नहीं हो।

निदेशक मंडल, कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के पर्यवेक्षण हेतु भी उत्तरदायी होंगे।

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संबंधी लेखापरीक्षक का दायित्व

हमारा उद्देश्य यथेष्ठ रूप से यह आश्वासन प्राप्त करना है कि भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण पूरी तरह से किसी प्रकार की गलतबयानी, चाहे वह धोखाधड़ी के इरादे से या त्रुटिवश हुई हो, से मुक्त हैं तथा इस बारे में लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट जारी करना है, जिसमें हमारी राय भी शामिल है। इस संबंध में यह यथेष्ट आश्वासन एक उच्च स्तरीय आश्वासन है, किंतु यह इस बात की गारंटी नहीं है कि लेखा मानकों के अनुसार की गई लेखापरीक्षा में हमेशा तात्विक गलतबयानी, यदि यह मौजूद हो, का पता चल ही जाएगा। गलतबयानी किसी प्रकार की धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकती है, और उसे तात्विक माना जाता है यदि

इससे एकल अथवा समग्र रूप से इन भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों को यथोचित रूप से प्रभावित करने की संभावना हो।

इस लेखा मानकों सहित लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरी लेखापरीक्षा में पेशेवर संशय को बनाए रखते हैं। इसके अलावा हम:

- भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों के संबंध में तात्विक गलतबयानी, भले ही वह धोखाधड़ी के इरादे से अथवा त्रुटिवश हुई हो, से उत्पन्न होने वाले जोखिमों की पहचान और मूल्यांकन करते हैं, इन जोखिमों के लिए प्रतिक्रियाशील लेखापरीक्षा प्रक्रिया बनाते और निष्पादित करते हैं और हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त एवं यथेष्ट लेखापरीक्षा साक्ष्य जुटाते हैं। धोखाधड़ी से उत्पन्न तात्विक गलतबयानी का पता न लगा पाने का जोखिम त्रुटिवश हुई गलतबयानी से उत्पन्न जोखिम से कहीं बड़ा है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, साभिप्राय चूक, मिथ्या प्रस्तुति अथवा आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकती है।

- लेखापरीक्षा के लिए संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को समझते हैं ताकि परिस्थितियों के अनुसार उचित लेखापरीक्षा प्रक्रिया तैयार की जा सके। अधिनियम की धारा-143(3)(i) के अंतर्गत हम कंपनी में उपयुक्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और ऐसे नियंत्रण की सक्रिय प्रभावकारिता पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायी है।

- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों के औचित्य और लेखांकन अनुमानों की यथेष्ठता तथा प्रबंधतंत्र द्वारा किए गए संबंधित प्रकटीकरणों का मूल्यांकन करते हैं।

- प्रबंधतंत्र द्वारा कार्यशील संस्था के आधार पर लेखांकन के औचित्य और प्राप्त लेखापरीक्षा के साक्ष्यों के आधार पर घटनाओं अथवा स्थितियों के संबंध में यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कहीं कोई ऐसी तात्विक अनिश्चितता तो मौजूद नहीं है जो कंपनी की इस क्षमता के बारे में अत्यधिक संदेह पैदा करती हो कि यह कार्यशील संस्था बनी रहेगी। यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि तात्विक अनिश्चितता मौजूद है, तो हमसे अपेक्षित है कि हम वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटीकरणों के बारे में अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में इस ओर ध्यान आकर्षित करें, अथवा, ऐसे प्रकटीकरणों के अपर्याप्त होने पर हम अपनी राय में संशोधन करें। हमारे निष्कर्ष उन्हीं लेखापरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित होते हैं जो लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए हों। हालांकि भावी घटनाएं अथवा स्थितियां ऐसी भी हो सकती हैं जिनसे कंपनी कार्यशील कंपनी के रूप में अपनी निरंतरता बनाए न रख सके।

- प्रकटीकरण सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करना और क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेन-देन और घटनाओं को इस तरह से दर्शाते हैं जिससे कि निष्पक्ष प्रस्तुति हो सके।

हम अन्य मामलों के साथ शासन(गवर्नेंस) के प्रभारियों के साथ अपनी लेखापरीक्षा के दौरान पाई गई आंतरिक नियंत्रण की महत्वपूर्ण कमियों सहित लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे, समयबद्धता और लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों के बारे में सूचित करते हैं।

हम शासन (गवर्नेंस) के प्रभारियों को उन विवरणों को उपलब्ध कराते हैं जिनका हमने संबंधी प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के साथ अनुपालन किया है और उन सभी संबंधों एवं अन्य मामलों, जिन्हें हमारी स्वतंत्रता अनुकूल उचित माना जा सकता है, और जहां लागू हो संबंधित सुरक्षा उपाय, के बारे में संवाद करते हैं।

अन्य विधिक और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. भारत सरकार द्वारा जारी किए गए कंपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 (“आदेश”) में अपेक्षित अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-143 की उप धारा (11) के अनुसार कंपनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश, 2020 (‘आदेश’) के कंपनी पर लागू नहीं होता। अत: आदेश के पैराग्राफ 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामलों पर अनुलग्नक नहीं दिया गया है।

2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-143(5) के अंतर्गत जारी किए गए निर्देशों के जरिए भारत के नियंत्रक एवं

महालेखापरीक्षक द्वारा यथापेक्षित, प्रबंधन से प्राप्त लिखित प्रतिवेदनों के आधार पर हम संलग्न ''**अनुलग्नक क**'' में विनिर्दिष्ट मामलों पर अपनी रिपोर्ट देते हैं।

3. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-143 (3) की अपेक्षा के अनुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि :

(क) योग्य राय तथा अन्य मामले का प्रभाव के पैरा में वर्णित मामले को छोड़कर, हमने वे सभी सूचना एवं स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक थे।

(ख) उपर्युक्त योग्य राय तथा अन्य मामले का प्रभाव के पैरा में वर्णित मामले के संभावित प्रभाव को छोड़कर, जहां तक उन बहियों की हमारी परीक्षा से प्रतीत होता है, हमारी राय में कंपनी ने वे सभी समुचित लेखा बहियाँ रखीं हैं जो नियमानुसार आवश्यक है।

(ग) उपर्युक्त योग्य राय तथा अन्य मामले का प्रभाव के पैरा में वर्णित मामले के संभावित प्रभाव को छोड़कर, इस रिपोर्ट में वर्णित तुलन-पत्र, आय और व्यय विवरण तथा इक्विटी में परिवर्तन का विवरण लेखा बहियों का अनुपालन करते है;

(घ) उपर्युक्त योग्य राय तथा अन्य मामले का प्रभाव पैरा में वर्णित मामले के संभावित प्रभाव को छोड़कर, उक्त भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 और संशोधित कंपनी नियम (भारतीय लेखा मानक), 2015 के साथ पठित भारतीय लेखा मानक अधिनियम की धारा-133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों का अनुपालन करते हैं;

(ङ) कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई दिनांक 05 जून, 2015 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 463(ङ) के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-164 की उप-धारा (2) सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होती;

(च) हमारी राय में, उपर्युक्त योग्य राय के पैरा में वर्णित मामले से कंपनी के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है;

(छ) योग्यता और अन्य पर्यवेक्षण के अनुसार खातों के रखरखाव और इसके साथ जुड़े अन्य मामले से संबंधित उपर्युक्त योग्य राय तथा अन्य मामले का प्रभाव पैरा अनुसार है;

(ज) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता के संबंध में, इस रिपोर्ट का ''**अनुलग्नक ख**'' देखें;

(झ) अधिनियम की धारा 197(16), यथा संशोधित, की आवश्यकता अनुसार लेखापरीक्षा की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले मामलों के संबंध में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 463(ई) के अनुसार रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं है।

(ञ) कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2016 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में हमारी राय और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार:

(i) कंपनी ने अपने भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणिकाओं में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकद्दमों के प्रभाव को प्रकट किया है।

(ii) कंपनी का व्युत्पत्तिक अनुबंधों सहित कोई भी दीर्घावधि अनुबंध नहीं है जिसके लिए किसी भी तरह की सामग्री पूर्वानुमान योग्य हानि थी;

(iii) ऐसी कोई राशि नहीं थी जहाँ कंपनी द्वारा राशि को निवेशकों की शिक्षा और संरक्षण कोष में अंतरित किए जाना आवश्यक थे।

(iv) (क) प्रबंधन ने प्रतिनिधित्व किया है कि, उसके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियों में बताए गए के अलावा, कंपनी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति (यों) या संस्था (संस्थाओं) को, जिसमें विदेशी संस्थाएं ("मध्यस्थ") शामिल हैं, कोई भी निधि अग्रिम, ऋण या निवेश (या तो उधार ली गई निधि से या शेयर प्रीमियम से या किसी अन्य स्रोत या निधि के प्रकार से) नहीं दी गई है, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में दर्ज हो या अन्यथा, कि मध्यस्थ, कंपनी द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं ("अंतिम लाभार्थी") को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उधार देगा या निवेश करेगा या अंतिम लाभार्थियों की ओर से या उनके लिए कोई गारंटी, सुरक्षा या इस तरह की कोई चीज प्रदान करेगा;

(ख) प्रबंधन ने यह दर्शाया है कि, उसके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियों में प्रकट किए गए विवरण के अलावा, कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति या संस्था (संस्थाओं) से, जिसमें विदेशी संस्थाएं ("वित्तपोषण पक्ष") शामिल हैं, कोई निधि प्राप्त नहीं की गई है, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में दर्ज की गई हो या अन्यथा, कि कंपनी, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, वित्त पोषण पक्ष ("अंतिम लाभार्थी") द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं को उधार देगी या निवेश करेगी या अंतिम लाभार्थियों की ओर से या उनकी ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इस तरह की कोई चीज प्रदान करेगी; तथा

(ग) परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त मानी जाने वाली ऐसी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है जिससे हमें विश्वास हो कि उप-खंड (iv)(ए) और (iv)(बी) के तहत प्रस्तुत अभ्यावेदन में कोई भी भौतिक गलत बयान शामिल है;

(v) कंपनी ने वर्ष के दौरान न तो लाभांश घोषित किया है और न ही भुगतान किया है;

(vi) कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अपने खातों की पुस्तकों को बनाए रखने के लिए टैली ईआरपी अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग किया है, जिसमें ऑडिट ट्रेल (एडिट लॉग) सुविधा रिकॉर्ड करने की सुविधा है; मानक कार्यक्षमता प्रदान करना और सिस्टम में सभी बदले हुए डेटा को लॉग इन करना, टैली ईआरपी में यह कार्यक्षमता और ऑडिट ट्रेल सुविधा निगम में एप्लिकेशन के माध्यम से दर्ज किए गए सभी प्रासंगिक लेनदेन के लिए पूरे वर्ष चालू रही है।

कृते दविन्दर पाल सिंह एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 007601एन

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22.07.2024

ह.
दविन्दर पाल सिंह (एफसीए)
सदस्यता सं. 086596
यूडीआईएन 24086596 बीकेसीइएसजी 7147

अनुलग्नक-क

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के एकल भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर समसंख्यक तारीख को स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

दिनांक 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए मैसर्स नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-143(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों के हमारे उत्तर निम्नांकित हैं:

1	क्या कंपनी के पास आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेन-देन को प्रक्रमित करने के लिए प्रणाली है? यदि हां, वित्तीय निहितार्थ सहित लेखा की सत्यनिष्ठा पर आईटी प्रणाली से बाहर लेखांकन लेन-देन के प्रक्रमण के निहितार्थ, यदि कोई है, का उल्लेख करें।	कंपनी का वित्तीय लेखांकन टैली ईआरपी सॉफ्टवेअर पर किया जाता है। तथापि, कंपनी का ऋण लेखांकन मैनुअल लेजर पर किया जाता है। जैसा कि प्रबंध समिति ने स्पष्ट किया है कि मैनुअल लेजर को टैली ईआरपी सॉफ्टवेअर के साथ सामंजस्य (मिलान) किया जाता है। जैसा कि हमें स्पष्ट किया गया है। ऋण लेखांकन का आईटी प्रणाली रहित प्रक्रमण से लेखा की प्रामाणिकता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता और अतएव इसका कोई वित्तीय निहितार्थ नहीं है।
2	क्या ऋण के पुनर्भुगतान में कंपनी की असमर्थता के कारण कंपनी को ऋणदाता द्वारा दिए गए कर्ज/ऋण/ब्याज आदि के मौजूदा ऋण या माफी/बट्टे-खाते में डालने को पुनर्गठित किया जा रहा है? यदि हां, तो इसके वित्तीय प्रभाव का उल्लेख करें।	लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, ऋणों के पुनर्भुगतान में कंपनी की असमर्थता के कारण कंपनी को ऋणदाता द्वारा दिए गए कर्ज/ऋण/ब्याज आदि के किसी मौजूदा ऋणों या माफी/बट्टे-खाते में डालने को पुनर्गठित नहीं किया गया।
3	क्या केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य निधि का समुचित हिसाब/इसके नियम और शर्तों के अनुसार उपयोग किया गया? व्यतिक्रम मामलों को सूचित करें।	उपर्युक्त योग्य राय का आधार तथा मामले का प्रभाव पैरा में वर्णित मामले के संभावित प्रभाव को छोड़कर, केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य निधि (अनुदान आर्थिक सहायता इत्यादि) का समुचित हिसाब/उपयोग रखा/किया जाता है।

कृते दविन्दर पाल सिंह एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 007601एन

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22.07.2024

ह.
दविन्दर पाल सिंह (एफसीए)
सदस्यता सं. 086596
यूडीआईएन 24086596 बीकेसीइएसजी 7147

अनुलग्नक-ख

"अनुलग्नक–बी"

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के एकल वित्तीय विवरणों पर समसंख्यक तारीख को स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा-143 की उप-धारा 3 के खंड(i) के अधीन वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रिपोर्ट

हमने **नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन** ('कंपनी') के दिनांक 31 मार्च, 2023 तक के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा के साथ, उसी तारीख को समाप्त होने वाले वर्ष को कंपनी के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंध समिति का उत्तरदायित्व

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षण के दिशानिर्देश टिप्पणी में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक तत्वों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को स्थापित करने और अनुरक्षण के लिए कंपनी का प्रबंधन उत्तरदायी है। इस उत्तरदायित्व में अभिकल्प, पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का कार्यान्वयन व अनुरक्षण शामिल है। कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षानुसार, ये वित्तीय नियंत्रण, व्यवसाय को व्यवस्थित और सक्षम ढंग से चलाने में (इसमें कंपनी नीति का अनुसरण करना शामिल है), इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और गलतियों से बचाव और पता लगाना, लेखा रिकार्ड की शुद्धता और पूर्णता एवं विश्वसनीय वित्तीय सूचना की समय से तैयारी शामिल है।

लेखापरीक्षक का दायित्व

हमारा उत्तरदायित्व अपनी लेखापरीक्षा पर आधारित वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर अपनी राय देना है। हमने अपनी लेखापरीक्षा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-143(10) के अंतर्गत विहित और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखापरीक्षा के मानकों और वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षा दिशानिर्देश टिप्पणी (“दिशानिर्देश टिप्पणी”) के अनुसार की है। यह आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा की सीमा तक लागू है। ये दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर लागू है तथा दोनों भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी हैं। इन मानकों और दिशानिर्देश टिप्पणी की अपेक्षा है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का पालन करें और उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए कि क्या वित्तीय प्रतिवेदन के ऊपर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और कायम थे और क्या ऐसे नियंत्रणों ने सभी भौतिक मामलों में प्रभावी ढंग से कार्य किया, के लिए योजना बनाएं और लेखापरीक्षा करें।

हमारी लेखापरीक्षा में परीक्षण आधारित जाँच राशि के आशय और वित्तीय प्रतिवेदन पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और उनकी प्रचालन प्रभाविकता शामिल है। हमारी वित्तीय प्रतिवेदन की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षा में वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को समझना, भौतिक कमजोरी के जोखिम का मूल्यांकन और मूल्यांकित जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण की परख तथा डिजाइन और प्रचालन प्रभाविता प्राप्त करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर आधारित है। इसमें वित्तीय विवरणों के भौतिक मिथ्या विवरण, जोखिम का मूल्यांकन चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हुआ हो, भी शामिल है।

हमें विश्वास है कि हमें प्राप्त लेखापरीक्षा के साक्ष्य पर्याप्त हैं और कंपनी के वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर हमारे लेखापरीक्षा विचार के आधार के लिए उचित हैं।

वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण से तात्पर्य

किसी कंपनी की वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, वित्तीय प्रतिवेदन की विश्वसनीयता के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई प्रक्रिया है और सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार बाह्य उद्देश्यों के लिए भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण तैयार करना है। कंपनी के वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में निम्नलिखित नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल है:

(1) उन अभिलेखों के अनुरक्षण से संबंधित हैं, जो कंपनी की परिसंपत्तियों के लेन-देन और निपटान को उचित विवरण में, शुद्ध और निष्पक्ष ढंग से दर्शाते हैं;

(2) उचित आश्वासन प्रदान करना कि लेन-देन का आवश्यकतानुसार रिकार्ड हो रहा है ताकि सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरूप भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों को तैयार करने की अनुमति दी जा सके, और कंपनी की प्राप्तियाँ और व्ययों को केवल कंपनी की प्रबंध समिति और निदेशकों के प्राधिकार के अनुरूप किया जा रहा है; और

(3) कंपनी की परिसंपत्तियों का, बचाव अथवा समय अनधिकृत अधिग्रहण का पता लगाना, इस्तेमाल, अथवा निपटान संबंधी उचित आश्वासन प्रदान करना कि उनका भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सके।

वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमा

वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमा के कारण (इसमें मिलीभगत की संभावना या नियंत्रण को प्रभावी करने वाला अनुपयुक्त प्रबंधन, धोखा या त्रुटि के कारण भौतिक मिथ्या विवरण शामिल) हो सकता है तथा इसका पता भी नहीं लगाया जा सकेगा। इसके अलावा, भविष्य के लिए वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन के प्रेक्षपण में यह खतरा है कि परिस्थितियों में बदलाव के कारण वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण कहीं अपर्याप्त न हो जाए या नीतियों के साथ अनुपालन की मात्रा या पद्धतियों में कमी आ सकती है।

राय

हमारी राय में, नीचे खंड 1 से 3 में उल्लिखित मामलों को छोड़कर, कंपनी के पास सभी भौतिक मामलों में, वित्तीय प्रतिवेदन पर पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण लेखापरीक्षा दिशानिर्देश टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के आवश्यक तत्वों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर, दिनांक 31 मार्च, 2023 तक ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, वित्तीय प्रतिवेदन पर प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे।

1. कंपनी के आकार और इसके प्रचालनों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए एससीए और सीए को संस्वीकृत एवं वितरित निधियों के अंतिम प्रयोग का सत्यापन करने के लिए प्रबंधन द्वारा अभिकल्पित आंतरिक नियंत्रण एवं प्रणालियां तर्कसंगत रूप से पर्याप्त नहीं हैं। प्रबंधन से कंपनी के आकार और इसके प्रचालनों की प्रकृति के अनुपात में प्रक्रियाओं को अद्यतन करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा, प्रबंधन द्वारा हमें सूचित किया गया है कि पात्र लाभार्थियों को निधियाँ जारी करने के लिए केवल एससीए जिम्मेदार हैं। कंपनी को ऐसी कोई लेखापरीक्षा प्रणाली तैयार करनी चाहिए जिसके माध्यम से सुनिश्चित किया जा सके कि पात्र लाभार्थियों को समुचित रूप से निधियों का संवितरण किया जा रहा है।

2. कंपनी, राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों और चैनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से अनुसूचित जातियों से संबंधित लाभार्थियों को वित्तीय एवं अन्य सहायता उपलब्ध करा रही है। तथापि, 31 मार्च, 2023 को रु.58,854.88 लाख के उपयोगिता प्रमाणपत्र लंबित हैं। यथाशीघ्र उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को सुदृढ़ बनाया जाना चाहिए।

3. हमारी योग्य राय के खंड 1 में और अन्य मामले के खंड 2 और खंड 6 में संदर्भित मामले आंतरिक नियंत्रण वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली में कमी के हैं। इस संबंध में कंपनी को आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की निगरानी और उसे सुदृढ़ करना चाहिए।

कृते दविन्दर पाल सिंह एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 007601एन

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22.07.2024

ह.
दविन्दर पाल सिंह (एफसीए)
सदस्यता सं. 086596
यूडीआईएन 24086596 बीकेसीइएसजी 7147

परिशिष्ट-क

दविन्दर पाल सिंह एंड कं.
सनदी लेखाकार

बी.ओ. : 524-एल मॉडल टाउन
बावा बेकरी के सामने, लुधियाना
मोबाइल नंबर 8360054645
फोन नंबर 0161-2310756
ई-मेल: dpsinghca@yahoo.com

एच.ओ. : हाउस नं.933,
एचआईजी इंडिपेंडेंट सेक्टर 70,
मोहाली जिला एसएएस नगर, पंजाब
मोबाइल नं.9814025756
ई-मेल: cadavinderpal@gmail.com

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
के सदस्यगणों को

भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

योग्य राय

हमने **नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (‘कंपनी’)** के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है जिसमें दिनांक 31 मार्च, 2024 के तुलन-पत्र, उसी तारीख को समाप्त होने वाले वर्ष के लाभ और हानि का विवरण और उस समाप्त वर्ष के लिए ईक्विटी में परिवर्तन का विवरण तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश और अन्य विवरणात्मक सूचना सहित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी शामिल हैं।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, **हमारी योग्य राय पैरा और विषय का प्रभाव पैरा में वर्णित मामले के संभावित प्रभाव को छोड़कर** उक्त वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 (‘अधिनियम’) के अनुसार आवश्यक सूचना को अपेक्षित रूप से दर्शाते हैं और कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, यथासंशोधित (‘इंड एएस’) के साथ पठित अधिनियम की धारा-133 के अधीन तथा दिनांक 31 मार्च, 2024 को कंपनी के मामलों का निर्धारित भारतीय लेखा मानक तथा भारत में स्वीकृत अन्य सामान्य लेखा सिद्धांतों के अनुपालन में उसी दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए उसके लाभ और कुल व्यापक आय और ईक्विटी में परिवर्तन का सही और उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं।

योग्य राय का आधार

1. कंपनी राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों एवं चैनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को वित्तीय एवं अन्य सहायता प्रदान कर रही है। ऋण नीति के अनुसार, नए संवितरण के मामले में यह आवश्यक है कि संवितरण की तारीख से 120 दिन के अंदर एससीए एवं सीए द्वारा उपयोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा, समग्र संवितरण के मामले में सभी राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों एवं चैनलाइजिंग एजेंसियों से तिमाही आधार पर उपयोग प्रमाण-पत्र प्राप्त करने होते हैं। तथापि, अनेक मामलों में निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद उपयोग प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुए जिसके कारण:

   दिनांक 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, रु.78,721.72 लाख का ऋण बकाया है जिसका कोई उपयोग प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं। **(कृपया टिप्पणी सं.38.2 का संदर्भ लें)।**

हम अपेक्षित सूचना के अभाव में उपरोक्त दी गई राशि की गणना करने में असमर्थ हैं।

हमने अपनी लेखापरीक्षा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-143(10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा के मानकों (एसए) के अनुसार की है। उन मानकों के अंतर्गत, हमारे उत्तरदायित्वों को आगे हमारी रिपोर्ट के भारतीय लेखा मानकों के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए ‘लेखापरीक्षक का दायित्व’ के भाग में वर्णित किया गया है। हम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा

जारी नैतिक संहिता और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों एवं उसके अंतर्गत नियमावलियों के अधीन भारतीय लेखा मानकों की वित्तीय विवरणिकाओं की हमारी लेखापरीक्षा से संबंधित नैतिक आवश्यकताओं के अनुसार स्वतंत्र कंपनी है, तथा हमने इन आवश्यकताओं और नैतिक संहिता के अनुसार अपने अन्य नैतिक दायित्वों को पूरा किया है। हमें विश्वास है कि हमें प्राप्त लेखापरीक्षा के साक्ष्य हमारी योग्य राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त व समुचित हैं।

विषय का प्रभाव

1. यह अवलोकन किया गया है कि अनेक एससीए ने पुनर्भुगतानों में चूक की है, जिसके परिणामस्वरूप तीन वर्षों के अधिक समयावधि में ब्याज सहित रु.66,75.01 की राशि अतिदेय हैं। यद्यपि इन ऋणों को राज्य सरकार द्वारा गारंटी प्रदान की गई है। **(टिप्पणी संख्या 38.1 देखें)**

2. **नोट 11.1** की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसमें लेखा नीति 2.11(i)(क) के अनुसार बीएससीडीसी से अतिदेय राशि के संबंध में रु.59.53 लाख का ब्याज दर्ज किया गया है। हालांकि, उसी राशि के अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान बनाने के कारण व्यय पर अधिक आय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। इसके अलावा, वर्ष के दौरान, बीएससीडीसी से कोई पुनर्भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। तदनुसार, 31.03.2024 तक बीएससीडीसी का संचयी प्रावधान रु.1,634.75 लाख है।

3. मणिपुर राज्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास सहकारी बैंक लिमिटेड (एमएसटीसीबी) के संबंध में **नोट 6.1 (ख) (ii) (अ)** की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है। मध्यस्थ ने एनएसएफडीसी के पक्ष में निर्णय पारित किया तथा एमएसटीसीबी को दावे का विवरण दाखिल करने की तिथि से लेकर प्रतिवादी द्वारा दावेदार (एनएसएफडीसी) को वास्तविक भुगतान की तिथि तक रु.1.53 करोड़ की राशि पर 9% ब्याज सहित भुगतान करने का निर्देश दिया। हालांकि, एससीए निर्धारित समय के भीतर निर्णय का सम्मान करने में विफल रहा है। निगम ने जिला न्यायाधीश, इंफाल, मणिपुर की अदालत में मध्यस्थता निष्पादन मामला दायर किया है। निगम ने भारतीय लेखा मानक 109 के अनुसार लेखा अवधि के दौरान ब्याज आय की मान्यता को स्थगित कर दिया है।

